रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹77,930 10 ग्राम

₹91,080 01 किलो

सेंसेक्स 79,117.11 +1,961.32 | डॉलर 84.426 -0.066

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



मार्गशीर्ष कृष्णा पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, रविवार, 24 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 289, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 'भारत को जानिए' क्विज में जरूर...

## झारखंड विस चुनाव में आईएनडीआईए को मिला पूर्ण बहुमत

## मास्टर स्ट्रोक बनी 'मईयां सम्मान योजना'

# हेमंत सरकार जीत शानदार




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 में सभी 81 विधानसभा सीटों के नतीजे आ गए हैं। झाखंड मुक्ति मोर्चा के नतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबंधन (आईएनडीआईए) को बहुमत मिल गया है। अब हेमंत सोरेन की अगुवाई में गठबंधन की सरकार बननी तय है। आईएनडीआईए को 56 सीटों पर विजय मिली है, तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 24 सीटें मिली हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) 34 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 21 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है। हेमंत सरकार की शानदार जीत में 'मईयां सम्मान योजना' मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ। हेमंत सोरेन के वनाधिकार, जमीन की सुरक्षा और आदिवासी अधिकारों जैसे मुद्दों पर झारखंडवासियों ने विश्वास किया। इसी विश्वास का फल है कि हेमंत सोरेन सरकार की दोबारा वापसी हुई है और झारखंड में ऐसा पहली बार हुआ है। और यही कारण है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने चुनाव परिणाम के बाद अपने पहले संदेश में सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है कि 'झारखंड जीत गया है। ईडी की कार्रवाई के बाद जब हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा था, तो उनके प्रति विशेष रूप आदिवासी समाज की एक अलग भावनात्मक जुड़ाव हुआ। और, चुनाव में इसका फायदा भी उन्हें मिला। वैसे, इस चुनाव में कई दिग्गजों को हार का भी सामना करना पड़ा है। झामुमोनीत गठबंधन सरकार के चार मंत्री भी चुनाव हार गए हैं। इनमें गढ़वा से पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, लातेहार से शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम, डुमरी से बेबी देवी और जमशेदपुर पश्चिमी से बन्ना गुप्ता शामिल हैं। ज्ञात हो कि झारखंड विधानसभा की 81 सीटों पर दो चरणों में मतदान हुआ था। पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को और दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को हुआ था। दोनों ही चरणों में 66 फीसदी से अधिक वोटिंग हुई थी। **शेष पेज 11 पर**

### आदिवासियों के मुद्दों पर भी हेमंत की रही तेज नजर

झारखंड में लगभग एक तिहाई सीटों पर आदिवासी और ग्रामीण मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हेमंत व कल्पना सोरेन ने लगातार आदिवासियों और ग्रामीणों की समस्याओं पर बात की और उनके मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। उनकी लड़ाई लड़ते हुए नजर आईं। हेमंत व कल्पना ने वनाधिकार और आदिवासी अधिकारों जैसे मुद्दों पर लगातार उनको भरोसा दिलाया।

### भाजपा की रणनीति कामयाब नहीं हो पाई

भापजा वैसे तो चुनाव लड़ने में अव्वल पार्टी मानी जाती है और कार्यकर्ता आधारित पार्टी मानी जाती है, लेकिन झारखंड के विधानसभा चुनाव में इसकी चुनावी रणनीति में मजबूती की कमी नजर आई। भाजपा व संघ परिवार में सामूहिकता की कमी रही, तो चुनाव में अन्य राज्यों की नेताओं एवं पदाधिकारियों की भरमार रही।

## प्रमंडलवार स्थिति

**कोल्हान प्रमंडल (14 विस सीट)**

| गठबंधन | सीट जीते |
|---|---|
| झामुमो+ | 11 |
| भाजपा+ | 03 |
| अन्य | 00 |

**संथाल परगना प्रमंडल (18 विस सीट)**

| गठबंधन | सीट जीते |
|---|---|
| झामुमो+ | 17 |
| भाजपा+ | 01 |
| अन्य | 00 |

**उ.छोटानागपुर प्रमंडल (25 विस सीट)**

| गठबंधन | सीट जीते |
|---|---|
| झामुमो+ | 11 |
| भाजपा+ | 13 |
| अन्य | 01 |

**पलामू प्रमंडल (09 विस सीट)**

| गठबंधन | सीट जीते |
|---|---|
| झामुमो+ | 05 |
| भाजपा+ | 04 |
| अन्य | 00 |

**द.छोटानागपुर प्रमंडल (15 विस सीट)**

| गठबंधन | सीट जीते |
|---|---|
| झामुमो+ | 13 |
| भाजपा+ | 02 |
| अन्य | 00 |

**पार्टीवार चुनाव परिणाम**

| पार्टी | जीत |
|---|---|
| झामुमो | 34 |
| भाजपा | 21 |
| कांग्रेस | 16 |
| राजद | 04 |
| सीपीआई एमएल | 02 |
| आजसू पार्टी | 01 |
| लोजपा (आर) | 01 |
| जेएलकेएम | 01 |
| जदयू | 01 |

### महत्वपूर्ण चेहरे, जिन्हें हार का सामना करना पड़ा

बन्ना गुप्ता, बेबी देवी, मिथिलेश ठाकुर, बैद्यनाथ राम, मीरा मुंडा, विरंची नारायण, गोपाल कृष्ण पातर, सुदर्शन भगत, लंबोदर महतो, विनोद कुमार सिंह, सुदेश कुमार महतो।

### पीएम मोदी ने हेमंत सोरेन और गठबंधन को दी बधाई



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गठबंधन को झारखंड में विजय के लिए बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कहा, 'मैं झारखंड के लोगों को हमारे प्रति उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं राज्य में उनके प्रदर्शन के लिए झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को भी बधाई देता हूं।

### राज्य की जनता के जनादेश को मैं स्वीकार करता हूं



**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आईएनडीआईए की जीत पर कहा, मैं हेमंत सोरेन को जीत की बधाई देता हूं और झारखंड की जनता के जनादेश को स्वीकार करता हूं। चुनावी परिणाम अप्रत्याशित आए हैं, ऐसे में हम आने वाले **शेष पेज 11 पर**

### यह जीत संविधान और जल जंगल-जमीन की रक्षा की है



**झारखंड** विधानसभा चुनाव 2024 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया है। झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा **शेष पेज 11 पर**




विधानसभा चुनाव में जीत का श्रेय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिवार को दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर शनिवार को अपने बच्चों के साथ तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'मेरी शक्ति।'

## जीत के बाद हेमंत सोरेन ने जताया जनता का आभार

**रांची।** झारखंड में आईएनडीआईए की शानदार जीत के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने आवास पर मीडिया को संबोधित किया। सीएम के साथ कल्पना सोरेन, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलेश महतो, कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, सुप्रियो भट्टाचार्य और विनोद पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे। झारखंड में आईएनडीआईए की शानदार जीत के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। राज्य के मतदाताओं का आभार। लोकतंत्र के इस महापर्व को बहुत उत्साह से लोगों ने मनाया। **शेष पेज 11 पर**

## विधानसभा चुनाव 2024 : इन्होंने पहना जीत का ताज

| विस सीट | विजयी प्रत्याशी |
|---|---|
| 1. बरहेट | हेमंत सोरेन (झामुमो) |
| 2. कोडरमा | नीरा यादव (भाजपा) |
| 3. बरकट्ठा | अमित यादव (भाजपा) |
| 4. बरही | मनोज यादव (भाजपा) |
| 5. बड़कागांव | रोशन लाल चौधरी (भाजपा) |
| 6. हजारीबाग | प्रदीप प्रसाद (भाजपा) |
| 7. जमशेदपुर पश्चिम | सरयू राय (जदयू) |
| 8. ईचागढ़ | सबिता महतो (झामुमो) |
| 9. रांची | सीपी सिंह (भाजपा) |
| 10. जमशेदपुर पूर्वी | पूर्णिमा दास (भाजपा) |
| 11. डालटनगंज | आलोक कुमार चौरसिया (भाजपा) |
| 12. हटिया | नवीन जायसवाल (भाजपा) |
| 13. पांकी | शशि भूषण मेहता (भाजपा) |
| 14. बहरागोड़ा | समीर मोहंती (झामुमो) |
| 15. बिश्रामपुर | नरेश प्रसाद सिंह (राजद) |
| 16. हुसैनाबाद | संजय सिंह यादव (राजद) |
| 17. गढ़वा | सत्येन्द्र नाथ तिवारी (भाजपा) |
| 18. भवनाथपुर | अनंत प्रताप देव (झामुमो) |
| 19. घाटशिला | रामदास सोरेन (झामुमो) |
| 20. मनोहरपुर | जगत मांझी (झामुमो) |
| 21. चक्रधरपुर | सुखराम उरांव (झामुमो) |
| 22. खरसावा | दशरथ गगराई (झामुमो) |
| 23. तमाड़ | विकास मुंडा (झामुमो) |
| 24. तोरपा | सुदीप गुड़िया (झामुमो) |
| 25. खूंटी | रामसूर्य मुंडा (झामुमो) |
| 26. मांडर | शिल्पी नेहा तिर्की (कांग्रेस) |
| 27. पोटका | संजीव सरदार (झामुमो) |
| 28. सरायकेला | चंपाई सोरेन (भाजपा) |
| 29. चाईबासा | दीपक बिरुआ (झामुमो) |
| 30. गुमला | भूषण तिर्की (झामुमो) |
| 31. बिशुनपुर | चमरा लिंडा (झामुमो) |
| 32. सिमडेगा | भूषण बारा (कांग्रेस) |
| 33. कोलेबिरा | नमन विक्सल कोंगाड़ी (झामुमो) |
| 34. मझगांव | निरल पूर्ती (झामुमो) |
| 35. जगन्नाथपुर | सोनाराम सिंकु (झामुमो) |
| 36. सिसई | जिगा सुसारण होरो (झामुमो) |
| 37. लोहरदगा | रामेशवर उरांव (कांग्रेस) |
| 38. मनिका | रामचंद्र सिंह (कांग्रेस) |
| 39. जुगसलाई | मंगल कालिंदी (झामुमो) |
| 40. कांके | सुरेश बैठा (कांग्रेस) |
| 41. सिमरिया | उज्ज्वल दास (भाजपा) |
| 42. चतरा | जनार्दन पासवान (लोजपा) |
| 43. लातेहार | प्रकाश राम (भाजपा) |
| 44. छतरपुर | राधा कृष्ण किशोर (कांग्रेस) |
| 45. राजमहल | मो ताजुद्दीन (झामुमो) |
| 46. बोरियो (एसटी) | धनंजय सोरेन (झामुमो) |
| 47. लिट्टीपाड़ा (एसटी) | हेमलाल मुर्मू (झामुमो) |
| 48. पाकुड़ | निशत आलम (कांग्रेस) |
| 49. महेशपुर (एसटी) | स्टीफन मरांडी (झामुमो) |
| 50. शिकारीपाड़ा (एसटी) | आलोक सोरेन (झामुमो) |
| 51. नाला | रबींद्रनाथ महतो (झामुमो) |
| 52. जामताड़ा | इरफान अंसारी (कांग्रेस) |
| 53. दुमका (एसटी) | बसंत सोरेन (झामुमो) |
| 54. जामा (एसटी) | लुईस मरांडी (झामुमो) |
| 55. जरमुंडी | देवेंद्र कुंवर (भाजपा) |
| 56. मधुपुर | हफीजुल हसन (झामुमो) |
| 57. सारठ | चुन्ना सिंह (झामुमो) |
| 58. देवघर (एससी) | सुरेश पासवान (राजद) |
| 59. पोड़ैयाहाट | प्रदीप यादव (कांग्रेस) |
| 60. गोड्डा | संजय प्र. यादव (राजद) |
| 61. महगामा | दीपिका पांडेय (कांग्रेस) |
| 62. रामगढ़ | ममता देवी (कांग्रेस) |
| 63. मांडू | निर्मल महतो (आजसू) |
| 64. धनवार | बाबूलाल मरांडी (भाजपा) |
| 65. बगोदर | नागेंद्र महतो (भाजपा) |
| 66. जमुआ (एससी) | डॉ मंजू देवी (भाजपा) |
| 67. गांडेय | कल्पना मुर्मू सोरेन (झामुमो) |
| 68. गिरिडीह | सुदिव्य सोनू (झामुमो) |
| 69. डुमरी | जयराम महतो (जेएलकेएम) |
| 70. गोमिया | योगेंद्र प्र. महतो (झामुमो) |
| 71. बेरमो | अनूप सिंह (कांग्रेस) |
| 72. बोकारो | श्वेता सिंह (कांग्रेस) |
| 73. चंदनकियारी (एससी) | उमाकांत रजक (झामुमो) |
| 74. सिंदरी | चंद्रदेव महतो (माले) |
| 75. निरसा | अरूप चटर्जी (माले) |
| 76. धनबाद | राज सिन्हा (भाजपा) |
| 77. झरिया | रागिनी सिंह (भाजपा) |
| 78. टुंडी | मथुरा महतो (झामुमो) |
| 79. बाघमारा | शत्रुघ्न महतो (भाजपा) |
| 80. सिल्ली | अमित महतो (झामुमो) |
| 81. खिजरी (एसटी) | राजेश कच्छप (कांग्रेस)। |

(**नोट :** आंकड़ा देने में पूरी सावधानी बरती गई है। प्रकाशन में त्रुटि के लिए राष्ट्रीय नवीन मेल जिम्मेदार नहीं होगा।)

## इंडिया अपनी हार के लिए भाजपा के पास बताने को बहुत कुछ है



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

**नई** सरकार का फैसला हो चुका है और अब सत्ता पक्ष की दुबारा ऐतिहासिक जीत के जश्न के बीच भाजपा के हार के कारणों की समीक्षा हर आम और खास की बैठक में हो रही है। चाय की दुकानों से लेकर कॉरपोरेट घरानों के दफ्तरों तक और घर के किचन से लेकर देश की राजधानी के पार्टी कार्यालयों तक लाख टके का सवाल यही है कि झामुमो की इतनी प्रचंड बहुमत वाली जीत क्यों और भाजपा की हार क्यों ? सोशल मीडिया जिसने इस बार के चुनाव में बड़ी भूमिका निभाई उसी में चर्चा है कि झामुमो को भाजपा ने ही जिताया ! लिखने वाले का तर्क है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वसरमा जो झारखंड को सारखंड बोलते थे उन्हें स्टार प्रचारक बनाकर भाजपा ने इस अफवाह को और हवा दे दी कि यदि बीजेपी जीत जाएगी तो फिर से रघुवर दास या किसी ऐसे आदमी को सीएम बना दिया जाएगा जो लैंड बैंक के नाम पर आदिवासियों की ज़मीनें लूट लेगा । भाजपा को यदि यह गुमान नहीं था कि उसके खिलाफ संगठित रूप से क्या अभियान चल रहा है तो उनसे बड़ी चूक हुई है जैसी 2019 में हुई थी जब यह अफवाह आदिवासी समुदाय के बीच उड़ाई गई थी कि कॉरपोरेट घरानों को सारंडा सहित अधिकांश आदिवासी भूमि लूटने के लिए अदाणी और अंबानी के पैसे से झारखंड में चुनाव जीतने की तैयारी चल रही है । जिसके बाद पत्थलगड़ी जैसे मामलों को आंदोलन का रूप दिया गया जिससे आदिवासी समुदाय एकजुट हो गया और जिसका असर पिछले लोकसभा में पांच आदिवासी सीटों की हार सहित इस बार के भी चुनाव विशेषकर दक्षिणी छोटनागपुर में पड़ा जहां की 15 सीटों में से सिर्फ दो रांची और हटिया के विधायक अपनी प्रतिष्ठा बचा पाए अन्यथा झामुमो के इंडी गठबंधन को 13 के बजाय सारी की सारी सीटें मिल जातीं। कुछ अन्य कारण भी हैं जैसा लोग बताते हैं कि खूंटी में भितरघात लोकसभा के चुनाव में हुआ और नीलकंठ सिंह मुंडा से नाराज भाजपा के कुछ लोगों ने इस बार झामुमो को वोट दिया ।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार झामुमो की वापसी में सबसे बड़ी और निर्णायक भूमिका मइयाँ सम्मान योजना की रही जिसका आइडिया मध्यप्रदेश में बीजेपी की वापसी के कारक लाड़ली लक्ष्मी योजना से लिया गया जिसके सूत्रधार तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के झारखंड प्रभारी सहित असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वसरमा आश्वासन देते रहे कि यदि उनकी सरकार बन गई तो वे 2100 प्रतिमाह गोगो दीदी योजना से देंगे पर एक तरफ चार महीने से मिल रही राशि थी तो दूसरी तरफ मिल सकती है की बात थी । यहां भाजपा से एक बड़ी चूक और हुई कि उन्होने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने और फिर कोई पक्के सबूत नहीं मिलने की घटना से उपजी सहानुभूति का आकलन करने से दो बार चूक गई । पहली बार लोकसभा में चोट खाने के बाद भी संभले नहीं और भारतीय समाज की भावना की बारीकी का आकलन नहीं कर पाए । दूसरी ओर सीएम हाऊस से निकलकर उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने जो पहली सभा की उससे लेकर लगभग 100 जनसभाओं में महिलाओं की भीड़ खींचती रहीं । उनकी बातें ओज भरी होतीं थीं पर पूरी शालीनता से और अपने को पीड़िता के रूप में प्रस्तुत किया । जब मइयाँ सम्मान योजना शुरू हुई तो जैसे उसकी ब्रांड एंबेसेडर की तरह उसे प्रचारित किया जबकि भाजपा के आक्रामक प्रचार में किसी महिला को आगे नहीं लाया गया जिससे राज्य की लगभग एक करोड़ 30 लाख महिला वोटरों का झुकाव अपनी तरफ कर लिया ।इसी तरह एक बड़ी चूक हुई जो 2019 में हुई थी कि आदिवासी चेहरे को सामने न लाना । संभवतः उन्हें भान ही नहीं नहीं था लगभग छः महीने पहले लोकसभा चुनाव में जो 26 प्रतिशत आदिवासी जनता अपनी नाराजगी जताकर पांच आदिवासी सीटें हरा चुकी है उसकी नाराजगी आदिवासी मुख्यमंत्री की गारंटी से दूर हो सकती थी ।जो धुंवाधार प्रचार असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वसरमा कर रहे थे वह बाबूलाल जैसे ईमानदार छवि के संथाल आदिवासी नेता से कराते तो संथाल परगना की 18 में से एक बजाय भाजपा को अधिक सीटें मिल सकती थीं । उल्लेखनीय है कि अपने करियर की शुरुआत में ही बाबूलाल ने गुरुजी शिबू सोरेन को संथाल परगना से हराकर इतिहास रचा था और वहां अनेक विकास कार्यों से एक लंबी लकीर खींची थी जैसा उन्होने अपने प्रथम मुख्यमंत्री के कार्यकाल में भी किया था जिसे लोग अभी भी याद करते हैं । पर बाबूलाल को भीड़ का हिस्सा बनाकर तो रखा गया पर बतौर सीएम शायद इस डर से प्रोजेक्ट नहीं किया गया कि कहीं कोल्हान जहां की 14 में से 3 सीटें इस बार भाजपा+ को आईं हैं यह मैसेज न चला जाए कि कोल्हान टाइगर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई को झामुमो से लाकर सम्मान नहीं दिया गया जो आरोप भाजपा झामुमो पर लगाती रही है और यह सेफ गेम घातक सिद्ध हुआ ।भाजपा के घुसपैठियों वाला मामला राज्य में ज़ोर नहीं पकड़ पाया क्योंकि यह यह सिर्फ एक क्षेत्र विशेष का था ।



## महाराष्ट्र में महायुति को मिली शानदार सफलता

- 288 विस सीटों में से 228 सीटों पर दर्ज की जीत

**एजेंसी।**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विस का चुनाव परिणाम शनिवार को आ गया। विस की 288 सीटों पर के चुनाव परिणाम ने राजनीतिक पंडितों की भविष्यवाणियों को झूठा साबित कर दिया और महायुति ने प्रचंड जीत दर्ज की। भाजपा ने महाराष्ट्र में इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वहीं, विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) अपने न्यूनतम स्कोर पर सिमट गई। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से महायुति 228, एमवीए 47 और अन्य 13 सीटें जीतने में सफल रहे। महायुति में भाजपा ने जहां 132 सीटें जीतीं, वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पहला विधानसभा चुनाव लड़ रही शिवसेना ने 55 सीटें और अजित पवार की एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत दर्ज़ की।

### प्रियंका ने वायनाड लोकसभा सीट 4 लाख से अधिक वोटों से जीती



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव और पार्टी उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में 4,10,931 वोटों के भारी अंतर से पहली चुनावी जीत दर्ज की। प्रियंका ने अपने भाई राहुल गांधी की जीत के रिकॉर्ड अंतर को भी तोड़ दिया, जिन्होंने इसी साल अप्रैल में वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लिए हुए चुनाव में 3,64,422 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने वायनाड सीट 4.31 लाख वोटों के अंतर से जीती थी।

# माता-पिता से आशीर्वाद लेने पहुंचे सीएम



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन शनिवार को झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद अपने माता-पिता के साथ जश्न मनाते हुए। (फोटोः आईएएनएस)

# नई सरकार का लोगों ने किया स्वागत, दी मिश्रित प्रतिक्रियाएं







**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के चुनावी नतीजों के बीच ठंड में भी चुनावी पारा चढ़ा रहा। दिनभर अटकलों का बाजार गर्म रहा। मतगणना केंद्र के बाहर लोगों की हूजुम देर शाम तक अपने जीते प्रत्याशियों की एक झलक देखने के लिए डटी रही। मतगणना हुई और जीत का सेहरा इंडिया गठबंधन को मिला।

एक तरफ भाजपा को महाराष्ट्र में ऐतिहासिक जीत मिली, वहीं दुसरी ओर झारखंड में एतिहासिक हार हुई, बड़े-बड़े सुरमा चारों खाने चित्त हो गए। इस बीच अच्छी बात यह हुई कि झारखंड में अपनी हार का ठेकरा इन्होंने ईवीएम पर नहीं पर नहीं फोड़ा है।

किसी की हार तो किसी की जीत होना ही था। हारने वाली पार्टी समीक्षा करेगी हार का कारण क्या रहा? जीतने वाली पार्टी नई सरकार बनाएगी। लोगों के विकास का काम करेगी। चुनावी संग्राम के नतीजों पर जनता की प्रतिक्रिया जानने के लिए राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने लोगों से बात की।

कांग्रेस के खिजरी विधान सभा प्रभारी नरेश भारद्वाज ने कहा कि दूसरे प्रदेश से आए भाजपा के प्रचारक ने लोगों को बांटने का काम किया। इसलिए हार का मुंह देखना पड़ा।

विकास तिर्की और अनुप खलखो ने कहा कि भाजपा ने मंदिर, मस्जिद,जाति-पाति की राजनीति से उपर कुछ काम ही नहीं किया है। अब गांव के लोग उनके बहकावे में नहीं आने वाले।

जेएमएम के रांची महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नयनतारा और अन्य ने कहा कि हेमंत सरकार की मंईयां सम्मान योजना, 200 यूनिट फ्री बिजली, किसानों की कर्ज माफी योजना आदि ने गरीबों का दिल जीता है।

राजा दुबे ने कहा कि चुनाव के ठीक पहले मंईयां सम्मान योजना को जेएमएम ने चुनावी टूल किट के रूप इस्तेमाल किया है।

देवेंद्र सिंह और सोनू गोप ने कहा कि भाजपा के बड़े नेता जमीनी कार्यकर्ता और जनता से नहीं मिलते हैं जिसका परिणाम भाजपा को देखना पड़ा है।

संगीता तिर्की ने कहा कि नवीन जायसवाल ने अच्छा काम किया है, मंईयां सम्मान योजना बहुत बड़ी बात नहीं है। लोगों ने कहा कि तीर चल गया कमल उखड़ गया।

# कहां से कौन जीते-हारे

| विस सीट | जीते | हारे |
|---|---|---|
| बरहेट | हेमंत सोरेन (झामुमो) | गैमलियल हेंब्रम (भाजपा) |
| धनवार | बाबूलाल मरांडी (भाजपा) | निजामुद्दीन अंसारी (झामुमो) |
| रांची | सीपी सिंह (भाजपा) | महुआ माजी (झामुमो) |
| गिरिडीह | सुदिव्य कुमार (झामुमो) | निर्भय कुमार शाहाबादी (भाजपा) |
| चंदनकियारी | उमाकांत रजक (झामुमो) | अर्जुन रजवार(जेएलकेएम) |
| गोमिया | योगेंद्र प्रसाद (झामुमो) | पूजा कुमारी (जेएलकेएम) |
| निरसा | अरूप चटर्जी (सीपीआई-एमएल) | अपर्णा सेन गुप्ता (भाजपा) |
| तोरपा | सुदीप गुड़िया (झामुमो) | कोचे मुंडा (जदयू) |
| सरायकेला | चंपाई सोरेन (भाजपा) | गणेश महली (झामुमो) |
| डुमरी | जयराम महतो (जेएलकेएम) | बेबी देवी (झामुमो) |
| लिट्टीपाड़ा | हेमलाल मुर्मू (झामुमो) | बाबुधन मुर्मू (भाजपा) |
| लोहरदगा | रामेश्वर उरांव (कांग्रेस) | नीरू शांति भगत (आजसू पार्टी) |
| खिजरी | राजेश कच्छप (कांग्रेस) | राम कुमार पाहन (भाजपा) |
| गांडेय | कल्पना मुर्मू सोरेन (झामुमो) | मुनिया देवी (भाजपा) |
| पांकी | शशि भूषण मेहता (भाजपा) | देवेंद्र कुमार सिंह (निर्दलीय) |
| हुसैनाबाद | संजय यादव (राजद) | कमलेश सिंह (भाजपा) |
| महेशपुर | स्टीफन मरांडी (झामुमो) | नवनीत हेंब्रम (भाजपा) |
| मझगांव | निरल पूर्ति (झामुमो) | बड़कुंवर गगराई (भाजपा) |
| सिमरिया | कुमार उज्जवल (भाजपा) | मनोज चंद्रा (झामुमो) |
| चतरा | जनार्दन पासवान (लोजपा) | रश्मि प्रकाश (राजद ) |
| कोडरमा | नीरा यादव (भाजपा) | सुभाष यादव (राजद) |
| रामगढ़ | ममता देवी (कांग्रेस) | सुनीता चौधरी (आजसू पार्टी) |
| दुमका | बसंत सोरेन (झामुमो) | सुनील सोरेन (भाजपा) |
| टुंडी | मथुरा प्रसाद महतो (झामुमो) | विकास कुमार महतो (भाजपा) |
| चाईबासा | दीपक बिरुवा (झामुमो) | गीता बलमुचु (भाजपा) |
| चक्रधरपुर | सुखराम उरांव (झामुमो) | शशिभूषण सामड (भाजपा) |
| खरसावा | दशरथ गागराई (झामुमो) | सोनाराम बोदरा (भाजपा) |
| भवनाथपुर | अंनत प्रताप देव (झामुमो) | भानु प्रताप शाही (भाजपा) |
| जामा | लुईस मरांडी (झामुमो) | सुरेश मुर्मू (भाजपा) |
| तमाड़ | विकास कुमार मुंडा (झामुमो) | गोपाल कृष्ण पातर (जदयू) |
| कांके | सुरेश बैठा (कांग्रेस) | जीतू चरण राम (भाजपा) |
| बोकारो | श्वेता सिंह (कांग्रेस) | विरंची नारायण (भाजपा) |
| गढ़वा | सत्येंद्र नाथ तिवारी (भाजपा) | मिथिलेश ठाकुर (झामुमो) |
| लातेहार | प्रकाश राम (भाजपा) | बैद्यनाथ राम (झामुमो) |
| जमशेदपुर पश्चिम | सरयू राय (जदयू) | बन्ना गुप्ता (कांग्रेस) |
| गुमला | सुदर्शन भगत (भाजपा) | भूषण तिर्की (झामुमो) |
| बगोदर | नागेंद्र महतो (भाजपा) | विनोद कु. सिंह (सीपीआई एमएल) |
| बाघमारा | शत्रुघ्न महतो (भाजपा) | जलेश्वर महतो (कांग्रेस) |
| बहरागोड़ा | समीर कुमार मोहंती (झामुमो) | दिनेशानंद गोस्वामी (भाजपा) |
| बरही | मनोज कुमार यादव (भाजपा) | अरुण साहू (कांग्रेस) |
| बड़कागांव | रोशन लाल चौधरी (भाजपा) | अंबा प्रसाद (कांग्रेस) |
| बरकट्ठा | अमित कुमार यादव (भाजपा) | जानकी प्रसाद यादव (झामुमो) |
| बेरमो | कुमार जयमंगल (कांग्रेस) | जयराम महतो (जेएलकेएम) |
| विश्रामपुर | नरेश प्रसाद सिंह (राजद) | रामचंद्र चंद्रवंशी (भाजपा) |
| बिशुनपुर | चमरा लिंडा (झामुमो) | समीर उरांव (भाजपा) |
| बोरियो | धनंजय सोरेन (झामुमो) | लोबिन हेंब्रम (भाजपा) |
| छतरपुर | राधा कृष्ण किशोर (कांग्रेस) | पुष्पा देवी (भाजपा) |
| डालटनगंज | आलोक कुमार चौरसिया (भाजपा) | केएन त्रिपाठी (कांग्रेस) |
| देवघर | सुरेश पासवान (राजद) | नारायण दास (भाजपा) |
| धनबाद | राज सिन्हा (भाजपा) | अजय कुमार दुबे (कांग्रेस) |
| घाटशिला | रामदास सोरेन (झामुमो) | बाबूलाल सोरेन (भाजपा) |
| गोड्डा | संजय प्रसाद यादव (राजद) | अमित कुमार मंडल (भाजपा) |
| हजारीबाग | प्रदीप प्रसाद (भाजपा) | मुन्ना सिंह (कांग्रेस) |
| ईचागढ़ | सविता महतो (झामुमो) | हरेलाल महतो (आजसू पार्टी) |
| जगन्नाथपुर | सोनाराम सिंकू (कांग्रेस) | गीता कोड़ा (भाजपा) |
| जमशेदपुर पूर्व | पूर्णिमा साहू (भाजपा) | अजय कुमार (कांग्रेस) |
| जामताड़ा | इरफान अंसारी (कांग्रेस) | सीता मुर्मू सोरेन (भाजपा) |
| जमुआ | मंजू कुमारी (भाजपा) | केदार हाजरा (झामुमो) |
| जरमुंडी | देवेंद्र कुंवर (भाजपा) | बादल (कांग्रेस) |
| झरिया | रागिनी सिंह (भाजपा) | पूर्णिमा नीरज सिंह (कांग्रेस) |
| जुगसलाई | मंगल कालिंदी (झामुमो) | रामचंद्र सहिस (आजसू पार्टी) |
| खूंटी | राम सूर्य मुंडा (झामुमो) | नीलकंठ सिंह मुंडा (भाजपा) |
| कोलेबिरा | नमन विक्सल कोंगाड़ी (कांग्रेस) | सुजन जोजो (भाजपा) |
| मधुपुर | हफीजुल हसन (झामुमो) | गंगा नारायण सिंह (भाजपा) |
| महगामा | दीपिका पांडेय सिंह (कांग्रेस) | अशोक कुमार (भाजपा) |
| मांडर | शिल्पी नेहा तिर्की (कांग्रेस) | सन्नी टोप्पो (भाजपा) |
| मांडू | निर्मल महतो (आजसू पार्टी) | जयप्रकाश भाई पटेल (कांग्रेस) |
| मनिका | रामचंद्र सिंह (कांग्रेस) | हरिकृष्ण सिंह (भाजपा) |
| मनोहरपुर | जगत माझी (झामुमो) | दिनेश चंद्र बोयपाई (आजसू पार्टी) |
| नाला | रवींद्र नाथ महतो (झामुमो) | माधव चंद्र महतो (भाजपा) |
| पाकुड़ | निशात आलम (कांग्रेस) | अजहर इस्लाम (आजसू पार्टी) |
| पोड़ैयाहाट | प्रदीप यादव (कांग्रेस) | देवेंद्रनाथ सिंह (भाजपा) |
| पोटका | संजीव सरदार (झामुमो) | मीरा मुंडा (भाजपा) |
| राजमहल | मो. ताजुद्दीन (झामुमो) | अनंत कुमार ओझा (भाजपा) |
| सारठ | उदय शंकर सिंह (झामुमो) | रणधीर कुमार सिंह (भाजपा) |
| शिकारीपाड़ा | आलोक कुमार सोरेन (झामुमो) | परितोष सोरेन (भाजपा) |
| सिल्ली | अमित कुमार (झामुमो) | सुदेश कुमार महतो (आजसू पार्टी) |
| सिंदरी | चंद्रदेव महतो (सीपीआई एमएल) | तारा देवी (भाजपा) |
| सिसई | जिग्गा सुसारन होरो (झामुमो) | अरुण कुमार उरांव (भाजपा) |
| सिमडेगा | भूषण बाड़ा (कांग्रेस) | श्रद्धानंद बेसरा (भाजपा) |

# लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि : मरांडी

## घुसपैठ आज भी मुद्दा है और जिंदा रहेगा : डॉ राय

- *जनता का फैसला स्वीकार, सशक्त विपक्ष की भूमिका भाजपा निभाएंगी : डॉ रविंद्र राय*
- *झारखंड के हितों की रक्षा के लिए सकारात्मक सहयोग और संघर्ष भी करेंगे*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने 23 नवंबर को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि हम अपने वादों के साथ जनता के बीच गए। जनता ने जो फैसला दिया है, हम उसका स्वागत करते हैं। हेमंत सोरेन जी को बधाई देते हैं, जो इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने वाले नेता हैं। उनको जनता का समर्थन मिला है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई। इस उम्मीद के साथ कि जनता से उन्होंने जो वायदे किए हैं, 2019 की तरह भूला नहीं देंगे। इस बार जो वादा किए हैं, उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा को एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी है। झारखंड के हर विधानसभा क्षेत्र में जनता का जो सहयोग मिला, इसके लिए मैं जनता को नमन करता हूं। उनका आदेश स्वीकार करता हूं।

### महाराष्ट्र की जनता ने एनडीए का समर्थन किया

डॉ राय ने कहा कि इसी चुनाव के साथ महाराष्ट्र में भी चुनाव संपन्न हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महायुति के रूप में चुनाव लड़ा था। 288 विधानसभा सीट में 228 की अप्रत्याशित बढ़त के साथ वहां की जनता ने भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन का सहयोग किया है। सरकार बनाने का मौका दिया है। महाराष्ट्र की जनता का अपनी तरफ से अभिनंदन करता हूं। महाराष्ट्र की जीत पर हमें खुशी है।

### झारखंड के परिणाम की करेंगे समीक्षा

डॉ राय ने कहा कि झारखंड के जो परिणाम हैं, उसकी हम समीक्षा करेंगे। चिंतन करेंगे। मंथन करेंगे। फिर भी दोहराएंगे कि झारखंड को हमने बनाया है, तो झारखंड के हितों की रक्षा करने के लिए विपक्ष के रूप में भाजपा की जो भूमिका होगी, उसे सशक्त तौर पर निभाएंगे। जनता के साथ कोई खिलवाड़ ना हो, उनके अधिकार का हनन न हो, इस पर हमारी निगाहें रहेगी। हम सचेत रहेंगे। वहीं डॉ राय ने कहा कि इस बात की थोड़ी जरूरत फिक्र है कि जो इंडी गठबंधन के नेता हैं, वे कहीं ईवीएम पर सवाल ना उठाएं, क्योंकि महाराष्ट्र में वे ईवीएम पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं कि ईवीएम के कारण भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टी जीती है। संभव है कि यहां भी ईवीएम पर सवाल उठाएं। अगर उठाते हैं तो उसका स्वागत है। चुनाव में लोकतंत्र की जीत हुई है। लोकतंत्र के फैसला का हम स्वागत करते हैं। प्रेस वार्ता के दौरान डॉ राय से मिडिया द्वारा सवाल किया गया कि घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा ने जनता के बीच जो भरोसा जितने की कोशशि की, मतगणना के बाद यह साबित हो गया की मुद्दे को जनता ने स्वीकार नहीं। जिस पर जवाब देते हुए डॉ राय ने कहा- ये मुद्दा आज भी जिन्दा है और आगे भी जिन्दा रहेगा।

# जनता का फैसला सर आंखों पर : डॉ लंबोदर

## दुगुने उत्साह से काम करने का मिला है जनादेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** गोमिया से आजसू पार्टी के प्रत्याशी डॉ. लंबोदर महतो ने जीत के लिए योगेंद्र महतो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र की जनता का फैसला सर आंखों पर है। जो फैसला आया है उससे यह स्पष्ट है कि हम गोमिया की जनता की भावनाओं को नहीं समझ पाये। उनकी मन मिजाज को भी हम नहीं समझ पाए। निश्चित रूप में हममें ही कुछ त्रुटियां रह गई होगी। हमने गोमिया, पेटरवार व कसमार प्रखंड अंतर्गत गांवों -टोलो व शहरी क्षेत्र में रहने वाले एक- एक व्यक्ति से संपर्क व संवाद ही नहीं रखा बल्कि सुख-दुःख में भी बराबर शामिल होता रहा। जनसेवा करने व लोगों के घर-घर तक पहुंचने में कोई कोर का असर नहीं छोड़ा। विकास कार्यों से हर व्यक्ति को जोड़ा ही नहीं बल्कि उनके सलाह के अनुरूप भी काम किया। बावजूद इसके परिणाम हमारे पक्ष में नहीं आया। अब हमें और दोगुने उत्साह के साथ जनता के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करना है और हमारे लिए यही जनादेश है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने मुझ पर भरोसा और विश्वास जताया है उसको टूटने नहीं देंगे अब दोगुनी उत्साह व उमंग के साथ लोगों के सुख-दुःख में शामिल रहेंगे।

## कांग्रेस ने मनाया जीत का जश्न

# जनता ने विकास कार्यों पर लगायी मुहर : गुलाम अहमद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में इंडिया महागठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलने पर कांग्रेस भवन में नेताओं, आम कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर, मिठाईयां खिलाकर व पटाखे जलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि गठबंधन को अपना अपार समर्थन देकर जनता ने सरकार के विकास कार्यों पर अपने समर्थन की मुहर लगा दी है। झारखंड की जनता ने साफ कर दिया है कि यहां बांटने की राजनीति नहीं चलेगी बल्कि



विकास झारखंड की प्राथमिकता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रचंड बहुमत देने के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड ने अपने सम्मान की रक्षा की। जनता ने लगातार दूसरी बार महागठबंधन पर अपना भरोसा जताया है और इस भरोसे पर हम खरा उतरेंगे। हमारे द्वारा शुरू किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। घोषणा पत्र में शामिल सात गारंटियों को पूरा किया जाएगा। अगले 5 वर्षों में विकास के मायने बदलेंगे, विकास की एक लंबी लकीर झारखंड में खींची जाएगी। इस चुनाव में धन बल पर जनबल की जीत हुई है।

# इंडिया गठबंधन की जीत को लोगों ने सराहा

## कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने दी प्रतिक्रिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** इंडिया गठबंधन की जीत के बाद झामुमो में जश्न का महौल शनिवार देर शाम तक चलता रहा। जीत के बाद रांची स्थित हरमू चौक पर झामुमो और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ें, ढोल - नगाड़े बजाये और गुलाल लगाकर जश्न मनाया। वहीं हेमंत सोरेन के आवास पर भी कार्यकर्ताओं जीत का जश्न मनाया। मौजूद कार्यकर्ताओं ने झामुमो की सरकार बनने पर अपनी खुशी जाहिर की।

**दर्शक अभिलाष** ने कहा- इंडिया गठबंधन को बहुमत मिला ये अच्छी बात है मगर आने वाला समय बताएगा क्या करते हैं। चुनाव के वक्त जो भी वादे किये गए उसका लोभ हमें नहीं है। उन्होंने कहा हेमंत सोरेन अच्छे नेता है इसलिए जीत की खुशी है। बीजेपी की हार पर अभिलाष ने कहा बीजेपी के पास कोई चेहरा नहीं है। बीजेपी को बदलाव करना होगा। युवाओं के लिए बीजेपी के पास कोई रोड़मैप नहीं है। इसलिए जनता ने इस बार बीजेपी पर नहीं बल्कि इस बार भी झामुमो पर भरोसा जाहिर किया।







### हेमंत के नेतृत्व में सभी सेफ और एक है : हेमलाल मेहता

झामुमो जिला सचिव हेमलाल मेहता ने कहा- आज राज्य घुसपैठ मुक्त हो गया है। हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में हम सभी सेफ और एक हैं। जनता ने हमें बहुमत दिया है।

### जनता और झामुमो एक हैं व साथ हैं : मनोज पाण्डेय

झारखंड में बड़ी जीत हासिल हुई जिसकी खुशी आज हम सब मना रहे हैं। उन्होंने कहा हम ही नहीं बल्कि पूरा झारखंड खुशी मना रहा है। उन्होंने कहा जनता के बीच शानदार जीत के साथ लौटे हैं वादों को पूरा करेंगे, अधूरे कामों को पूरा करेंगे और जनता के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा भाजपा की शर्मनाक पराजय हुई है। झारखंड में घुसपैठ कोई मुद्दा नहीं। साथ ही उन्होंने कहा केंद्र सरकार राज्य का पैसा वापस करें। जनता जाग चुकी है। बाहरी तत्व कितने भी आए जनता ने नकार दिया है। जनता और झामुमो एक है और साथ है।

### झारखंडी ना बंटेगा ना कटेगा : अजीज अंसारी

झामुमो के पूर्व रांची उपाध्यक्ष अजीज अंसारी ने कहा- भाजपा ने लोगों को बांटने की कोशिश की लेकिन हम बंटे नहीं। भाजपा की चाल उन्हीं पर भारी पड़ी। उन्होंने कहा कोई बाहरी नहीं है सब एक हैं। झारखंडी ना बंटेगा - ना कटेगा। इंडिया गठबंधन की यह जीत एतिहासिक है। जनता ने फिर से झामुमो को मौका दिया है।

### खुशी से हम सभी गदगद हैं : सुचिता बा

झामुमो के जश्न में मौजूद समर्थक सुचिता बा ने कहा झामुमो की जीत से बहुत खुशी हो रही है। खुशी से हम सभी गदगद हैं। यह सरकार हमारी है और हमें इस सरकार से सब कुछ मिलेगा।

### हेमंत सोरेन के कामों से संतुष्टि हैं : राहुल मिश्रा

जश्न में शामिल राहुल मिश्रा ने कहा- झारखंड में झामुमो की सरकार आने से हम बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा हेमंत सोरेन युवा नेता हैं, जिनके हाथों में झारखंड की कमान सौंपी गई थी और आगे भी सौंपी जाएगी। हेमन्त सोरेन के काम से हम सभी संतुष्ट हैं।



## पटाखों की आवाज और जय-जय झारखंड से गूंज उठा झामुमो कार्यालय

# शपथ समारोह में खास व्यक्ति को देंगे न्योता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में कुल 81 विधानसभा सीटों में इंडिया गठबंधन ने बहुमत से अधिक आकड़ा पार कर लिया है। इंडिया गठबंधन ने बंपर जीत हासिल की है। वहीं, बरहेट से हेमंत सोरेन और गांडेय से कल्पना सोरेन ने जीत हासिल की है। दुमका से बसंत सोरेन विजयी हुए हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया ब्लॉक की प्रचंड जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ता जश्न के माहौल में डूब गए हैं। हरमू स्थित झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने होली और दिवाली एक साथ मनाई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर झारखंड में प्रचंड जीत की बधाई दी और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी हुई। इंडिया ब्लॉक की ऐतिहासिक जीत के लिए राज्य की जनता को शुभकामनाएं देते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि जनता के फैसले के सामने हम नतमस्तक है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हम किसी को नसीहत नहीं देंगे, जनता ने उन्हें नसीहत दे दी है। जनता के आशीर्वाद से फिर से एक बार हमलोग हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में विनोद पांडेय ने प्रधानमंत्री का नाम लिए बिना कहा कि उन्हें शपथ ग्रहण में आने के लिए जरूर निमंत्रण भेजा जाएगा।

## राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्नमूलन प्रशिक्षण से मिल रहा है लाभ : सिविल सर्जन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्नमूलन कार्यक्रम अन्तर्गत रांची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत संचालित अर्बन हेल्थ एवं वेलनेश सेन्टर में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी, स्टाफ नर्स को टीबी विषयों से संबंधित प्रशिक्षण 22 एवं 23 नवम्बर को नगर निगम कार्यालय में दिया गया। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने जानकारी दी कि वर्ष 2025 तक देश से टीबी मुक्त करने का संकल्प प्रधानमंत्री ने लिया है। टीबी मरीजों की खोज करते हुये उनका जांच एवं ईलाज ससमय किया जाना अतिआवश्यक है। इसमें आपसभी की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है। उक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में राज्य से आये डब्ल्यूएचओ के कंसलटेंट, मेडिकल ऑफिसर, रिम्स उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डॉ एस बास्की ने सभी को टीबी मरीजों से बेहतर व्यवहार करते हुये उन्हें सरकारी सुविधा के बारे में जानकारी देने का निदेश उपस्थिति चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्टार्फ नर्स को दी गई।

मौके पर सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, नगर निगम, चिकित्सा पदाधिकारी, डॉट्स सेन्टर, डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट झारखंड, जिला कार्यक्रम समन्वयक, अर्बन स्वास्थ्य समन्वयक एवं टीबी के कर्मी उपस्थित थे।

### डीपीएस में सीबीएसई रीजनल लेवल साइंस एग्जीबिशन का आयोजन

## प्रदर्शनी का हर प्रोजेक्ट कड़ी मेहनत का प्रमाण है : डॉ अशोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीबीएसई द्वारा डीपीएस रांची में रीजनल लेवल साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया । यह प्रदर्शनी वैज्ञानिक नवाचार और रचनात्मकता के प्रदर्शन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि डीएवी आलोक पब्लिक के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार थे। इस कार्यक्रम में पटना रीजन (झारखण्ड राज्य) के 32 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। 22 और 23 नवंबर को आयोजित प्रदर्शनी में दो श्रेणियों में छात्रों के वैज्ञानिक कौशलका प्रदर्शित किया गया। पहली श्रेणी में कक्षा छठीं से आठवीं तक के विद्यार्थी एवं दूसरी श्रेणी में कक्षा नौवीं से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल थे। प्रतिभागियों ने वैज्ञानिक जिज्ञासा की व्यापकता और गहराई को दर्शाते हुए विविध विषयों पर परियोजनाओं और मॉडलों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। प्रदर्शनी के पांच विषयों में फूड, हेल्थ एंड हाइजीन, ट्रांसपोर्ट एंड कम्युनिकेशन, नेचुरल फॉर्मिंग, डिजास्टर मैनेजमेंट, मैथेमेटिकल मॉडलिंग एंड कंप्यूटेशनल थिंकिंग, वेस्ट मैनेजमेंट एवं रिसोर्स मैनेजमेंट शामिल थे। इन स्कूलों ने प्रदर्शनी के विषयों को संबोधित करने और कड़े मूल्यांकन मानदंडों को पूरा करने में असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। ध्यातव्य है कि विद्यार्थियों द्वारा बनाई गयी परियोजनाओं और मॉडलों का




मूल्यांकन रचनात्मकता और कल्पना, मौलिकता और नवीनता, वैज्ञानिक विचार, सिद्धांत और दृष्टिकोण, तकनीकी कौशल, कारीगरी, शिल्प कौशल, शैक्षिक मूल्य, स्केलेबिलिटी और भविष्य में समाज के लिए उपयोगिता, आर्थिक (कम लागत), संभाव्यता और स्थायित्व, और प्रदर्शन और प्रासंगिक स्पष्टीकरण की प्रस्तुति के आधार पर किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए, डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल के प्राचार्य, डॉ. अशोक कुमार ने कहा, इस प्रदर्शनी का हर प्रोजेक्ट आपकी जिज्ञासा और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। याद रखें, सफलता सिर्फ जीतने के बारे में नहीं है, बल्कि सीखने की यात्रा के बारे में भी है। आपने भविष्य को आकार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, और मैं आपको उसी जुनून और प्रतिबद्धता के साथ ज्ञान की इस खोज को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करता हूं"। इस अवसर पर डीपीएस रँची के प्राचार्य, डॉ. आर.के.झा ने कहा, ह्लप्रदर्शनी सक्रिय सीखने का एक उत्कृष्ट माध्यम है क्यों कि शिक्षण कक्षा की दीवारों के भीतर ही सीमित नहीं होना चाहिए एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उनकी रचनात्मकता एवं गुणों को हमेशा बढ़ावा देना चाहिए। इन शैक्षणिक गतिविधियाँ की वजह से सभी विद्यार्थियों को नए तथ्य सीखने में संलग्न करती हैं और उन्हें ज्ञान का उपयोग करके, अधिक सीखने और उनमें से सर्वश्रेष्ठ लाने की जिज्ञासा विकसित करने में मदद करती हैं।

## मंगला पाठ व पूजन कर महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री राणी सती मंदिर प्रांगण में शनिवार को प्रातः 7:00 बजे अखण्ड ज्योत प्रज्वलित कर एवं मंगला पाठ पूजन कर महोत्सव के तृतीय दिवस का शुभारंभ किया गया। तदपश्चात 8:30 बजे श्री सुशील नरसरिया एवं श्री श्याम अग्रवाल की देखरेख में शशि सर्राफ एवं अन्य के द्वारा 501 महिलाओं द्वारा राजस्थान की पारंपरिक भाषा में स्वर मंगला पाठ किया गया। अपराह्न 1:00 बजे से सुंदरकांड का पाठ श्री हरि सत्संग समिति द्वारा श्री आशीष जालान के नेतृत्व में किया गया।

संध्या 7:00 बजे से राजा भालोटिया, अंकूर डागा,पवन शर्मा के नेतृत्व में श्री श्याम परिवार तथा श्री नवमी



कीर्तन मंडल द्वारा किया गया। संध्या 7:30 बजे से चुनरी उत्सव अक्षय हरलालका, अभिषेक जालान, यस सुरेखा, आशुतोष खेतान की देखरेख में किया गया।अष्टमी जागरण श्री रतन जालान श्री पवन जालान,श्री दिलीप जालान,श्री श्रवण जालान,के नेतृत्व में रात्रि 11:00बजे से 1:00 बजे तक किया गया। आज रविवार को प्रातः 5.00 बजे से मंगला आरती,भव्य श्रृंगार,पूजा अर्चना,छप्पन भोज प्रातः 5.00 बजे से,सवामानी भोग प्रातः 6.00 बजे से लगाना आरम्भ होगा। नवमी कीर्तन संध्या7:00 बजे से, महाआरती रात्रि 8:00 बजे से,समापन आरती रात्रि 9.00बजे । उत्सव को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के न्यासी रतन जालान, भानु जालान,अध्यक्ष सतीश तुलस्यान, मंत्री गजानंद अग्रवाल,अमर पोद्दार, मनोज जालान, कमल खेतावत, प्रदीप नारसरिया,पवन जालान,श्री अजय जालान,श्री राजेश जालान,श्री आशुतोष खेतान,श्री लोकेश जालान, श्री गौतम अग्रवाल, तरुण सराफ संजय केडिया,एवं अन्य दादी भक्त महोत्सव को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

## मंईयां सम्मान और ओल्ड पेंशन स्कीम की जीत में अहम भूमिका : फेडरेशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड एंप्लॉय फेडरेशन की ओर से कहा गया कि सभी वर्ग के लिए कल्याणकारी योजना ने ही झामुमो नीत महागठबंधन सरकार को फिर से सत्ता में वापसी का मार्ग प्रशस्त किया। संगठन के मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार और डॉ शिवानंद काशी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने कर्मचारियों के कई जटिल मुद्दों का समाधान संवाद एवं समन्वय के माध्यम से निकाला। ओल्ड पेंशन स्कीम, कैशलेस मेडिकल, चाइल्ड केयर लीव जैसी कर्मचारियों की कई बड़ी मांगें पूरी हो चुकी हैं। वहीं, सत्तारूढ़ दल ने घोषणा पत्र में भी शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी, जनसेवकों के कार्य में सुधार, लिपिकों की समान नियमावली समेत कई महत्वपूर्ण मांगों को जगह दी। इससे हेमंत सरकार की फिर से झारखंड में वापसी हुई।

## छवि रंजन की जमानत पर फैसला तीन को

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य भू-खंडों की अवैध खरीद-बिक्री मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन की जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई पूरी करने के बाद ईडी कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। तीन दिसंबर को अदालत फैसला सुनाएगी। बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को 4 मई 2023 को पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। 10 दिन तक रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद से छवि रंजन न्यायिक हिरासत में हैं।

## न्यूज बॉक्स

### लायंस क्लब ने खिचड़ी का किया वितरण

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के द्वारा खिचड़ी वितरण का कार्य निरंतर जारी है। प्रत्येक शनिवार को खिचड़ी वितरण करने की योजना के तहत क्लब ने सदर अस्पताल परिसर में जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी का वितरण किया। इस दौरान लगभग 1000 लोगों ने खिचड़ी का आनंद लिया और इसके लिए क्लब के सदस्यों को धन्यवाद दिया। विदित हो कि फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के तहत लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के द्वारा यह कार्य पिछले 18 सप्ताह से किया जा रहा है। क्लब के प्रेसिडेंट अमित शर्मा ने कहा कि जनहित से जुडी हमारी इस मुहिम में भारी जनसमर्थन मिल रहा है। लोगों के प्रोत्साहन से ही हम इस मुहिम को लगातार सफल रूप से करते आ रहे हैं। यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।कार्यक्रम को सफल बनाने मे उपाध्यक्ष खुश्बू अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, मोनिका गोयनका, तलविंदर कौर व अन्य सदस्य शामिल हुए।




### डीएवी हेहल में अतंरसदनीय संगीत वाद्ययंत्र प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में अन्तरसदनीय संगीत वाद्ययंत्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-जे, एसके मिश्रा ने कहा, संगीत मानव जीवन का अविभाज्य अंग है। इसका प्रयोग हम मनोरंजन, सम्प्रेषण, शिक्षा आदि विभिन्न क्षेत्रों में करते हैं। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों से छात्र-छात्राओं ने बांसुरी और पियानो जैसी संगीत वाद्ययंत्र प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रथम स्थान पर अक्षज वर्मा दयानन्द सदन, दूसरा स्थान पर क्षितिज पाण्डेय आनन्द स्वामी सदन एवं तृतीय स्थान अनमोल मुखर्जी दयानन्द सदन के विद्यार्थी रहे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सीसीए इंचार्ज सोवन देव चक्रवर्ती एवं मौसमी मजूमदार की महती भूमिका रही।

### रांची के दो सेंटर में कैट परीक्षा आज

**रांची।** कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) की परीक्षा रांची के दो केंद्रों पर रविवार को होगी। आयन डिजिटल सेंटर, तुपुदाना और अरुणिमा इंफोटेक, चुटिया में सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा तीन पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 8.30 से 10.30 बजे तक होगी। दूसरी पाली 12.30 से 2.30 बजे तक और तीसरी पाली की परीक्षा 4.30 से 6.30 बजे तक होगी। कैट परीक्षा की तैयारी करानेवाले शिक्षक सह मेंटॉर गोपाल झा ने बताया कि रांची के इन सेंटरों में तीन हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने अभ्यर्थियों को समय पर सेंटर पहुंचे और एडमिट कार्ड में दिए निदेर्शों को ठीक से पढ़कर पालन करने की सलाह दी है। कहा कि एडमिट कार्ड का साफ प्रिंटआउट साथ रखें। सुनिश्चित करें कि उस पर लगा फोटो सही और अद्यतन हो। मान्य पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस जैसे वैध पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। इस परीक्षा के माध्यम से सफल अभ्यर्थी देश के बी स्कूलों में दाखिला लेंगे।

### रेलवे कर्मचारी संघ की मान्यता के लिए होगा चुनाव

**रांची।** रेलवे कर्मचारी संघ की मान्यता को लेकर चुनाव होगा। चार, पांच और छह दिसंबर को रनिंग स्टॉफ कर्मचारी संघ का चुनाव होगा। साथ ही, चार और पांच को स्टॉफ यूनियन का भी चुनाव होगा। इसको लेकर रेलवे कॉलोनी, रांची में बूथ बनाया गया है। शनिवार को रेलवे मेन्स यूनियन ने जनसंपर्क अभियान भी चलाया।

### विधायक विकास मुंडा की जीत पर तमाड़ में जश्न का माहौल

**तमाड।** विधायक विकास मुंडा की तीसरी जीत पर तमाड़ में जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। विजय जुलूस में महिला-पुरुष डीजे की धुन पर थिरक रहे हैं। बम-पटाखे फोड़कर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा रहे हैं। महिलाएं और नव युवतियां ज्यादा खुश नजर आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक ने तीसरी बार जीत दर्ज कर तमाड़ विधानसभा में नया इतिहास रच दिया है। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से लगातार किसी भी प्रत्याशी ने तीन बार चुनाव नहीं जीता था। हमें उम्मीद है कि इस जीत के बाद तमाड़ विधानसभा को सजाने और संवारने का काम करेंगे।

### 24 वर्ष में पहली बार कांके से भाजपा हारी, लोजपा का खुला खाता

**रांची।** प्रदेश के सभी नौ अनुसूचित जाति (एससी) आरक्षित सीटों पर मिलाजुला रिजल्ट आया है। आरक्षित सीटों पर भाजपा, झामुमो, कांग्रेस के साथ-साथ राजद और लोजपा को जीत मिली है। राज्य गठन के बाद (पिछले 24 वर्ष में) पहली बार कांके सीट भाजपा ने गवां दी है। कांग्रेस ने यहां से जीत दर्ज की है। लोजपा ने पहली बार झारखंड में अपना खाता एससी आरक्षित सीट पर खोला है। पार्टी ने चतरा सीट जीती है। 2019 की तुलना में इस बार भाजपा ने कुल चार सीटें गवाईं हैं। इसमें छतरपुर, कांके, चंदनकियारी और देवघर सीट है। इस बार आरक्षित सीटों पर भाजपा के हिस्से में केवल तीन सीटें सिमरिया, जमुआ और लातेहार आई है।

## रांची - पटना परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन 27 को

नवीन मेल संवाददाता रांची। ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये, यात्रियों एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08604/08603 रांची - पटना - रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा।



- ट्रेन संख्या 08604 रांची - पटना परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ 27 नवंबर को रांची से प्रस्थान करेगी (केवल 01 ट्रिप)।
- इस ट्रेन का रांची प्रस्थान 23:10 बजे, मूरी आगमन 00:20 बजे प्रस्थान 00:22 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 01:15 बजे प्रस्थान 01:20 बजे, धनबाद आगमन 04:10 बजे प्रस्थान 04:20 बजे, जसीडीह आगमन 07:38 बजे प्रस्थान 07:40 बजे, गया आगमन 12:30 बजे प्रस्थान 12:50 बजे, जहानाबाद आगमन 13:35 बजे प्रस्थान 13:40 बजे एवं पटना आगमन 14:45 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 08603 पटना - रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ 28 नवंबर को पटना से प्रस्थान करेगी (केवल 01 ट्रिप)।
- इस ट्रेन का पटना प्रस्थान 15:15 बजे, जहानाबाद आगमन 16:05 बजे प्रस्थान 16:10 बजे, गया आगमन 17:10 बजे प्रस्थान 17:30 बजे, जसीडीह आगमन 23:08 बजे प्रस्थान 23:10 बजे, धनबाद आगमन 02:00 बजे प्रस्थान 02:10 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 03:55 बजे प्रस्थान 04:00 बजे, मूरी आगमन 05:00 बजे प्रस्थान 05:02 बजे एवं रांची आगमन 06:30 बजे होगा।
- इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 06 कोच, वातानुकूलित 3-टियर का 01 कोच एवं द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 06 कोच, कुल 15 कोच होंगे ।

### ट्रेन के मार्ग में परिवर्तन

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। ऐसे में रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर - हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 25, 26 एवं 30 नवंबर को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल - पुरुलिया - कोटशिला - मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल - गुंडा बिहार - मूरी होकर चलेगी।

### अतिरिक्त ट्रेन का होगा परिचालन

- रांची। ट्रेनों मे अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये, यात्रियों एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08602/08601 रांची - पटना- रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा।
- ट्रेन संख्या 08602 रांची - पटना परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ 26 एवं 28 नवंबर को रांची से प्रस्थान करेगी (कुल 02 ट्रिप)।
- इस ट्रेन का रांची प्रस्थान 23:10 बजे, मूरी आगमन 00:20 बजे प्रस्थान 00:22 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 01:15 बजे प्रस्थान 01:20 बजे, धनबाद आगमन 04:10 बजे प्रस्थान 04:20 बजे, जसीडीह आगमन 07:38 बजे प्रस्थान 07:40 बजे, गया आगमन 12:30 बजे प्रस्थान 12:50 बजे, जहानाबाद आगमन 13:35 बजे प्रस्थान 13:40 बजे एवं पटना आगमन 14:45 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 08601 पटना - रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ 27 एवं 29 नवंबर को पटना से प्रस्थान करेगी (कुल 02 ट्रिप)।
- इस ट्रेन का पटना प्रस्थान 15:15 बजे, जहानाबाद आगमन 16:05 बजे प्रस्थान 16:10 बजे, गया आगमन 17:10 बजे प्रस्थान 17:30 बजे, जसीडीह आगमन 23:08 बजे प्रस्थान 23:10 बजे, धनबाद आगमन 02:00 बजे प्रस्थान 02:10 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 03:55 बजे प्रस्थान 04:00 बजे, मूरी आगमन 05:00 बजे प्रस्थान 05:02 बजे एवं रांची आगमन 06:30 बजे होगा।
- इन ट्रेनों में एसएलआर के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 04 कोच, सामान्य श्रेणी चेयर कार का 01 कोच एवं द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 11 कोच, कुल 18 कोच होंगे।

## श्रीश्याम मित्र मण्डल में 134 वां श्रीश्याम भण्डारा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीश्याम मित्र मण्डल ने हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में 134 वां श्रीश्याम भण्डारा का आयोजन किया। मंदिर में निर्मित मसाला लिट्टी, आलू चोखा, टमाटर चटनी,पंचमेला झोलदार दाल, केशरिया जलेबी का विराट भण्डारा का प्रसाद निर्मित किया गया था। मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, श्रीश्यामेश्वर महादेव, बजरंगबली, लड्डूगोपाल जी, राम दरबार, शालीग्राम जी, गरुड़ जी व गुरुजनों को यजमानश्री राजीव रंजन -कविता मित्तल,यश मित्तल, दिलीप -सरिता अग्रवाल,अमन -दीक्षा अग्रवाल ने देवी- देवताओं को भण्डारे का प्रसाद अर्पित किया। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में खाटूनरेश का लोकप्रिय भोग भजन आवो -आवो भोग लगावो बाबा श्याम जी... रुच-रुच भोग लगावो बाबा श्याम जी...का गायन करके भोग स्वीकार करने का निवेदन किया गया। भोग लगे प्रसाद को विराट भण्डारे में मिश्रित करके महाप्रसाद



बनाकर सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को महाप्रसाद खिलाया गया। भण्डारे वितरण का समय होते- होते श्रीश्याम मंदिर परिसर भक्तो से अट गया। हरमू रोड़ में लम्बी-लम्बी कतारें लग गयी। खाटूनरेश की जयकारो से सम्पूर्ण क्षेत्र गूंज उठा। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, राजीव -कविता मित्तल, दिलीप -सरिता अग्रवाल ने अपने परिजनों के साथ श्रीगणेश जी की जय-जयकारो के बीच श्रीश्याम भण्डारे का महाप्रसाद का वितरण प्रारम्भ किया। मंदिर के प्रवेश द्वार पर भक्तो को तिलक लगाया जा रहा था। सभी एक दूसरे को जयश्री श्याम बोलकर अभिवादन कर रहे थे। 134 वे श्रीश्याम भण्डारे में लगभग 3000 से ज्यादा भक्तो ने भण्डारे का प्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, अनिल नारनोली, अजय मारू, राजीव -कविता, अमित सरावगी, दिलीप -सरिता अग्रवाल,विजयाश्री साबू, राहुल मारू, रतन शर्मा,आलोक अग्रवाल, संजय सराफ, श्रवण ढाढ़ंनिया, प्रदीप राजगढ़िया, स्नेह पौदार,रमा सरावगी, श्यामसुंदर जोशी, अन्नपूर्णा सरावगी, साहित्यपवन,यश मित्तल, अमन -दीक्षा अग्रवाल, अश्विनी साबू, वेदभूषण जैन पप्पू, अंकित सिंह, हर्ष कुमार, उपेन्द्र पाण्डेय, मनीष वर्मा, मनोज खेतावत, झूलन भुण्डा सहित 75 से ज्यादा कार्यकताओं ने भण्डारे वितरण में सहयोग किया।



मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की की जीत पर लोगों ने दी बधाई

# शिल्पी नेहा तिर्की की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
मांडर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की की प्रचंड जीत पर बेड़ो प्रखंड के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर छा गई है। इस मौके पर बेड़ो प्रखंड के बेड़ो, तुको, दिघिया, ईटा चिल्दरी, घाघरा, हाठु, कादोजोरा, नरकोपी, ईटा, कोटपाली, कुदारखो, महरु, भसनंदा, हरिहरपुर जामटोली, टेरो, महुगांव सहित दर्जनों गांवों में कांग्रेस के कार्यकर्ता चुनाव परिणाम घोषित होते ही खुशी से झूम उठे। कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने गांवों में खूब आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाइयां खिलायी। ईटा पंचायत के पूर्व मुखिया और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बुधराम बाड़ा, उप मुखिया व कांग्रेस के कार्यकर्ता तंजीर हुसैन,साबिर मीर, अब्दुल अंसारी, मीर मुस्लिम हुसैन, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव, उप प्रमुख मोदि्सर हक, सहीमुददीन अंसारी सहित दर्जनों लोगों ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को जीत की शुभकामनाएं दी। तंजीर हुसैन ने कहा कि कांग्रेस की प्रचंड जीत विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की लोकप्रियता उनकी कार्यशैली तथा मेहनत और ईमानदारी का परिचायक है। वहीं बुधराम बाड़ा ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकताओं की मेहनत रंग लाई और आज परिणाम हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि बंधु तिर्की की दूरदर्शिता, विधायक की समझदारी एवं हेमंत सरकार की नीति का असर है कि शिल्पी नेहा तिर्की ने लगातार दूसरी बार विधायक बनने का गौरव प्राप्त किया।

## शिल्पी नेहा तिर्की मांडर से दोबारा बनीं विधायक

**मांडर।** कांग्रेस से विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के दोबारा चुने जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है । कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। जगह-जगह मिठाइयां बांटी जा रही है। साथ ही पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई जा रही है। झारखंड विधानसभा के हुए चुनाव में कांग्रेस की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने 133568 वोट लाकर बीजेपी के प्रत्याशी सन्नी टोप्पो को 22135 मतों से पराजित की। मौके पर बोलते हुए मांडर प्रखंड अंजुमन के सदर नुरुल्लाह हबीब नदवी ने कहा कि यह आपसी प्रेम और सद्भाव की जीत है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में हेमंत सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। काफी जन कल्याणकारी योजनाएं लाई है। जिसका नतीजा यह है कि आज मांडर के साथ-साथ झारखंड में भी लोगों ने उन्हें सर आंखों पर बैठाया। वहीं झामुमो के मांडर प्रखंड अध्यक्ष रोशन इमानुएल तिग्गा ने भी कहा कि हेमंत सरकार हमेशा से गरीबों के हित के लिए काम करते आई है। उन्होंने कोरोना कल में गरीबों मजदूरों की मदद की। साथ ही ग्रामीण लोगों को ध्यान में रखते हुए तरह-तरह की योजनाएं लाई। जिसका



नतीजा है कि लोग उन्हें भारी मतोंसे जीताया है। इस मौके पर मांडर विधानसभा में जगह-जगह चौक चौराहों में पटाखे फोड़ कर और मिठाइयां बाँटकर खुशियां मनाई गई।

# बेड़ो प्रखंड के 12 गांवों में मनाया गया पीठा पर्व

## आज लगेगा ऐतिहासिक हड़बोरी बूढ़ा जतरा

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के प्रसिद्ध आदिवासियों की हड़बोरी बूढ़ा जतरा की पूर्व संध्या पर शनिवार की देर शाम 12 पड़हा के 12 गांवों धूमधाम से पीठा पर्व (बेड़ो लड्डु ) मनाया गया। घर घर में चावल को चाँड़कर उरद दाल भरकर पारंपरिक रूप से पीठा मनाया गया। प्रत्येक घरों में आदिवासी और मूलवासी परिवारों सहित सभी घरों में पीठा बनाकर मां पार्वती एवं भोलेनाथ को भोग लगाया गया।

गोयंदी बुढ़िया के रुप में पूजी जाने वाली मां पार्वती एवं गोयन्दा के रूप में भगवान भोलेनाथ सहित ग्राम देवी को पीठा का प्रथम भोग लगाया गया। इस मौके पर गोबर एवं मिट्टी से रसोई को लीप पोतकर साफ सुथरा किया गया। तत्पश्चात घरों की महिलाओं ने पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार पूरी मेहनत मशक्कत से पीठा बनाया। एल्यूमिनियम एवं मिट्टी के बर्तन में दातुन पतई का प्रयोग कर शुद्ध रूप से पीठा बनाया। बाद में इसे पूर्वजों के नाम पर समर्पित किया गया।



बाद में पूरे परिवार ने पीठा का पकवान और खास कर विशेष रूप से बनायी गई सब्जी को सामूहिक रूप से ग्रहण किया। शनिवार को पीठा पर्व के बाद रविवार को आदिवासियों का समूह खत्री खटंगा सीमाने पर कुंडी जाएगा। जहां शराब और हंडिया देकर पूर्वजों को याद किया जाएगा। कुंडी से लौटकर ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में बूढ़ा जतरा का आयोजन किया जाएगा। धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ बेड़ो, बारीडीह, करांजी, खत्री खटंगा, हरिहरपुर जामटोली, डुमरटोली, करंजटोली, टिकराटोली सहित कई गांवों में पीठा पर्व मनाया गया ।

## दिव्यांग देवराज को मिला व्हीलचेयर



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
एसीसी उच्च विद्यालय के निदेशक संजय रुंगटा द्वारा विद्यालय की महिला कर्मचारी सीमा देवी के 15 वर्षीय दिव्यांग पुत्र देवराज कुमार को व्हीलचेयर प्रदान किया गया। संजय रूंगटा के प्रतिनिधि विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह व प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने दिव्यांग बच्चे को व्हीलचेयर दिया। जामवंत सिंह ने कहा कि विद्यालय के निदेशक के द्वारा इस तरह की सामाजिक सेवा समय-समय पर की जाती रही है तथा आगे भी दिव्यांग विद्यार्थियों का सहयोग किया जाता रहेगा। सीमा देवी का पुत्र दोनों पैरों से लाचार है। उसे आवागमन हेतु व्हीलचेयर प्रदान की गई है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक समर सेन, दीनानाथ, कृष्णा, प्रकाश, श्रीकांत, शिक्षिका रूबी, आयशा, रेशमा, नेली आदि व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सुरेश बैठा के नेतृत्व में होगा कांके विस का विकास : साबीर

**खलारी।** खलारी प्रखंड के कांग्रेस अध्यक्ष साबीर अंसारी ने खलारी व राज्य की जनता को बधाई देते हुए कहा कि इस बार फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनना तय हो गया है। कांके में लंबे अंतराल के बाद कांग्रेस को जीत मिलने से खुशी दोगुनी हो गई है। राज्य में और भी अधिक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाएंगी। सुरेश बैठा के नेतृत्व में कांके विधानसभा का चहुमुखी विकास होगा। खलारी में आधारभूत संरचना से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए काम किया जाएगा।

## सन्नी टोप्पो की हार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने अप्रत्याशित बताया

### कांग्रेस में खुशी की लहर

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड में मांडर विधानसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस की प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की की जीत को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर छा गई है। वहीं भाजपा के प्रत्याशी सन्नी टोप्पो की पराजय से भाजपा कार्यकर्ताओं में निराशा छा गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सन्नी टोप्पो की हार को अप्रत्याशित बताया। चरकु साहु ने कहा कि सन्नी टोप्पो की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन उम्मीद के खिलाफ परिणाम आने से भाजपा कार्यकर्ताओं ासकर सन्नी टोप्पो के समर्थकों में निराशा छा गई है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहु ने कहा कि पिछले चुनाव की तरह इस बार भी सरना आदिवासियों को बहलाया फुसलाया गया और भाजपा के खिलाफ उन्हें भड़काया गया। संभवत इसी कारण भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो पिछड़ गए। ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नंदलाल साहु ने कहा कि चुनाव परिणाम भाजपा कार्यकर्ताओं के विचार धाराओं के विपरित आया है। उन्होंने कहा कि संभवत लापुंग सहित अन्य प्रखंडों में मतदाताओं के बीच जमकर धनराशि का वितरण कर सत्तारुढ़ पार्टी के नेताओं ने प्रलोभन देकर चुनाव को प्रभावित किया। वहीं जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रलोभन असर किया। उन्होंने कहा कि हम गोगो दीदी योजना से महिलाओं को प्रभावित नहीं कर पाए। वहीं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र उरांव ने कहा कि इतने बड़े बड़े नेताओं के समर्थन के बावजूद हमारी हार दुर्भाग्यपूर्ण है।



वहीं नाम न छापने की शर्त पर भाजपा के कुछ नेताओं ने कहा कि कुछ तथाकथित नेताओं एवं समाज के अगुआ के द्वारा आदिवासियों के नाम पर समर्थन देने तथा समय पर धोखा देने के कारण भाजपा की पराजय हुई है। यदि आदिवासियों का वोट मिला होता तो भाजपा की प्रचंड जीत होती। लेकिन ऐसा हो नहीं सका। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के खेमा में शिल्पी नेहा तिर्की की जीत से कार्यकताओं में काफी उत्साह और उल्लास देखा जा रहा है। कांग्रेस के नेता देवेंद्र वर्मा ने कहा कि हमारी जीत निश्चित थी। टक्कर कड़ा था लेकिन हमने जीत हासिल कर ही लिया। उन्होंने शिल्पी नेहा तिर्की की जीत को ऐतिहासिक बताया कहा कि पिछले उप चुनाव से भी अधिक मार्जिन से शिल्पी नेहा तिर्की की जीत सुनिश्चित होना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने पूर्व मंत्री बंधु तिर्की एवं क्षेत्र के मतदाताओं को जीत का श्रेय देते हुए कहा कि लापुंग सहित पूरे मांडर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमें फिर से जुट जाना होगा। शिल्पी नेहा तिर्की की जीत पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला, सुदामा महली, जन्मेंजय पाठक, सुरेश साहु, संतोष तिर्की सहित कई लोगों ने विधायक और पूर्व मंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला ने कहा कि हम जल्द ही जीत की खुशी में लापुंग प्रखंड में शानदार विजय जुलूस निकालेंगे। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के परिणाम के अनुसार लापुंग प्रखंड में शिल्पी नेहा तिर्की को 17917 वोट मिले वहीं सन्नी टोप्पो को लापुंग प्रखंड से केवल 14240 ही मिल पाए। लापुंग प्रखंड में कांग्रेस ने भाजपा को 3677 वोटों से पराजित कर दिया।

## सिल्ली जीत पर झामुमो और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**सोनाहातू/राहे।** झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर शनिवार को लोग काफी उत्साहित रहे। समर्थक घर में रहकर टीवी और सोशल मीडिया के माध्यम से रुझान की जानकारी लेते रहे। इससे बाजार और सड़क सुनसान रहे।

शाम को झामुमो प्रत्याशी अमित महतो की जीत की सूचना मिलते ही झामुमो और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के चेहरे में खुशी की लहर दौड़ गई। जीत की सूचना पर भगत सिंह चौक गोमदा, नावागांव चौक, बारेन्दा चौक, जामुदाग चौक, पंडाडीह चौक पर क्षेत्रों के कार्यकर्ता पहुंचे और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा फटाखा फोड़े और खुशी मनाई। इस दौरान कार्यकर्ता शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, अमित महतो जिंदाबाद और सोनिया गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए गए। मौके पर कांग्रेस के राज किशोर मुंडा, त्रिलोचन महतो, झामुमो के देवगुण महतो, संदीप अहीर आदि मौजूद थे। इधर पंडाडीह में कांग्रेस नेता निशिकांत गंझू और सविता देवी के नेतृत्व में जुलूस निकालकर खुशी मनाई गई।

## शराब पिलाकर पीटने और लूटपाट के आरोप में केस दर्ज

**रांची।** नामकुम निवासी राजेश लकड़ा नामक शख्स ने शराब पिलाकर बेहोश कर पिटाई करने और छह हजार रुपए, मोबाइल व एटीएम कार्ड लूटने के आरोप में लोअर बाजार थाने में केस दर्ज कराया है। उसने बताया कि धुर्वा सीआरपीएफ कैंटीन में सामान खरीदने गया था। कैंटीन बंद होने पर वह बच्चों के साथ कांटाटोली चौक चला गया। तभी एक शख्स ने खुद को उसका परिचित बता होटल में ले जाकर जबरन शराब पिलाई और खाना खिलाया। पीड़ित का आरोप है कि यहां से उसे सर्जना चौक एटीएम में ले गया।

## खिजरी से कांग्रेस प्रत्याशी राजेश की लगातार दूसरी बार जीत से कार्यकर्ता खुश

**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
खिजरी से महागठबंधन प्रत्याशी राजेश कच्छप ने भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पहान को लगभग 30 हजार मतों से हराकर दूसरी बार जीत दर्ज की। विधायक ने अपनी जीत का श्रेय क्षेत्र की जनता को देते हुए कहा कि सबके प्यार स्नेह और विश्वास ने उन्हें जिताया है, वे लोगों के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। राजेश की जीत पर उनकी पत्नी रिया तिर्की ने कहा कि लोगों के प्यार को देखते हुए वे वशीभूत हैं। वहीं पिता जगरनाथ कच्छप और मां फगनी कच्छप ने भी बेटे की जीत का श्रेय उनके



मिलनसार स्वभाव और आमजनों से जुड़ाव को दिया। इधर, पूरे क्षेत्र में जगह-जगह समर्थकों द्वारा जीत का जश्न मनाया गया। जोरार में रमेश पांडेय के नेतृत्व में कार्यकताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी और पटाखे फोड़कर मिठाइयां बांटी गई।

# कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की ऐतिहासिक जीत पर खलारी में जश्न

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
कांके विधानसभा क्षेत्र से भाजपा का कोई भी उम्मीदवार चुनाव जीत सकता है, यह मिथक टूट गया। तीन चुनाव से दूसरे नंबर पर रह रहे कांग्रेस के सुरेश कुमार बैठा ने 23वें राउंड पूरा होने पर निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के डॉ जीतूचरण राम से 968 मतों का बढ़त बरकरार रखते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। जनता अपना फैसला बदली और 1985 के चुनाव के बाद एकबार फिर से कांग्रेस पर भरोसा जतायी है। दोपहर बाद से ही आईएनडीआईए गठबंधन के कार्यकर्ता व समर्थक अपने घरों से निकलकर खलारी के चौक चौराहों पर जमा होने लगे। धीरे धीरे खलारी के मुख्य बाजार केडी स्थित हिन्दूगढ़ी चौक पर जीत का जश्न मनाने कार्यकर्ता व समर्थक जुटने लगे। रूझानों में कांके से सुरेश बैठा की बढ़त देखते ही कार्यकताओं का उत्साह बढ़ता गया। अंतर कम होता जा रहा था फिर भी कार्यकताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। इसबार वे जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त थे। अंततः 23वें राउंड के बाद सुरेश बैठा के जीत की घोषणा कर दी गई। हिन्दूगढ़ी चौक पर पटाखे जलाए जा रहे थे वहीं जीत के नारे भी लगते रहे। कांग्रेस के अलावा झामुमो, राजद कार्यकर्ता एक दूसरे को जीत की बधाई देते दिखे। मिठाई खाने खिलाने का दौर चलता रहा। कभी कांग्रेस की ओर से तो कभी झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से। देर रात तक रूक रूक कर पटाखों की आवाज सुनाई देती रही। जश्न मनाने वालों में खलारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष साबीर अंसारी, राजेशसिंह मिंटु, झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, रंजनसिंह बिट्ठु, मोनू सिंह, कुमूद रंजन, मनीश भुईयां, अजय सिंह बबलू, बीरेन्द्र यादव, भोला यादव, सुरेन्द्र यादव, प्रिंस सिंह, जहीर अंसारी, रबूल खान, शौकत अंसारी, असलम अली, विकास सिंह, चंदा देवी सहित काफी संख्या कांग्रेस, झामुमो एवं राजद कार्यकर्ता शामिल थे।



### हेमंत सोरेन के कल्याणकारी योजनाओं का नतीजा है यह जीत : अनिल

झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड के अध्यक्ष अनिल पासवान ने कांके से आईएनडीआईए गठबंधन के जीत पर कहा कि कांके सहित राज्य भर में आईएनडीआईए गठबंधन की जीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कल्याणकारी योजनाओं का नतीजा है। हेमंत सोरेन के द्वारा मंइयां सम्मान योजना, अबुआ आवास, घरेलु उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफी का निर्णय जैसी कल्याणकारी योजनाओं के बदले जनता ने जीत के रूप में इनाम दिया है।

# पंडरा बाजार समिति के बाहर जीत पर एक साथ मनाई होली और दिवाली

**रांची।** शनिवार का दिन और स्थान कृषि बाजार समिति परिसर। मतगणना केंद्र के बाहर पंडरा रोड पर मतों का परिणाम सुबह से आने शुरू हुए। बीच-बीच में चुनावी परिणामों की सूचनाएं मिल रही थीं। चुनावी दौड़ में अपने प्रत्याशी के आगे बढ़ने की सूचना मिली तो कार्यकर्ता जश्न में नाचते हैं। दोपहर तक समर्थकों की भीड़ बढ़ती गयी और सभी पूरे जोश में आ गए। उनकी खुशी आसमान छूने लगी। तरह-तरह के ढोल-नगाड़े बजने लगे। मतगणना केंद्र के बाहर सड़क पर दिन के तीन बजे से विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, कार्यकर्ता व समर्थकों की भीड़ का जमावड़ा लग गया। कार्यकर्ताओं की खुशियां उफान पर थीं। शाम तक बाजार समिति के आसपास में मेले सा माहौल था। पंडरा मतगणना केंद्र के बाहर दिन के 12 बजे से गहमागहमी शुरू हो गयी थी। भाजपा, कांग्रेस व झामुमो पार्टी की ओर से सड़क के किनारे बनाए गए शिवर में समर्थक सबसे पहले पहुंचे। इसके बाद धीरे-धीरे पार्टी के नेताओं का आना शुरू हुआ।

## नई सरकार की गठन से हम आशान्वित: एफजेसीसीआई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखण्ड में नई सरकार के गठन पर फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने सभी विजयी प्रत्याशियों को व्यापार और उद्योग जगत की ओर से बधाई दी। चैंबर ने कहा कि राज्य में नई सरकार के गठन से हम आशान्वित हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि सरकार द्वारा आरंभ की गई पूर्व की योजनाओं के क्रियान्वयन में सकारात्मक पहल की जायेगी।

राज्य में वृहद् स्तर पर औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की बात कहते हुए चैंबर ने उद्योगों के अनुकूल नीतियों का निर्धारण करने की बात पर बल दिया। नई सरकार के गठन से चैंबर ने झारखण्ड में भवन नियमितीकरण



योजना को जल्द प्रभावी करने, कृषि बिल को स्थाई रूप से समाप्त करने, लैंड रिफॉर्म्स की दिशा में कार्रवाई करने, वृहद् स्तर पर औद्योगिकीकरण हेतु नये-नये इंडस्ट्रीयल एरिया की स्थापना करने, खासमहल से प्रभावित जिलों के विकास हेतु विचार करने, बंद पडे खदानों को खोलने की पहल करने, अन्य राज्यों की भांति झारखण्ड के सभी प्रमुख शहरों में फ्लाईओवर और रिंगरोड का निर्माण करने, अतिरिक्त ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना करने, पर्यटन विकास की संभावनाओं पर ठोस पहल करते हुए इसमें स्थानीय स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। यह भी कहा गया कि राज्य में मैनुफैक्चरिंग हब बनने की प्रबल संभावना है। फॉर्मा पार्क, आइटी पार्क और वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के निर्माण से राज्य में निवेश की संभावनाओं को गति मिलेगी। नई सरकार को इन सभी मुद्दों पर मिलकर पहल करनी चाहिए।

## नाली में गिरकर रामगढ़ के कोयला व्यापारी की खलारी में हुई मौत


**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
रामगढ़ के कोयला व्यापारी दिलीप राम की मौत खलारी थाना क्षेत्र के केडीएच रेलवे साइडिंग के पास सड़क किनारे नाली में गिरने से हो गई। घटना शनिवार की शाम पांच बजे की है।

रामगढ़ के चट्टी निवासी 50 वर्षीय दिलीप राम कोयला कारोबार के सिलसिले में शनिवार को डकरा पहुंचे थे। कोयला देखने के लिए वे केडीएच परियोजना की रेलवे साइडिंग के पास पांच नंबर कांटाघर के पास खड़े कोयला लदे ट्रक के पास पहुंचे और ट्रक के ऊपर चढ़कर मोबाइल से कोयला की तस्वीर खींची। जिस जगह ट्रक खड़ा था उसके बगल में सड़क के किनारे नाली थी। जिसे पार करने के दौरान वे उसमें अनियंत्रित होकर गिर गए। नाली में गिरने से उनके सिर पर गंभीर चोट लगी। घायल अवस्था में उन्हें डकरा अस्पताल में लाया गया, जहां कुछ देर बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। फिलहाल शव को डकरा अस्पताल के मार्चरी में रखा गया है।

## राजेश कच्छप की जीत पर सिकिदिरी में कांग्रेसियों ने निकाला विजय जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता। अनगड़ा**
खिजरी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप की जीत पर सिकिदिरी में कांग्रेसियों ने शनिवार को पूर्व पंचायत समिति सदस्य महेश गंझू और दिव्यांग एकता मंच के ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष कलाम अंसारी के संयुक्त नेतृत्व में विजय जुलूस निकाला। जुलूस सिकिदिरी बैंक मैदान से शुरू होकर थाना चौक होते हुए बस स्टैंड तक गया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों ने राहुल गांधी जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद और कल्पना सोरेन जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। बस स्टैंड पहुंचकर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। जुलूस में पूर्व मुखिया श्रवण कुमार मुंडा, फारुख खान, प्रकाश कुमार यादव, अनिल ठाकुर, अजगुत करमाली, निर्मल करमाली, अर्जुन साहू, कलीमुद्दीन अंसारी उर्फ गुलगुल, रणवीर सिंह, अहलू वालिया, तौकिर अहमद, शेख अनवर,प्रदीप साहू, उमेश बेदिया और बालेशवर भोगता आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## हजारीबाग विधानसभा



हजारीबाग विधानसभा से प्रदीप प्रसाद, बरही विधानसभा से मनोज यादव, बरकट्ठा विधानसभा से अमित कुमार यादव जीते, कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर खुशी मनायी





सरकार नहीं बना पाए पर जीत की खुशी दुगुनी

### डिवाइन पब्लिक स्कूल में 76 वां एनसीसी स्थापना दिवस मनाया गया

**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में 1948 ई0 में स्थापित एनसीसी का 76 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स के द्वारा बैंड बाजे की धुन के साथ मार्च पास्ट के अलावा भाषण तथा कविता वाचन प्रतियोगिता तथा सामाजिक विकास के कार्यक्रम आयोजित किए गए।वहीं विद्यालय के निदेशक आईपी भारती ने बताया कि एनसीसी की स्थापना देश में 1948 में युवाओं को सशस्त्र बलों में अपना करियर बनाने और नेतृत्व, अनुशासन, टीम वर्क और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना जैसे गुणों को विकसित करने के लिए की गई थी। उन्होंने बताया एनसीसी स्थापना दिवस प्रतिवर्ष नवंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व एनसीसी कैडेट्स समेत उनके अभिभावको सम्मानित किया गया। जिनमें करण कुमार, तूलेश्वर कुमार,सागर कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, हिमांशु टुडू, प्रिंस कुमार , मुकेश कुमार स्वेच्छा राय, श्रुति कुमारी आदि शामिल रहे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्वाति रंजन ने बताया कि युवाओं के चरित्र को बेहतर करने, अनुशासन नेतृत्व और दृढ़ देश भक्ति के मूल्यों को प्रदान करने के लिए एनसीसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट के द्वारा साफ सफाई अभियान तथा नशा मुक्ति पर विद्यालय से पचपेड़ी चौक तक रैली का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व एनसीसी ऑफिसर प्रीति प्रभा ने किया।

सदर विधानसभा क्षेत्र से प्रदीप प्रसाद की ऐतिहासिक जीत पर समर्थकों में उमंग और उत्साह

# यह जीत मेरी नहीं, सदर विधानसभा की जनता की जीत है : प्रदीप प्रसाद

**हजारीबाग/दारु।** सदर विधानसभा क्षेत्र में हुए विधानसभा चुनाव में प्रदीप प्रसाद ने एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को मुन्ना सिंह को 43516 मतों से हराते हुए उन्होंने जनता का अपार विश्वास और समर्थन हासिल किया। उन्हें कुल 137372 मत प्राप्त हुए हैं, प्रत्येक मतगणना राउंड में प्रदीप प्रसाद ने अपनी बढ़त बनाए रखी, जो इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें एक प्रभावशाली और भरोसेमंद नेता के रूप में स्वीकार किया है।

### सामाजिक सेवा बनी जीत की आधारशिला


प्रदीप प्रसाद पिछले कई वर्षों से सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए कई योजनाओं को जमीन पर उतारा है। उनके कार्यों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता, और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना शामिल है। उनकी ईमानदारी, सादगी और जनता के प्रति समर्पण ने उन्हें आम जनता के बीच लोकप्रिय बना दिया।

### जनता ने दिया विश्वास का वोट

चुनाव परिणाम ने यह स्पष्ट कर दिया कि क्षेत्र की जनता ने विकास, ईमानदारी और नेतृत्व क्षमता को प्राथमिकता दी है। मतदान के दौरान हर वर्ग के लोगों ने उनका समर्थन किया। विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं में उनके प्रति भारी उत्साह देखा गया।

### जश्न और विजय जुलूस का नजारा

प्रदीप प्रसाद की जीत की घोषणा होते ही क्षेत्र में जश्न का माहौल बन गया। जिला मोड़ से शुरू हुआ विजय जुलूस पूरे क्षेत्र में घूमते हुए ऐतिहासिक बन गया। हजारों की संख्या में समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ अपनी खुशी व्यक्त की। जुलूस के दौरान फूलों की वर्षा और पटाखों की गूंज ने माहौल को उत्सवमय बना दिया।



### अपनी ऐतिहासिक जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदीप प्रसाद ने कहा,

यह जीत मेरी नहीं, सदर की जनता की जीत है। मैं इस क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा। आप सबने मुझ पर जो भरोसा दिखाया है, मैं उसे कभी टूटने नहीं दूंगा। अब हमारा अगला कदम सदर को विकास और खुशहाली का एक आदर्श उदाहरण बनाना होगा। प्रदीप प्रसाद ने अपने चुनावी अभियान के दौरान जनता से किए गए वादों को दोहराते हुए कहा कि अब प्राथमिकता क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना, रोजगार के नए अवसर पैदा करना, और स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाना होगा। सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने यह साबित कर दिया कि वे कर्मशील और जनसेवा के लिए समर्पित नेताओं का साथ देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह जीत क्षेत्र की राजनीति में एक नई दिशा और सकारात्मक बदलाव का संकेत है। प्रदीप प्रसाद और उनके समर्थकों के लिए यह जीत न केवल एक सफलता है, बल्कि क्षेत्र में विकास और एक नई उम्मीद की शुरूआत भी है।

जिले में एनडीए प्रत्याशियों की प्रचंड जीत पर हजारीबाग सांसद ने दी बधाई

# हजारीबाग वासियों ने विकास के लिए दिया अपना वोट : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के कुशल और सफल नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र और हजारीबाग जिले में एनडीए गठबंधन ने इतिहास रच दिया है। हजारीबाग जिले के सभी पांच विधानसभा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी चारों विधानसभा क्षेत्र में एनडीए का पताखा लहराया है। हजारीबाग जिले से इस बड़ी जीत सुनिश्चित होते ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल अत्यंत हर्षित होकर बाजार समिति स्थित मतदान केंद्र पहुंचे और जीते हुए प्रत्याशियों से मिलकर उन्हें बधाई दिया और विक्ट्री निशान दिखाकर खुशी का इजहार किया । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मतगणना केंद्र में मीडिया से बात करते हुए खुशी का इजहर करते हुए कहा कि हजारीबाग की जनता ने एनडीए प्रत्याशियों विशेषकर भाजपा प्रत्याशियों को अपना भरपूर स्नेह, प्रेम और समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि गर्व की बात



यह है कि बीजेपी प्रत्याशियों के बड़े मार्जिन के जीत में हजारीबाग एक, दो और तीन नम्बर पर संभवतः रहेगा।

सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र और जिले के तमाम मतदाताओं का आभार जताते हुए धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने विकास के लिए अपना वोट दिया है हमलोग मिलकर हजारीबाग को आगे ले जाने का पूरा प्रयास करेंगे। झारखंड की सत्ता पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड की जनता ने जिन्हें जनादेश दिया है वह सरकार चलाएंगे लेकिन पहले की तरह हम लोग मजबूत विपक्ष की भूमिका में राज्यहित और राज्य के जनता के हित में कार्य करेंगे ।ज्ञात हो कि हजारीबाग जिले से बरही से बीजेपी के मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा से बीजेपी प्रत्याशी अमित कुमार यादव, बड़कागांव से बीजेपी प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, मांडू से आजसू के निर्मल महतो उर्फ. तिवारी महतो, हजारीबाग सदर से बीजेपी के प्रदीप प्रसाद ने जीत दर्ज किया है ।

### यह जीत बरही विस की जनता की जीत है : मनोज



**बरही।** एनडीए के साझा उम्मीदवार सह भाजपा उम्मीदवार मनोज कुमार यादव ने बरही विस से बड़े अंतर के साथ जीत दर्ज कर इतिहास रचने का काम किया है. इन्होने झारखंड में सर्वाधिक मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रत्याशी इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार अरुण साहू को 49291 मतों से पराजित किया है. श्री साहू को 63983 मत प्राप्त हुए. वही निवर्तमान विधायक सह सपा उम्मीदवार उमाशंकर अकेला यादव 23629 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर भाजपा प्रत्याशी से 89645 मत से पीछे रहे. नवनिर्वाचित विधायक श्री यादव ने संयुक्त बिहार के 1995 का इतिहास दूहराते हुए एक बड़े जीत हासिल किया है.जो झारखंड के सभी उम्मीदवारों में सर्वाधिक है. मतगणना के प्रथम राउंड पोस्टल बैलेट से ही भाजपा प्रत्याशी बढ़त बने रखे जो अंतिम 20वें राउंड तक बरकरार रहा. 20वें राउंड के गणना के बाद विजय की घोषणा होते ही समर्थको में खुशी का ठिकाना नहीं रहा. गुलाल लगाते हुए एक दूसरे को जीत की बधाई देने लगे. वही विजयी प्रत्याशी श्री यादव ने सभी कार्यकर्ताओ से जोश में होश नही खोने की अपील करते हुए संयमित तरीको से विजयोत्सव मनाने की अपील किया. जनता के इस विश्वास के लिए उन्होंने ने जनता का अभार जताते हुए इस जीत को जनता का जीत बताया है।

### रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** 23 नवंबर 2024 को राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में एचडीएफसी बैंक एवं राधा गोविंद विश्वविद्यालय के संयुक्त रूप से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार परीक्षा नियंत्रक प्रो( डॉ) अशोक कुमार , प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार,एवं एचडीएफसी बैंक मैनेजर संदीप गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रक्तदान शिविर में विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण , शिक्षकगण एवं छात्र -छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 23 लोगों ने रक्त दान किया।

एचडीएफसी बैंक के मैनेजर संदीप गुप्ता ने कहा की बैंक प्रत्येक वर्ष अलग अलग क्षेत्रों में शिविर लगाने का कार्य किया है। इस बार राधा गोविंद विश्वविद्यालय में सेवा करने का मौका मिला। और पूरे विश्वविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया । टीम ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने रक्तदान कर रहे सभी को हार्दिक बधाई का संदेश दिया और उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का पुनीत कार्य है । कार्यक्रम एचडीएफसी बैंक के पूरे टीम के सहयोग से संपन्न हुआ।

मौके पर विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष , विभागाध्यक्ष , व्याख्यातगण , एचडीएफसी बैंक के अश्विनी कुमारी , संपत चौरसिया , शिखा,तरुण तूलिका एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# रामगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी हुई विजयी

कार्यकताओं ने मनाया जश्न,फोड़े पटाखे

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए 23 नवंबर को मतगणना हुई। रामगढ़ और बड़कागांव विधानसभा चुनाव के लिए रामगढ़ कॉलेज में मतगणना संपन्न हुई। जहां रामगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी विजय घोषित हुई । उन्होंने अपने निकटमत प्रतिद्वंदी आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 6501 मतों से पराजित किया। ममता देवी को 88536 मत मिले जबकि उनके निकटतक प्रतिद्वंदी आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 82035 मत मिले। जेएलकेएम के पनेश्वर कुमार को 69377 मत मिले।

रामगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए पहले राउंड के लिए हुई मतगणना में आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 7166 मत, कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी को 4123 मत और जेएलकेएम 418 मत प्राप्त हुए। दूसरे राउंड की मतगणना में सुनीता चौधरी 15233 मत, ममता देवी 8213 मत और पनेश्वर कुमार 984 मत प्राप्त कर चुके थे।

तीसरे राउंड की मतगणना तक आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी 23342 मत, कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी 11285 मत और जेएलकेएम प्रत्याशी पनेश्वर कुमार 2254 मत प्राप्त कर चुके थे। चौथे राउंड के मतगणना तक आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी 27650 , कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी 16126 और जेएलकेएम प्रत्याशी पनेश्वर कुमार को 4074 मत मिले। पांचवे राउंड तक आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी 32404 मत, कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी 19875 मत और जेएलकेएम प्रत्याशी पनेश्वर कुमार 9451 मत प्राप्त कर चुके थे। छठे रांउंड तक सुनीता चौधरी को 36446, ममता देवी को 24856 व पनेश्वर कुमार को 14528 मत प्राप्त हुए। सातवें राउंड तक सुनीता चौधरी को 39237, ममता देवी को 30017 और पनेश्वर कुमार को 19659 मत मिले। आठवें राउंड तक सुनीता चौधरी को 41818,ममता देवी को



33526 और पनेश्वर कुमार को 24814 मत प्राप्त हुआ। 9वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 44838, ममता देवी को 37269 और पनेश्वर कुमार को 30423 मत प्राप्त हुआ। 10वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 48134, ममता देवी को 41417 और पनेश्वर कुमार को 34098 मत मिला। 11वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 52427 मत, ममता देवी को 43827 मत और पनेश्वर कुमार को 38794 मत मिला। 12वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 56047 मत, ममता देवी को 49548 और पनेश्वर कुमार को 39826 मत मिला। 13वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 53534 मत, सुनीता चौधरी को 60219 मत, ममता देवी को 53534 मत और पनेश्वर कुमार को 42856 मत मिला। 14वें राउंड तक सुनीता चौधरी 63324 मत, ममता देवी को 59017 मत और पनेश्वर कुमार को 45498 मत मिला। 15वां राउंड तक सुनीता चौधरी को 66449, ममता देवी को 63989 और पनेश्वर कुमार को 49163 मत मिला। 16वें राउंड राउंड तक सुनीता चौधरी को 70747, ममता देवी को 68392 और पनेश्वर कुमार को 53580 मत मिला। 17वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 76541, ममता देवी को 77601 और पनेश्वर कुमार को 60638 मत मिला। 18वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 78735, ममता देवी को 81786 और पनेश्वर कुमार को 65294 मत मिला। 20वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 81058, ममता देवी को 87372 और परेश्वर कुमार को 68696 मत मिला।

# बरही से भाजपा ने कांग्रेस को दी पटखनी मनोज पांचवीं बार बने विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

कांग्रेस के तासीर समझे जाने वाले बरही- 21 विस को भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने 2014 का इतिहास दुहराते हुए कांग्रेस से यह सीट एक बड़े अंतर से सीट लिया है. इन्होने इडी के साझा उम्मीदवार कांग्रेस पार्टी के अरुण साहू को 49291 मतों से पराजित कर भाजपा से पहली बार और बरही विस से पांचवीं बार विधायक बनने का गौरव प्राप्त किया है. इस चुनाव में कांग्रेस को 63973 और निवर्तमान विधायक सह सपा उम्मीदवार उमाशंकर अकेला यादव 23629 मत प्राप्त हुए. नव निर्वाचित विधायक श्री यादव की लोकप्रियता का ही परिणाम है कि बिना किसी स्टार प्रचारक के इन्होंने झारखंड में एक बड़े जीत के अंतर से जीत दर्ज कर इतिहास रचने का काम किया है. विदित हो कि श्री यादव इसके पूर्व बरही विस में कांग्रेस से चार बार विधायक निर्वाचित हो चुके है. 2019 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा से जुड़े, जहां कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी और वर्तमान सपा प्रत्याशी श्री अकेला से पराजय का सामना करना पड़ा था. ज्ञातव्य हो कि भाजपा ने बरही विस से 2014 में श्री अकेला के नेतृत्व में पहली बार जीत दर्ज कर खाता खोलने का काम किया था. 2024 की जीत भाजपा के लिए दूसरी जीत है. 2019 के चुनाव में बीजेपी में शामिल हुए श्री यादव को कांग्रेस का दामन थामने वाले श्री अकेला से हार का सामना करना पड़ा था.

2024 के चुनाव में बरही विस से कुल 17 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे. जिसमे कांग्रेस के अलावा किसी ने भी अपनी जमानत नहीं बचा सका. इस चुनाव में भाजपा के मनोज कुमार यादव को 113,274, कांग्रेस के अरुण साहू को 63983, सपा के उमाशंकर अकेला यादव को 23629, जेएलकेएम के कृष्ण कुमार यादव को 4897, निर्दलीय (अटल विचार मंच) रामशिष सिंह को 3056, अविंनाश आर्य को 2352, बिरजू पासवान को 2273,बसपा के संतोष रविदास को 1868,, निर्दलीय मो सेराज को 1212, बद्री यादव को 913, डॉ बालेश्वर राम को 782, पुरुषोत्तम कुमार पांडेय (अखिल भारतीय हिंदू महासभा) को 424, निर्दलीय शिव कुमार राम को 398, एनसीपी के महेश ठाकुर को 304, अर्जुन प्रसाद केसरी को 298, दिलीप कुमार चंद्र को 272, केदार प्रसाद यादव को 250 और नोटा को 1508 मत प्राप्त हुए. जिसमे कांग्रेस, सपा, बसपा, जेएलकेएम, अटल विचार मंच, निर्दलीय बिरजू पासवान, और अविनाश आर्य को छोड़ अन्य उम्मीदवारों को नोटा (कुल मत 1508 ) से भी कम वोट प्राप्त हुए हैं।

# बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी हुए विजयी

कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को किया पराजित




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

बड़कागांव 22 विधानसभा चुनाव के लिए रामगढ़ कॉलेज में शनिवार को मतगणना हुई। जिसमें भाजपा प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी को 122904 मत , कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को 91798 मत मिले जबकि जेएलकेएम प्रत्याशी बालेश्वर कुमार को 26433 मत मिले। इससे पूर्व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बड़कागांव विधानसभा के लिए मतगणना आरंभ हुई। बड़कागांव विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना के पहले राउंड में भाजप प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी को 4911 वोट, कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को 3523 मत और जेएलकेएम के बालेश्वर कुमार को 2850 मत मिला। 5वें राउंड में रौशनलाल चौधरी को 27024 मत, अंबा प्रसाद को 14924 मत और बालेश्वर कुमार को 11718 मत मिले।

6ठे राउंड तक रौशनलाल चौधरी को 31003 मत, अंबा प्रसाद को 18149 और बालेश्वर कुमार को 14111 मत मिला। 7वें राउंड तक रौशनलाल चौधरी को 38223, अंबा प्रसाद को 21068 और बालेश्वर कुमार को 15680 मत मिला। 11वें राउंड के बाद रौशनलाल चौधरी को 62626, अंबा प्रसाद को 37969 और बालेश्वर कुमार को 19858 मत मिले। अंतिम राउंड की मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी को 124468 मत, कांग्रेस प्रत्यशी अंबा प्रसाद को 93075 मत और जेएलकेएम के बालेश्वर कुमार को 26867 मत मिले । इस प्रकार भजपा प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी 31393 मतों से विजय हुए ।



विजयी मुद्रा में भूषण बाड़ा निर्णायक मंड़या की भीड़ के साथ

# सिमडेगा विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार कांग्रेस के भूषण बाड़ा जीते

**नवीन मेल संवाददाता**


**सिमडेगा।** सिमडेगा विधानसभा सीट से एक बार फिर कांग्रेस के भूषण बाड़ा ने 8515 वोटों से जीत हासिल की है। सिमडेगा विधानसभा सीट की गणना कांटे के टक्कर के साथ शुरू हुई। शुरू के 7 राउंड तक भाजपा कांग्रेस से आगे रही। इस दौरान भाजपा खेमे में उत्साह लगातार परवान चढ़ता रहा लेकिन फिर आठवें राउंड से उन्हें निराशा हाथ लगी। आठवें राउंड में कांग्रेस के भूषण बाड़ा ने 660 वोट के अंतर से बढ़त बनाई।

जो निरंतर बढ़ती चली गई। अलग-अलग जगहों के ईवीएम खुलने और मतों का अंतर घटने की आस में भाजपा समर्थक जमे रहे लेकिन यह अंतर बढ़ता रहा। 22वें राउंड के बाद कांग्रेस के भूषण बाड़ा ने भाजपा के श्रद्धानंद बेसरा को 8515 वोट से पराजित कर जीत का सेहरा अपने नाम किया।

बता दें कांग्रेस के भूषण बाड़ा ने 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के श्रद्धानंद बेसरा से महज 285 वोट से जीत हासिल किया था। जीत का अंतर कम देखते हुए इस बार भाजपा ने पूरा जोर लगाया था। हालांकि इस बार के समीकरण अलग थे। बताया गया कि कई जगह से भाजपा को उम्मीद के अनुसार वोट नहीं मिले।

## श्रद्धानंद को 8515 वोटों से हराकर भूषण बाड़ा ने जीत का सेहरा अपने नाम किया

**सिमडेगा।** सिमडेगा से कांग्रेस के उम्मीदवार भूषण बाड़ा को 73711,भाजपा से श्रद्धानंद बेसरा को 65196,झापा से आइरिन एक्का को 16427 वोट मिले।वहीं जेएलकेएम पार्टी के उम्मीदवार सुमन कुल्लू को 1713,बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार अनुज कोंडेश्वर राम 1569,जिजीपी पार्टी के उम्मीदवार प्रफुल्ल चन्द्र बेसरा को 636 एवं भारत आदिवासी पार्टी के उम्मीदवार शिशिर टोप्पो को 413 वोट प्राप्त हुए।निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े शांतिबाला केरकेट्टा को 2007,शुशील लकड़ा को 1968,बिनोद केरकेट्टा 1108,मोनिका मिंज को 436,बसंत कुमार डुंगडुंग को 286,नीरज लोहरा को 239 एवं अरुण ब्रिजेश बड़ाईक को 182 मत प्राप्त हुए।वहीं नोटा में कुल 1824 पड़े।





## सिमडेगा में सच जीता है विकास जीता है: भूषण बाड़ा

सिमडेगा:-सिमडेगा विधानसभा सीट दुबारा जितने के बाद विधायक भुषण बाड़ा ने हर्ष व्यक्त करते हुए जनता जनार्दन एवं इंडिया गठबंधन कार्यकर्त्ताओं के प्रति आभार जताया है। उन्होंने जीत का श्रेय सिमडेगा की जनता जनार्दन एवं कार्यकर्ताओं को दिया है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर सिमडेगा की जनता ने कमाल कर दिया। हमें हर जाति और वर्ग के लोगों ने वोट दिया है। भुषण बाड़ा ने कहा कि यह विश्वास की जीत है। विकास की जीत है। जनता की जीत है। नए सिमडेगा की जीत है। उन्होंने कहा कि हम विकसित सिमडेगा के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। हमें ना रुकना है, ना थकना है। हमें सिमडेगा की हर जनता को सशक्त और मजबूत बनाना है। आज इस दिशा में हमने मिलकर एक सशक्त कदम उठाया है। इस जीत के लिए जनता-जनार्दन को नमन है। भुषण बाड़ा ने कहा कि सिमडेगा में सच जीता है, विश्वास जीता है। युवा जीता है, गरीब जीता है। यह सिमडेगा के आकांक्षाओं की जीत है, सिमडेगा के गौरव की जीत है।



## मतगणना को लेकर सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

मतगणना को लेकर सिमडेगा महाविद्यालय एवं आस पास के क्षेत्रों में जिला निर्वाची पदाधिकारी के निर्देश पर चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए गए थे। हर चौक चौराहे पर पुलिस की तैनाती की गई थी। मतगणना केंद्र के भीतर जाने से पूर्व सभी मतगणना कर्मियों एवं राजनीतिक दलों के कर्मियों की तलाशी लेकर ही अंदर जाने की अनुमति दी जा रही थी। जिला पुलिस कप्तान सौरभ कुमार खुद मोर्चा संभाले हुए थे।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मतगणना केंद्र से बाहर निकल मनाया जश्न



मतगणना खत्म होने के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल था। सभी कार्यकर्ता खुशी से गदगद थे। विधायक भूषण बाड़ा के जीतने के पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ जश्न मनाते हुए एक दूसरे को बधाई दिया। इधर शहरी क्षेत्र के महावीर चौक झूलन सिंह चौक खैरण टोली,भट्टी टोली इत्यादि क्षेत्रों में लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ जश्न मनाया।

## मायूस दिखे भाजपा के उम्मीदवार श्रद्धानंद बेसरा

कांग्रेस उम्मीदवार भूषण वाड़ा से दोबारा हर मिलने के बाद भाजपा के उम्मीदवार श्रद्धानंद बेसरा मायूस होकर मतगणना केंद्र से बाहर निकलते हुए दिखे। मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन का जो भी फैसला है वह स्वीकार्य है। बताते चलें कि जिन-जिन क्षेत्रों से भाजपा वोट मिलने की उम्मीद थी परंतु उन क्षेत्रों से ही भाजपा को निराशा मिली।



### कोलेबिरा विधानसभा सीट से कांग्रेस के नमन विक्सल कोंगाड़ी की हैट्रिक

## भाजपा के सुजान जोजो को 37031 वोटों से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा की जनता ने एक बार फिर से कांग्रेस के नमन विक्सल कोंगाड़ी को जीत का ताज पहनाया है। नमन विक्सल कोंगाड़ी ने लगातार तीसरी बार कोलेबिरा विधानसभा सीट से जीत हासिल की है। 20वे राउंड के बाद कोलेबिरा विधानसभा का फ़ैसला हुआ। जिसमें कांग्रेस के नमन विक्सल कोंगाड़ी 74 हजार 403 वोट मिले।भाजपा के सुजान जोजो को 37985 और झापा के विभव संदेश एक्का को 18708 वोट मिले। इस तरह कांग्रेस के नमन विक्सल कोंगाड़ी 37031 वोट से चुनाव जीत गए।इस तरह कोलेबिरा विधानसभा सीट से उन्होंने एक बड़ी जीत दर्ज की है।नमन विक्सल कोंगाड़ी कोलेबिरा विधानसभा सीट से 2018 के उप चुनाव में पहली बार जीत हासिल कर कोलेबिरा के विधायक बने थे। इसके बाद 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी सुजान जोजो को 12,338 मतों से पराजित कर विधायक बने थे।



## बांटने की कोशिश करने वालों को हार मिली,लोकतंत्र की जीत हुई : विक्सल कोंगाड़ी

विधानसभा चुनाव में कोलेबिरा से कुल 72,851 मत प्राप्त करनेवाले और अपने नजदीकी प्रतिद्वंद्वी भाजपा के सुजान जोजो से 35,293 वोट अधिक लाकर लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करनेवाले कांग्रेस के प्रत्याशी नमन विक्सल कोंगाड़ी ने अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए जनता को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जनता को मांस- मदिरा का लालच दिया गया, झूठ का पुलिंदा पेश किया गया। इसके बावजूद जनता ने उन पर विश्वास जताया और उन्हें विजयी बनाया। इसके लिए वे जनता के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की जीत हुई है। संविधान की जीत हुई है। बांटने की कोशिश करने वालों को हार मिली है। झारखंड के नए मंत्रिमंडल में मंत्री बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके लिए कई बिंदुओं पर विचार करके आलाकमान फैसला करती है। विधायक रहते हुए भी उन्होंने जनहित में कई कार्य किए हैं, आगे भी कोई कमी नहीं रखेंगे।



## सिमडेगा से कॉंग्रेस प्रत्याशी भूषण बाड़ा की जीत पर जामा मस्जिद अंजुमन ने निकाला विजय जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** सिमडेगा विधान सभा से इंडिया गठबंधन के कॉंग्रेस प्रत्याशी भुषण बाड़ा की दूसरी बार शानदार जीत पर कुरडेग में जामा मसजिद अंजुमन के सदस्यों ने बिजय जुलूस निकाला।एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। कॉंग्रेस पार्टी जिन्दाबाद , राहुल सोनिया जिन्दाबाद , भुषण बाड़ा जिन्दाबाद , क्यों पड़े हो चक्कर में कोई नही है टक्कर में जैसे नारों से वातावरण गुंजित रहा । मौके पर मौजूद जामा मस्जिद अंजुमन के सदर मो० सब्बानी ने कहा कि यह लोकतंत्र एवं संबिधान बचाने की जीत है उन्होंने कॉंग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने पर सभी मतदाताओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यबाद दिया साथ ही कहा कि नई सरकार सभी वर्गो को साथ लेकर चलेगी । मौके पर अंजुमन के सचिव मो० इम्तियाज , कोषाध्यक्ष मो० अरशद , मो० शमीम (फुना) , असगर , उमर , वार्ड सदस्य अयुब , जावेद , शाहीद , नौशाद , मो० फिरोज , मोनाजीर , तौकीर के अलावे अंजुमन के अन्य सदस्य मौजूद रहे ।

## जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के विरूद्ध चला छापामारी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता एवं छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में पिछले सप्ताह दिनांक-14.11.24 से 20.11.24 तक थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान पांच सौ अठहत्तर (578) किलोग्राम जावा महुवा तथा पांच (05) लीटर अवैध देशी शराब विनष्ट किए गए हैं, और अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी विनष्ट किया गया है।जानकारी देते हुए एसपी सौरभ कुमार ने सिमडेगा की जनता से अनुरोध किया कि अवैध शराब की रोकथाम एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सिमडेगा पुलिस का सहयोग करें। अपने आस पास के लोगों को जागरूक करें और अवैध शराब बनाने और बिक्री करने से संबंधित कोई भी सूचना नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) के मोबाईल नम्बर 9262998531पर निश्चित रूप से दें।



## तबोरियन फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया

**कुरडेग।** होली फैमिलि स्कूल में आयोजित तबोरियन फुटबॉल टूर्नामेन्ट का फाइनल मैच खेला गया।मैच का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।फाइनल मैच होली फैमिलि एवं सेक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया ।निर्धारित समय में दोनों टीम बराबर रही।पेनल्टी में होली फैमिलि स्कूल ने 5-4 से जीत दर्ज की और चैम्पियन बना।वहीं तृतीय स्थान के लिए खेला गया मैच में निर्मला हाई स्कूल ने आरसी बालक मध्य वि कुरडेग को हराया।विजेता ,उपविजेता एवं तृतीय स्थान टीम को शील्ड एवं नगद राशि पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।मौके पर फा विपिन किशोर सोरेंग,फा रंजीत डुंगडुंग,प्रिसिंपल अन्तोनी ए राजा,जगदीश जयसवाल,आदि उपस्थित थे।

# सिमडेगा में सच जीता है विकास जीता है: भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधानसभा सीट दुबारा जितने के बाद विधायक भुषण बाड़ा ने हर्ष व्यक्त करते हुए जनता जनार्दन एवं इंडिया गठबंधन कार्यकर्त्ताओं के प्रति आभार जताया है। उन्होंने जीत का श्रेय सिमडेगा की जनता जनार्दन एवं कार्यकर्ताओं को दिया है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर सिमडेगा की जनता ने कमाल कर दिया। हमें हर जाति और वर्ग के लोगों ने वोट दिया है। भुषण बाड़ा ने कहा कि यह विश्वास की जीत है। विकास की जीत है। जनता की जीत है। नए सिमडेगा की जीत है। उन्होंने कहा कि हम विकसित सिमडेगा के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। हमें ना रुकना है, ना थकना है। हमें सिमडेगा की हर जनता को सशक्त और मजबूत बनाना है। आज इस दिशा में हमने मिलकर एक सशक्त कदम उठाया है। इस जीत के लिए जनता-जनार्दन को नमन है। भुषण बाड़ा ने कहा कि सिमडेगा में सच जीता है, विश्वास जीता है। युवा जीता है, गरीब जीता है। यह सिमडेगा के आकांक्षाओं की जीत है, सिमडेगा के गौरव की जीत है। भुषण बाड़ा ने जिक्र किया कि राज्य में इंडिया गठबंधन के शासन में ही महिलाओं और आदिवासियों को सम्मान मिलता है और सुरक्षा भी। उन्होंने कहा केवल इंडिया गठबंधन में ही लोकतंत्र है। भाजपा सोचती थी कि बिना काम किए भी सत्ता पर उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। पर अब लोग काम को चुनते हैं। हमें भूलना नहीं है कि ये लोग कभी किसी गरीब आदिवासी को आगे बढ़ने नहीं देंगे। इन्होंने आदिवासियों को अपमानित किया है। समाज को कमजोर कर अराजकता फैला कर देश को कमजोर करना चाहती है। वे लगातार देश में आग लगाने की कोशिश कर रहे हैं। भुषण बाड़ा ने कहा कि सिमडेगा के युवाओं ने हर क्षेत्र में धूम मचाई है। हम युवाओं के लिए निवेश और स्वरोजगार को बढ़ावा देंगे। झारखंड खेलों की महाशक्ति बनेगा और उसमें सिमडेगा के युवाओं की बड़ी भूमिका होगी। सिमडेगा के छोरा-छोरी कमाल करेंगे। महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं लागू की जाएंगी। सिमडेगा को पर्यटक स्थल का दर्जा दिलाया जाएगा। कृषि के क्षेत्र में बेहतर काम किया जाएगा।

**सिमडेगा से एक बार पुनः जीत दर्ज करने पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी भुषण बाड़ा ने जताया आभार, जनता को दिया जीत का श्रेय**

## गांडेय विस से दुबारा जीतने के बाद कल्पना समर्थकों के साथ




गांडेय से झामुमो उम्मीदवार और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन शनिवार को गिरिडीह में झारखंड विधानसभा चुनाव में अपनी जीत का जश्न मनाती हुई। (फोटोः आईएएनएस)

## सबके सहयोग व टीम वर्क से मतगणना शांतिपूर्ण संपन्न हुआ : माधवी मिश्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव 2024 की मतगणना संपन्न होने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी, कर्मचारी और टीम वर्क से मतगणना का कार्य भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि 1 वर्ष में दो चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना काफी चुनौती पूर्ण रहा। इसके बावजूद लोकतंत्र के दोनों महापर्व को जिला प्रशासन ने बहुत ही सुचारू रूप से संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान किसी भी बूथ से किसी तरह की गड़बड़ी होने की या किसी ने भी मतदान की प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह खड़ा नहीं किया। सारी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 38 सिंदरी से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) चंद्र देव महतो, 39 निरसा से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) के अरूण चटर्जी, 40 धनबाद से भारतीय जनता पार्टी के राज सिन्हा, 41 झरिया विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की रागिनी सिंह, 42 टुंडी से झारखंड मुक्ति मोर्चा के मथुरा प्रसाद महतो तथा 43 बाघमारा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के शत्रुघ्न महतो विजय घोषित हुए हैं।

उन्होंने बताया कि मतगणना का कार्य भी समय पर संपन्न हुआ। इसके लिए सभी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी ने कड़ी मेहनत की है। पत्रकार वार्ता में सिटी एसपी अजीत कुमार भी मौजूद थे।

## धनबाद जिला के 6 विधानसभाओं में भाजपा और इंडि गठबंधन को तीन-तीन सीटें मिली

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड विस चुनाव में इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनना लगभग तय हैं। चुनाव के परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में हैं, लेकिन इस बार धनबाद जिला के 6 विस में से भाजपा व इंडिया गठबंधन को क्रमशः तीन-तीन सीटें मिली हैं। अर्थात भाजपा व इंडिया गठबंधन जिला में बराबरी पर रही। बाघमारा, धनबाद और झरिया विस सीट भाजपा के खाते में रहीं। वहीं टुंडी सीट झामुमो और सिंदरी व निरसा विस सीट भाकपा माले के खाते में। जबकि, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के छह विस सीटों से प्रत्याशियों की हार हुई।.लेकिन, जेएलकेएम के प्रत्याशी भारी संख्या में सम्मानजनक मत प्राप्त कर अपना जन समर्थन जताया हैं। जिससे अन्य पार्टियों में जीत के बात भी विचार योग्य विषय होने की संभावना हैं। बाघमारा से शत्रुघ्न महतो,धनबाद से राज सिन्हा और झरिया से रागिनी सिंह ने जीत दर्ज की। इंडिया गठबंधन टुंडी से मथुरा प्रसाद महतो, निरसा से अरूप चटर्जी और सिंदरी से चंद्रदेव महतो की जीत हुई।



### सामाजिक कार्यकर्ता सोहराब खान ने राज सिन्हा को दी जीत की बधाई



धनबाद विधानसभा से राज सिन्हा की प्रचंड हैट्रिक जीत पर चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के संस्थापक सदस्य सह धनबाद के सामाजिक कार्यकर्ता सोहराब खान ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में जहां बड़े - बड़े नेताओं को हार का मुंह देखना पड़ा। वहीं राज सिन्हा की जीत धनबादवासियों का उन पर भरोसा को दर्शाता हैं। सोहराब खान ने आगे कहा कि पानी, बिजली, सड़क और फ्लाईओवर सहित धनबाद का सम्पूर्ण विकास राज सिन्हा द्वारा किया जाएगा, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास हैं।

# चंदनकियारी से झामुमो प्रत्याशी उमाकांत रजक जीते, तीसरे नंबर पर रहे अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** चंदनकियारी विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी उमाकांत रजक अपनी जीत की खबर सुनकर मतगणना केंद्र पहुंच गए। उन्होंने जेएलकेएम प्रत्याशी अर्जुन रजवार को हरा दिया। बीजेपी प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष होना कोई बड़ी बात नहीं है, प्रचार के लिये नेता हर जगह जाते हैं यहां तो प्रधानमंत्री भी आए थे। हम चंदनकियारी की जनता का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमें अपना प्यार और स्नेह दिया। उन्होंने कहा कि यह चंदनकियारी की जनता की जीत है। उमाकांत रजक ने चंदनकियारी जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में जो कार्य नहीं हो पाया है, उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी की सबसे बड़ी समस्या सर्वे सेटेलमेंट की है। सरकार बनते ही इसके समाधान के लिए कार्य किया जाएगा। उमाकांत ने कहा कि



मुख्यमंत्री चुनावी दौरे के दौरान इस समस्या के समाधान का आश्वासन दे चुके हैं, यह होना ही है मैं इसके लिए पहल करूंगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जो भी समस्या होगी, उसे दूर करना मेरी प्राथमिकता होगी। बताते चलें कि चंदनकियारी विधानसभा सीट से उमाकांत रजक ने जेएलकेएम प्रत्याशी को हरा दिया है। वहीं बीजेपी के प्रत्याशी अमर बाउरी यहां तीसरे स्थान पर रहे। उमाकांत रजक हाल में ही आजसू छोड़ जेएमएम में शामिल हुए थे।

## बोकारो में कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह ने बिरंची नारायण को हराया, पहली बार बनीं विधायक

**बोकारो।** झारखंड के कुल 81 विधानसभा सीटों में इंडिया गठबंधन को बढ़त मिल रही है। वहीं, परिणाम भाजपा के लिए कुछ खास नहीं रहा। बोकारो विधानसभा क्षेत्र का परिणाम काफी दिलचस्प रहा है। कांग्रेस की उम्मीदवार श्वेता सिंह ने भाजपा उम्मीदवार बिरंची नारायण को शिकस्त दी है। जीत दर्ज करने के बाद श्वेता सिंह ने कहा कि यह हमारी जीत नहीं बल्कि बोकारो के परिवार के लोगों की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता से जो उन्होंने वादा किया है उसे पूरा करने का प्रयास करूंगी। श्वेता सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने का काम किया जाएगा। शिक्षा को लेकर भी काम किया जाएगा, जो भी हमारे मेनिफेस्टो में है, उस पर प्राथमिकता से काम करेंगे। यहां



के मुद्दे को विधानसभा में उठाऊंगी और पूरी तरह से धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा। इधर, गोमिया से झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र महतो चुनाव जीत गए हैं। जीत दर्ज करने पर उन्होंने कहा कि विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव मैदान में था। यह जीत झारखंड की जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि बोकारो जिला भाजपा मुक्त हो गया है। सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा अपने बयान और खोखले दावे के आधार पर झारखंड की जनता को ठगने का काम कर रही थी। झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र महतो की पत्नी बबीता देवी ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने आशीर्वाद दिया और विकास को चुना है। उन्होंने कहा कि उनके ससुर ने चुनाव के पहले जीत का आशीर्वाद दिया था और वह फलीभूत हो गया।

## बाघमारा विधानसभा में किसे कितने वोट मिले

| | |
|---|---|
| जलेश्वर महतो - इंडियन नेशनल कांग्रेस - 68847 | ऐनूल अंसारी - निर्दलीय- 202 |
| शत्रुघ्न महतो - भारतीय जनता पार्टी - 87529 | तुलसी महतो - निर्दलीय - 202 |
| दीपक कुमार रवानी -जेएलकेएम- 15696 | निजाम अंसारी - निर्दलीय - 308 |
| राजेश कुमार - संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी - 310 | पिंटू कुमार गुप्ता - निर्दलीय - 669 |
| राजेश कुमार स्वर्णकार - ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक-277 | रोहित यादव - निर्दलीय - 18314 |
| शरण सिंह - अंबेडकर नेशनल कांग्रेस - 172 | विशाल बाल्मिकी - निर्दलीय - 1572 |
| सूरज महतो - समाजवादी पार्टी - 2572 | नोटा - 2953 |

## झरिया विधानसभा में किसे कितने वोट मिले

| | |
|---|---|
| पूर्णिमा नीरज सिंह - इंडियन नेशनल कांग्रेस - 73381 | इंद्रजीत सिंह - निर्दलीय - 92 |
| रागिनी सिंह - भारतीय जनता पार्टी - 87892 | लुकमान अंसारी - निर्दलीय - 95 |
| अनिल बाउरी - सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कॉम्युनिस्ट)- 545 | सहजादी खातून - निर्दलीय - 162 |
| मो. जहीरूद्दीन खान - राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा- 126 | सुनील कुमार गुप्ता - निर्दलीय - 163 |
| मो. रुस्तम अंसारी - झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) - 5060 | सूरज सिंह - निर्दलीय - 224 |
| | सोनू कुमार बाल्मीकि - निर्दलीय - 1110 |
| | नोटा- 1908 |

## टुंडी विधानसभा में किसे कितने वोट मिले

| | |
|---|---|
| मथुरा प्रसाद महतो - झारखंड मुक्ति मोर्चा - 95527 | अरुण सोरेन - निर्दलीय -471 |
| मोती लाल किस्कू - बहुजन समाज पार्टी - 1084 | कमल प्रसाद - निर्दलीय- 608 |
| विकास कुमार महतो - भारतीय जनता पार्टी - 69924 | खिरोधर मंडल - निर्दलीय - 780 |
| अजमुल अंसारी - समाजवादी पार्टी - 2205 | गणेश मंडल - निर्दलीय - 1604 |
| कंचन देवी - पूर्वांचल महापंचायत - 278 | गौतम मंडल - निर्दलीय - 805 |
| कलावती देवी - राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा - 267 | गौरी शंकर महतो - निर्दलीय - 3073 |
| देवी लाल किस्कू - झारखंड मुक्ति मोर्चा (उलगुलान) -637 | दीप नारायण सिंह - निर्दलीय -3175 |
| बणी देवी - ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक -1313 | पप्पू कुमार निषाद - निर्दलीय - 969 |
| महेश चंद्र दास - पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) - 707 | प्रियतोष कुमार पाठक - निर्दलीय -2546 |
| मोतीलाल महतो - झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) - 44464 | राजेश कुमार पांडेय - निर्दलीय -264 |
| | नोटा- 682 |

## निरसा विस से किसे किसे कितने वोट मिले

| | |
|---|---|
| अपर्णा सेनगुप्ता - भारतीय जनता पार्टी - 103047 | उमेश गोस्वामी - नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी - 751 |
| रंजीत बाउरी - बहुजन समाज पार्टी - 3698 | बुधेय मुर्मू - पीपल'एस पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) -872 |
| अरूप चटर्जी - कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) लिबरेशन - 104855 | मो. इस्लाम अंसारी - निर्दलीय - 1196 |
| अशोक कुमार मंडल - झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) - 16316 | प्रदीप कुमार मंडल - निर्दलीय - 3178 |
| | मालू रोहिदास - निर्दलीय - 1088 |
| | नोटा - 4734 |

## सिंदरी विस से किसे कितने वोट मिले

| | |
|---|---|
| तारा देवी - भारतीय जनता पार्टी - 101688 | मोबिन अंसारी - नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी - 3820 |
| बाबू लाल रविदास - बहुजन समाज पार्टी - 1670 | शंकर महतो - लोकहित अधिकार पार्टी - 1492 |
| आजाद कुमार हंसदा - संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी - 1690 | हीरालाल संखवार - ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक - 737 |
| उषा देवी - झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा - 42664 | अनवारुल हक अंसारी - निर्दलीय - 929 |
| चंद्र देव महतो - मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट लिबरेशन - 105136 | नोटा- 5376 |

## धनबाद जिले के 17388 मतदाताओं ने नोटा पर दबाया बटन

धनबाद। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में इस बार धनबाद जिला के 17388 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। सिंदरी विधानसभा में सबसे अधिक 5376 मतदाताओं ने नोटा दबाया। वहीं सबसे कम टुंडी विधानसभा में 682 मतदाताओं ने नोटा दबाया।

## धनबाद विस से किसे कितने वोट मिले

| | |
|---|---|
| अजय कुमार दुबे - इंडियन नेशनल कांग्रेस - 87595 | सपन कुमार मोदक - झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा - 16664 |
| अनवरी खातून - बहुजन समाज पार्टी - 1248 | अखिलेश्वर महतो उर्फ अर्जुन महतो - निर्दलीय - 393 |
| राज सिन्हा - भारतीय जनता पार्टी - 136336 | उमेश पासवान - निर्दलीय - 239 |
| कृष्ण चंद्र सिंह राज - समता पार्टी - 1049 | कुणाल कुमार - निर्दलीय - 427 |
| गुड्डू कुमार धारी - पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)- 810 | कुमार कौशल - निर्दलीय - 1110 |
| मो. मुर्तजा आलम - लोकहित अधिकार पार्टी - 453 | कैलाश कुमार बाउरी - निर्दलीय - 584 |
| सत्येंद्र कुमार महतो - नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी - 278 | जनक शाह गोंड - निर्दलीय - 971 |
| | राम विनय सिंह - निर्दलीय - 479 |
| | रुबीना नाज - निर्दलीय - 1477 |
| | लक्ष्मी देवी - निर्दलीय - 860 |
| | वशाल बाल्मिकी - निर्दलीय - 252 |
| | नोटा - 1735 |



जयराम कुमार महतो डुमरी विधानसभा से।

## गिरिडीह : तीन सीट पर भाजपा, दो पर झामुमो व एक पर जेएलकेएम का कब्जा

**गिरिडीह (हि.स.)।** झारखंड विस चुनाव 2024 के लिए बीते 20 नवम्बर को हुए मतदान के बाद जिले की सभी छह विधान सभा सीटों पर शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वोटों की गिनती हुई। दोपहर बाद आए चुनाव नतीजों के मुताबिक जिले की तीन सीटें क्रमशः धनवार, जमुआ और बगोदर भाजपा के खाते में गई दो सीटे गिरिडीह, गाण्डेय पर झामुमो ने कब्जा बरकरार रखा और एक सीट डुमरी पर जेएलकेएम के प्रमुख जयराम महतो ने जीत दर्ज की। प्राप्त जानकारी के मुताबिक धनवार विस सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी लगातार दूसरी बार जीते हैं। मरांडी ने अपने निकतम भाकपा माले के राज कुमार यादव को पराजित किया है। गाण्डेय विस सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा शीर्ष नेत्री सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन लगातार दूसरी भाजपा को लगभग 17 हजार वोटो से पराजित किया। विजयी कल्पना मुर्मू सोरेन को 118521और प्रतिद्वंदी भाजपा की मुनिया देवी को 101501 मत प्राप्त हुए। गिरिडीह विस सीट पर भी दूसरी बार झामुमो ने अपना कब्जा बरकरार रखा। विजयी सुदित्य कुमार को 90896 और भाजपा के निर्भय शहावादी को 88901 वोट प्राप्त हुए। लगभग दो हजार 800 वोटों के अंतर से भाजपा की हार हुई। डुमरी विस सीट पर जेएलकेएम प्रमुख जयराम महतो ने पहली जीत दर्ज करते हुए हेमंत सोरेन सरकार की मंत्री बेबी देवी को 10 हजार 945 मतों के अंतर से पराजित किया। विजयी जयराम को 94496 एवं प्रतिद्वन्दी बेबी देवी को 83551 वोट मिले। जमुआ विस सीट पर भाजपा की डॉ. मंजू ने तीन बार विधायक रहे जेएमएम के केदार हाजरा को 32502 वोटों के अंतर से पराजित किया। विजयी डॉ.मंजू कुमारी को 116820 एवं पराजित केदार हाजरा को 84288 वोट हासिल हुए। बगोदर विस सीट पर भाजपा के नगेन्द्र महतों ने एक बार फिर भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह को लगभग 31 हजार 213 मतों के अंतर से पराजित कर चौथी बार विस जाने से रोक दिया। विजयी नगेन्द्र महतो को 109318 एवं प्रतिद्वंदी विनोद सिंह को 78105 वोट प्राप्त हुए।

### बगोदर में बीजेपी ने हासिल की जीत, हार पर बोले विनोद सिंह

## जनता के साथ पहले भी थे आज भी हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** भाजपा ने बगोदर सीट एक बार फिर जीत ली है। एक बार फिर नागेंद्र महतो ने लाल झंडे की धरती पर भगवा लहरा दिया है। उन्होंने सीपीआईएमएल के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को हरा दिया है। जीत के लिए उन्होंने जनता को धन्यवाद कहा है।

भाजपा के नागेंद्र महतो ने बगोदर सीट पर जीत दर्ज की है। नागेंद्र ने भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह को हराया है। जीत के बाद नागेंद्र महतो ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि बगोदर की जनता ने पिछली दफा डबल इंजन की सरकार के कार्यों को देखा था। उसी कार्य को याद कर भाजपा के पक्ष में मतदान किया। कहा कि जनता ने जो समर्थन दिया उसका मैं आभारी हूं। कहा कि यह जीत जनता की



नागेंद्र महतो

जीत है। कहा कि उनकी प्राथमिकता में प्रवासी श्रमिकों की समस्या का निदान करना है। इसके अलावा नहर को चालू करवाना है। साथ ही साथ जो समस्या है उसका भी निराकरण किया जाएगा। झारखंड में हार पर कहा कि पूरा रिजल्ट आने के बाद ही इसपर कुछ कहा जाएगा। बगोदर विधानसभा सीट से भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह हार गए हैं। हारने के बाद विनोद कुमार सिंह समर्थकों के साथ मतगणना सेंटर से बाहर निकल गए। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात की। इनका कहना है कि लोकसभा चुनाव के बाद यह उम्मीद थी कि हमलोग बेहतर प्रदर्शन करेंगे लेकिन हार मिली। इसके बावजूद अभी तक झारखंड में भाकपा माले एक सीट ही जीतती रही है। इस बार माले की सीट बढ़ी है। हमलोग दो सीट जीतने में कामयाब रहे। कहा कि भले ही चुनाव मैं हार चुका हूं लेकिन हर पार्टी - संगठन का कोर वोट होता है। पार्टी का कोर वोटर जो थे वे डटे रहे। कहा कि मतदाताओं तक शायद सभी बात पहुंचाने में असफल रहे। कहा कि हमलोगों के लिए चुनाव अंतिम व पहली चीज नहीं है। लोगों के साथ हम कल भी थे, आज भी हैं और आगे भी रहेंगे। कहा कि जनता के जनमुद्दों की बात आगे भी होती रहेगी।

## डुमरी से जेएलकेएम की जीत झारखंड में आगाज है : महानंद महतो



**धनबाद।** डुमरी विधानसभा से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो की जीत पर धनबाद जिला उपाध्यक्ष महानंद महतो ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता की जीत हैं व झारखंड में जेएलकेएम की जीत एक नया आगाज हैं। जयराम कुमार महतो की जीत से समर्थकों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

## मतगणना केंद्र पर खुशी का माहौल, हफीजुल और सुरेश पासवान ने किया जीत का दावा



**देवघर।** झारखंड के कुल 81 विधानसभा सीटों के लिए मतगणना जारी है। चुनाव परिणाम में इंडिया गठबंधन और एनडीए में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। कई जगहों पर जेएमएम को बढ़त है, वहीं एनडीए पीछे है। देवघर में मतगणना केंद्र के बाहर प्रत्याशियों के समर्थकों का हुजूम देखने को मिल रहा है, जो प्रत्याशी लगातार बढ़त बनाए हुए हैं, उनकी तरफ से प्रत्याशियों के समर्थक लगातार मतगणना केंद्र के बाहर खुशियां मनाते दिख रहे हैं। प्रत्याशी हफीजुल हसन और सुरेश पासवान के पक्ष में नारे भी लगा रहे हैं। मतगणना शुरू होने के बाद धीरे-धीरे मतगणना केंद्र पर प्रत्याशी भी पहुंचने लगे हैं। देवघर विधानसभा के राजद प्रत्याशी सुरेश पासवान ने कहा कि भाजपा वालों ने कभी भी गरीब के लिए काम नहीं किया है। वे लोग सिर्फ बड़े-बड़े लोगों के साथ घूमते हैं। जनता सर्वोपरि है, जिसको चाहे कुर्सी पर बैठा देती है और जिसको चाहे उतार देती है।

## धीरज

मनुष्यता है दायित्व पूर्ण बोध।
अपने संग दूसरों के भी
व्यक्तित्व को।
सहेजने का संवारने का नाम।
सामंतवाद है।
दूसरे की भरी-पूरी शख्सियत
को।
धूल चटा देने का अहंकार।
अंदर द्वंद्व है।
इस व्यवस्था को बदलने की।
समता , स्वतंत्रता, और बंधुत्व
की?
गुनगुनाती धूप में।
अंतर विरोध के द्वंद्व से।
लहुलुहान व्यक्ति।
सामंती बचर्वस्व को।
अक्षुण्ण कैसे रखे?
लोकतांत्रिक आस्थाओं को।
कैसे जीए?
यही प्रश्न बार-बार।
विवेक की आँच में है पकता।
विवेक की आँच में।
धीरज को गूंथकर।
रखने की कोशिश में।
मन का पानी।
भांप बनकर उड़ जाता है।
धीरज छूट जाता है।
इंसान जलता।
अकेला रह जाता है।।


प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

मेरी गुजरात यात्रा

# आधुनिकता व अध्यात्म का संगम दीव-गंगेश्वर महादेव की यात्रा

नाश्ता करने के.बाद हमारे ड्राइवर ने हमें सबसे पहले दीव जाने की सलाह दी। दीव एक केंद्र शासित प्रदेश है जो पुर्तगालियों का प्रमुख निवास स्थान था।अभी हाल में ही वो लोग वहां से चले गए हैं। यह अरब सागर के बीच में एक द्वीप है जहाँ नाव से जाने की सुविधा थी परंतु अब एक आकर्षक और बहु उपयोगी ब्रिज बन जाने से वहां पहुंच पाना सुगम हो गया है। हमारी कार इसी पुल से होकर गुजरी। दोनो तरफ लहराता अरब सागर और नावों जहाजों की श्रृंखलाबद्ध लंबी कतारें दिखाई दे रही थीं। जहां तहां नेवी के सुरक्षा जहाज भी खड़े थे जिन पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहरा रहा था।


पद्मा मिश्रा




समुद्र पर बने पुल से जाते हुए ये अहसास हो रहा था कि जैसे हम किसी विशिष्ट स्थान की यात्रा कर रहे हों। लगभग बीस मिनट के बाद हम द्वीप पर थे। सुबह का समय और शांत तट पर बहती शीतल हवाएं बहुत अच्छी लग रही थीं। लेकिन इस क्षेत्र में लोग बहुत कम थे। कुछ दुकानें गाड़ी वाहन मरम्मत तथा स्नैक्स आदि की थीं। जो चीज मुझे बिल्कुल अच्छी नहीं लगी वह थी यहां बार और मदिरालयों की भरमार। हमारे ड्राइवर ने बताया कि गुजरात में पूर्ण नशाबंदी के कारण असामाजिक तत्व यहां आते हैं। हमने कुछ तस्वीरें समुद्र तट पर खींची और वापस लौट चले थे।वैसे भी यहां केवल इतिहास था बाकी कुछ भी नहीं। सारे मकान पुर्तगाली शैली में बने हुए थे। और विगत के निशान शेष रह गये थे। दीव के चारो तरफ समुद्र और उसकी निगरानी करते तट रक्षक थे।

हम लौट आये थे दीव की मुख्य भूमि पर और हमारा अगला गंतव्य था गंगेश्वर महादेव। जो दीव से मात्र कुछ किलोमीटर की दूरी पर था। गंगेश्वर महादेव या गंगेश्वर मंदिर के नाम से भी जाना जाता है यह एक हिंदू मंदिर है जो भगवान शिव (महादेव) को समर्पित है जो गुजरात के पास दीव से महज ३ किमी दूर फुदम गांव के सीहोर में स्थित है,। मंदिर का दृश्य अरब सागर के किनारे पर अद्वितीय लगता है। यह मूल रूप से समुद्र के किनारे चट्टानों के बीच स्थित एक गुफा मंदिर है। एक बार तीर्थयात्री गुफा में भगवान गणेश, भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी के दर्शन कर सकते हैं, तब समुद्र के पानी के बीच में पांच शिवलिंग अलग-अलग आकार में दिखाई दे सकते हैं, यह मंदिर की बहुत ही विलक्षण विशेषता है और चट्टान के ऊपर शिव लिंग शेषनाग की नक्काशी की गई थी ताकि शिव लिंग की तलाश की जा सके। लिंग आम तौर पर उच्च ज्वार के दौरान समुद्र में डूब जाते हैं और केवल कम ज्वार के दौरान दिखाई देते हैं, इस मंदिर को 'समुद्र मंदिर' के रूप में भी जाना जाता है ।

यहां पर समुद्र किनारे बनी एक संकरी सी गुफानुमा मंदिर में बने पांच शिवलिंगो का अभिषेक सागर की लहरे हर एक डेढ मिनट के अंतराल पर करती थीं। और वापस लौट जाती थीं। तेज गरजती लहरों के बीच ही। शिवलिंग को प्रणाम करके लौटना होता था। जो बहुत ही रोमांचकारी था। आस्था और भय के परिवेश में भी भक्ति की प्रधानता थी। पहले तो मैं डर से नहीं जा रही थी लेकिन मनोज जी ने हिम्मत दिलाई और मुझे साथ लेकर गये तो, मै ने भी यह साहसिक प्रणाम कर ही लिया। हर-हर महादेव के जयकारे के बीच। ऊंची ऊंची लहरें ऊपर सीढियों तक स्पर्श कर रही थीं। लोग भींग रहे थे मानो स्वयं भगवान आशुतोष अपने आशीर्वाद की वर्षा कर रहे हों। ऋचा, मनोज जी, मिश्रा जी सभी ने भगवान शिव को जल अर्पण कर प्रणाम किया। अंत में हम सभी भींगे हुए बाहर आकर एक स्थान पर बैठे और नारियल पानी का आनंद लिया। लौटते समय भीड़ के कारण रास्ता बदल कर आना पड़ा। हम होटल लौट आये और भींगे कपड़े बदल कर कुछ देर आराम किया। शाम को फिर वापस शाम की चाय और हल्का नाश्ता कर हम लोग पुनःअपनी यात्रा पर निकल पड़े।

# जिन्दगी के लिए जरूरी है संवेदना क्यों?

**संवेदना** का सहज अर्थ ---- सहानुभूति है। मनुष्य के जीवन में सब से महत्वपूर्ण है साथ और सहयोग -- सम+ वेदन = संवेदना। कोई भी सामान्य व्यक्ति अकेले जीवन नहीं जी सकता है। उसे किसी ना किसी के स्नेह, अपने पन और सहयोग की आवश्यकता होती है। हर किसी को जीवन के सुख-दुःख बांटने के लिए कोई साझीदार चाहिए ही चाहिए। जिसके साथ वह अपनी भावनाओं को बांट सके , कोई ऐसा व्यक्ति या समाज जो उसके सुख में सुख का और दुःख में दुःख का अनुभव कर सके । कोई ऐसा व्यक्ति या समाज जो उसके हर भाव को उसी के जैसा समझ सके । इसी भाव को संवेदना कहा जाता है। किसी भाव से प्रभावित हो कर प्रतिक्रया देना ही संवेदना कहलाता है। क्रूज के शब्दों में उत्तेजना के प्रति जीवन की प्रथम प्रतिक्रिया ही संवेदना है। आदिकाल से ही हम पढ़ते सुनते आ रहे हैं ... देवता गण अपनी प्रसन्नता अथवा आशीर्वाद की अभिव्यक्ति पुष्प वर्षा से किया करते थे , और क्रोध के समय श्राप का दण्ड दिया करते थे। यह सब कुछ संवेदना का ही स्वरूप है। सामान्य तौर पर संवेदना को हृदय से जोड़ कर समझा जाता है किन्तु ऐसा नहीं है। सच तो ये है कि संवेदना मूल रूप से इन्द्रिय जनित आवेग की प्रतिक्रिया है। संवेदना की पाँच मुख्य इन्द्रियां हैं -- दृष्टि, श्रवण,घ्राण, स्पर्श और स्वाद । सर्व प्रथम भाव दृष्टि अर्थात देखने से होता है । शिशु के जन्म (प्रसव) का सारा कष्ट माता शिशु को देखते ही भूल जाती हैऔर उसके चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। यही भाव अविवेकी पशुओं में भी है। पशु भी अपनी प्रसव पीड़ा शावक को देखते ही भूल कर उसे स्नेह से चाटने लगते हैं। पशुओं में सब से अधिक सामाजिक संवेदना हाथी और भैसों में पाई गयी है , जो अपने समूह/ समाज के लिए हमेशा एक जुट रहते हैं।


मंजुला शरण

मनुष्य की सामाजिक संवेदना का स्वरूप जन्म के उत्सव और मृत्यु के शोक में सर्वोपरि है। इससे आगे बढ़ कर देखा जाए तो भिक्षा का दान भी संवेदना का स्वरूप है (भले ही इसका दूरगामी प्रभाव कालान्तर में विकृत हो गया हो) जीवन के प्रारंभ से ही स्कूल कॉलेज,कार्यालय अथवा आम जगहों पर भी एक दूसरे की मदद / सहयोग करना ये सब संवेदना का ही प्रकार है । परस्पर एक दूसरे की की हर संभव मदद संवेदना के बिना असंभव है। रक्तदान, अंगदान ये सब संवेदनाओं का जीवन्त उदाहरण हैं (भले ही मतलब परस्तों ने इसे भी संवेदना की जगह व्यवसाय बना लिया हो)। आज भौतिकतावादी युग में रिश्तों में खोखलापन आने का मुख्य कारण है संवेदनाओं का भटकाव या यों कहें--अभाव सा हो रहा है । स्वार्थ और अहं ने समाज में एक दूसरे के प्रति लगाव बहुत कम कर दिया है । करोना ने तो इस अलगाव को और भी ज्यादा मजबूत कर दिया है। अब तो गाँव भी 'घरों ' में बंध रहे हैं। समाज के एकाकीपन के दुष्प्रभाव से भावी पीढ़ी को बचाने के लिए उनमें सहयोगात्मक भावना-संवेदना का पुनबीर्जारोपण कर के संवेदना को फिर से सक्रिय करने की आवश्यकता है जिससे सभी इंसान की जिंदगी से अकेलापन और अवसाद कम से कम हो सके और एक स्वस्थ उदार समाज में हर कोई पारिवारक के साथ सामाजिक स्नेह की शीतल छाया में आनंद मय और निर्भीक जीवन जी सके। यह विषय बहुत ही विस्तार का है ....कम शब्दों में समेटना बड़ा कठिन है। किन्तु मूल सैद्धांतिक पहलुओं पर विचार किया जाना जिन्दगी में संवेदना के लिए ( बेहद) जरुरी है क्यों? इस क्यों के सवाल को समाज के हर वर्ग और व्यक्ति को हल करने के लिए तत्पर होना आवश्यक है।

## रोशनी की चमक

जिसकी हस्ती को लेकर (हंसती थी,है) दुनिया,
अब वो अपनी हस्ती बताते है!
सुनो, तुम्हें बताएगी दुनिया रोशनी की चमक को,
उलझाएगी भी उसमें, चकाचौंध भी करायेगी,
लेकिन तुम भूलना नहीं,
हर रौशनी के पीछे अंधेरा होता है,
अंधेरों का भी अभ्यस्त होना तुम!
जो तुम्हारे अंदर की रौशनी है वही स्थायी है, नैसर्गिक है !
सुनो, तुम्हें उलझाएगी रंगों की दुनिया में,
तुम्हें तुमसे ही दूर ले जायेंगी आहिस्ता-आहिस्ता
तुम रंगों से सराबोर मत होना!
डरायेंगी कभी कालिख लगे चेहरे से भी,
तुम डरना नहीं,
चेहरा भले काला हो सकता है,
रमनरका कोई रंग नहीं सकता,
तुम उसे स्वच्छ रखना!
सुनो, दुनिया कभी मसाले की गंधों से पहचान करायेंगी,
तो कभी गोल रोटी के चक्रव्यूह में
फंसाकर,
तो कभी कपड़ों को तह, कभी घर को सजाने की दुहाई दी जाएगी,
धीरे-धीरे तुम्हारा समय तुमसे ही छिना जाएगा,
तुम खुद को पूरा खर्च मत करना,
बचा रखना खुद को भी थोड़ा!
रोटी के साथ-साथ खुद को भी गढ़ना,
धीरे-धीरे ही सही!
दाल गाढ़ा है- दूध पतला,
घर में जाले है और पौधे सूखे !
भले तुम्हारा चेहरा सूखा हो या बीमार,
तुम्हें तुमसे ही दूर किया जाएगा।
कभी दुत्कार कर, कभी पुचकार कर,
तब खड़ी होना आईने के पास,
ना चेहरा तुम्हारा, ना आंखें तुम्हारी,
तब रोक लेना कदम और खींच लेना हाथ ---
तुम हाड़ मांस की औरत हो, कठपुतली नहीं!


सरिता सिंह

## कन्या दान

**सेशन्स** जज सक्सेना साहेब का घर रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा रहा था।वाह,क्या विद्युत सज्जा है -हर किसी के मुंह से बेसाख्ता निकल जाए इतनी ही आकर्षक सज्जा थी।आज सक्सेना साहब की सबसे छोटी बेटी का विवाह था जो कानपुर में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट थी। सक्सेना साहब के दोनों बेटे पूरी तरह व्यस्त थे आनेवाली बारात और बारातियों की व्यवस्थाओं में। एक बार हर तरफ का मुआयना करने के बाद सक्सेना साहब भव्या के कमरे की ओर बढ़े, जहाँ भव्या का पार्लर से आई लडकियाँ श्रृंगार कर रही थी।


सुरेश चंद्र झा

भव्या अकचका गई उन्हें देखकर। बोली,क्या बात है पापा, उदास हो रहे हैं न! वह धीरे से मुस्कुराए। हमेशा की तरह वही शरारती अंदाज भव्या का,जो सदा उन्हें बहुत भाता था।आज शरारती बातें वैसी ही थीं पर नयन छोरों पर छाई नमी उन्हें दिखाई दे रही थी। अरे नहीं,उदास नहीं,बस देखने आए थे कि मेरी गुड़िया कैसी लग रही है सज धज कर। वो आकर उनसे लिपट गई,पापा-आप प्लीज उदास मत होइए। वो उसके सिर पर हाथ रख बाहर आकर अपने कमरे में बैठ गए।बारात आने में अभी चार घण्टे बाकी थे।आकर अपने ईजी चेयर पर पसर गए–अतीत पुरजोर दस्तक दे रहा था मन के बन्द दरवाजे पर। सत्ताईस वर्ष पहले का वह समय जब वो अपनी पत्नी निशा और दोनों बच्चों के संग नैनीताल गए थे–गर्मी की छुट्टियों में।

भीमताल से लौटते लौटते रात हो गई थी,दोनों बच्चे कार की पिछली सीट पर सो गए थे,एकाएक निशा को सड़क के किनारे झाड़ियों और पेड़ों के झुरमुट में सफेद मैले से कपडों में लिपटा एक लावारिस बच्चा,जो जार जार रो रहा था,नजर आया। उसने सक्सेना साहब को कहा- गाड़ी रोकिये। अंधेरे में कोई बच्चा रो रहा है।

सक्सेना साहब ने गाड़ी रोकी,उतरकर निशा के संग गए उस स्थान तक।बहुत पुकार दी-अरे बच्ची रो रही है, आओ। पर कोई न आया।सक्सेना साहब ने पुलिस बुलाई,बच्ची को केयर होम में डलवाया था और इंतजार करने के बाद अनाथालय में एडमिट कराके उसे कानूनी रूप से गोद ले लिया था। उनके दोनों बेटों को निशा ने समझाया था ये सक्सेना साहेब की ही बेटी है यानि तुम्हारी बहन।

बच्चे बहुत छोटे थे तर्क-कुतर्क की सामर्थ्य नहीं थी,बस यही सच सामने था,उनके लिए। बड़ी होने पर निशा ने भव्या को सच से अवगत करा दिया था,भव्या को थोड़ा दुख तो हुआ पर उसने देखा था इक्कीस वर्षों में मां बाप से मिला वो दुलार,वो उसके लिए हर वक्त का उन चारों का केयर, उसे कहीं नहीं लगता वो पराई है।सक्सेना साहेब की वसीयत उसने देखी थी वो भी बराबर की हकदार थी वसीयत में। और सबसे बड़ा था वह प्यार,जो उसे मम्मी पापा से मिला था।


उसे सबसे ज्यादा प्यार करते थे सक्सेना,आज निशा नहीं रही पर उसकी इच्छा भव्या के रूप में मौजूद है, जिसे इतना बड़ा बना दिया उन्होंने,कि कल वह उनकी जगह ले सके कचहरी में। बारात आई,कन्यादान किया सक्सेना साहब ने और भरी भरी आंखों से उसे विदा किया,क्योंकि वह जानते थे कि कुछ वर्षों बाद उनकी जगह पर उनकी बेटी आएगी इसी पद पर, इसी कुर्सी पर और इसी घर में। कन्यादान क्या होता है,भव्या और सक्सेना साहब से ज्यादा और कौन समझ सकता था?


वसंत जमशेदपुरी

## माँ तुम याद बहुत आती हो

मुझको नींद नहीं आई जब,
तब तुमने अपने लब खोले।
लोरी गा कर मुझे सुलाया-
नयनों में मृदु-सपने घोले।
सच बोलो क्या स्वर्ग-लोक में-
अब भी तुम लोरी गाती हो।
माँ तुम याद बहुत आती हो।
गया खेलने जब मैं बाहर,
घर आया था चोटिल हो कर।
मरहम कहाँ लगाया तुमने,
घाव सभी धोए रो-रो कर।
अब भी जब चोटिल होता हूँ,
स्नेह व्योम से बरसाती हो।

माँ तुम याद बहुत आती हो।
चिकनी-चुपड़ी मुझे खिलाई,
रूखा-सूखा तुमने खाया।
पंख मिले मेरे सपनों को,
दुख सह कर आकाश बनाया।
जिसने जल कर तमस हरा है,
तुम दीये की वह बाती हो।
माँ तुम याद बहुत आती हो।



## आलिंगन

निक्षण आलिंगन की चाह नहीं,
पर ज्यों ज्यों तुझ संग नेह बढ़ी।
अब लग भी जाओ
सुन अंक सखे,
प्रभु ने तुझको मेरे
लिए गढ़ी।
तुझे ही हिय ने बोलो
क्यों चुना,
क्या सोचा तुमने है कभी प्रिये।
पुष्प तो बाग में कई हैं खिले,
परिजात ही मात के शीश चढ़ी।
मेरी धमनी मेरी सांसों में,
रचती बसती सदा तुम ही सखी।
जब भी पलके अपनी बंद करूँ,
आँखों में छवि तेरी ही सखी।
अर्पित कर डाला है खुद को भी,
तेरे नेह यज्ञ की वेदी पर।
आ भर लेना अब तू बाँहों में,
निक्षण आलिंगन स्वीकार सखी।


सविता सिंह मीरा

काव्य कोना

## झलक

शब्दों से शब्दों की कहानी सुनी
दर्द को दर्द की कहानी सुनाई।
पेड़ की छाया में धूप की कहानी सुनी
चढ़ती उम्र की रवानी में जवानी
की उमंग दिखी।
हवा के थपेड़े पर लहरें लहराने लगी
भोर की लालिमा दिन का आभास
देने लगी।
गोधूलि ने मिलन यामिनी की
कहानी लिखी
जिन्दगी यूँ ही तुम्हारी
जिन्दगानी लिखी।


नाग मणि

व्यंग्य वार्ता

# नेत्रहीन बनिए और अमृत पीजिए

एक दिन मुझे महसूस हुआ कि अंधा होने के अनेक फायदे हैं तथा धरती पर अंधा होना इन्सान के लिए बेहद जरूरी है इससे काफी सुख मिलता है। एक दिन मेरे मित्र ने किसी बात पर कहा- काश। यह दिन भी देखना था। तो मैंने उसे सलाह दी कि अंधे क्यों नहीं हो जाते। देखने की समस्या हल हो जाती। मेरा अनुभव है कि अंधे व्यक्ति के साथ उसकी अर्धांगिनी (सहयोगी) भी अंधी हो या अंधा होने का अभिनय करे तो क्या कहने। वैसा अंधा होना इन्सानी फितरत है, बच्चा जन्म के समय अंधा होता है। बुढ़ापे में भी आदमी अंधा हो जाता है तो बीच के अन्तराल में अंधा होने के सुख से वंचित क्यों रहे। जो मन में आये करे पर अंधा बने रहे। कितनी खुशी की बात है कि जब कोई अपराधी सरे-आम नृशंस हत्या कर गोली चलाता हुआ चला जाता है तो पकड़ने के मामले में पहले पुलिस अंधी हो जाती है। अगर अपराधी पकड़ा गया तो कोई गवाह यह कहने को तैयार नहीं होगा कि उसने उसे गोली चलाते देखा है क्योंकि गवाह जानता है कि यदि उसने अपने आँख होने का सबूत दिया तो अगले दिन उसकी आँख चली जायेगी। उसका सारा भविष्य अन्धकारमय हो जायेगा। यानी अंधा हर हाल में होना हैं। अस्तु, शुरू से ही अंधा क्यों न रह जाय। मुझे याद है भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने लिखा था अंधेर नगरी। उसमें राजा के साथ-साथ उसके घोड़े-गधे सभी अंधे हो जाते है कितना मजा आता है ऐसा अलौकिक दृश्य देखकर। और तो और इस पर हम अपनी आँखें बंद कर ले तो परम सुकून मिलता है उधर राजा अंधा, इधर हम अंधे। वाह


ललन शर्मा
झारखंड



क्या सीन है न राजा हमें देखेगा और न हम उन्हें देखेंगे। अंधों के सुख में इजाफा करते हुए शरद जोशी ने भी बहुत कुछ लिखा है अंधों के हाथी में, उन्होंने अंधों के बीच एक ऐसा हाथी खड़ा कर दिया जो न कभी था न रहेगा। ठीक राष्ट्रीय विकास योजना की तरह। पर सभी अंधों की अपनी-अपनी व्याख्या है बुद्धिजीवियों की तरह। एक अंधे ने कहा था हाथी एक नन्हा सा जीव है जो मेरे पैर के नीचे दब कर कुचल सकता है। अब आप ही बताएँ इतना बड़ा अहसास तो अंधा होकर ही प्राप्त किया जा सकता है। अंधा जोने का सबसे ज्यादा सुख आजकल बुद्धिजीवी ही उठा रहे हैं क्योंकि यही ऐसा दुष्ट प्राणी है जिसे हर चीज में कुछ न कुछ दिखाई दे जाता है पर इनलोगों ने भी आजकल आँखे रखना बंद कर दिया है तथा धीरे-धीरे अंधा होने का सुख प्राप्त कर रहे है,सुख-सुविधा भोग रहे है। और क्या, खामखा राष्ट्र की समस्याओं को देखने का झंझट, कुछ लिख दे तो पिटाई का चक्कर। मुझे याद है कि एक प्रेस फोटोग्राफर की बाँयी आँख एक मुकूटधारी सिपाही ने फोड़ दी और कहा कि- ज्यादा फोटो उतारोगे तो दांयी आँख भी उतार लेंगे। फोटोग्राफर को अक्ल आ गई कि बची-खुची इकलौती आँख को शहीद करने से अच्छा है कि उसे बंद रखा जाय। मुझे खुशी है कि आजकल लोग अंधों की संख्या में बढ़ोत्तरी कर इसका सुख प्राप्त कर रहे हैं। वह समय भी जल्दी आयेगा जब इस युग का नाम हम फिर से अंधा-युग रख कर राष्ट्र को चार कदम गड्ढे की ओर धकेलने में सहयोग कर सकेंगे और 21वीं सदी में अंधे होकर जाना तो गौरव की बात है। अंधे रहेंगे तो किसी न किसी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का सहारा बना रहेगा। आँखे खुली रहेगी तो सच्चाई सामने आ जायेगी, कड़वी लगेगी जहर के समान। सब शंकर भगवान कोई थोड़े न है कि जहर पीने आयेंगे। अस्तु, अंधा होने का सुख अपने आप में अमृत के समान है इसलिए सबलोग एक ही नारा सभी को दें- अंधा बनिए और अमृत पीजिए।

**–संयोजन : नरेश अग्रवाल**

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**जीभ निकाले घूमती ,भूख कि जैसे काल।
कभी नहीं शायद उगा, इतना बड़ा सवाल।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# सरप्राइज

रोहित की हँसी रुक नहीं रही थी। जब से उसकी शादी हुई थी, गृह- कार्य में अनाड़ी उसकी दुल्हन से घर के सभी बड़े नाखुश थे। लेकिन आश्चर्य की बात थी,घर के सारे बच्चे उससे बेहद खुश थे। इतना ही नहीं, सब के सब उसके फैन थे। घर के बड़े- बुजुर्ग के सामने यह रहस्य बना हुआ था। वे समझ नहीं पा रहे थे कि वह बच्चों में इतनी प्रिय क्यों है? लेकिन आज उसका पदार्फाश हो गया था। पड़ोस में रहने वाली चाची आई थी। उन्होंने बताया कि आप लोग जब दोपहर में आराम करते हैं, उस वक्त आपकी बहु रानी बच्चों के साथ पिछवाड़े में होती है। वह उनके साथ खेलतीं हैं । जामुन के पेड़ पर चढ़कर डालियाँ हिलाती है,ताकि पके जामुन नीचे गिर जायें।फिर नीचे गिरे जामुनों को बच्चे इकट्ठा करते हैं और उसे सब मिलकर खाते हैं। अम्मा ने अपना माथा पीट लिया। फिर उसकी दुल्हन को बहुत डांट पड़ी। रोहित उसका मूड ठीक करने के लिए ही बाहर घुमाने ले आया था। वह बोला, यह तो बड़ा सरप्राइज है कि तुम पेड़ पर चढ़ जाती हो। अब तुम भी मेरा मजाक उड़ा लो। माँ के गुजरने के बाद मेरे घर में कोई महिला नहीं थी। मैं अपने दोनों भाइयों के साथ बड़ी हुई हूँ। इसलिए मुझे लड़कों वाले खेल पसंद हैं।... रुआँसी होती हुई वह बोली। तभी रोहित के मोटरसाइकिल को एक ऑटो वाले ने धक्का मार दिया। वह गिर पड़ा। साथ में उसकी दुल्हन भी। रोहित के पैर में ज्यादा चोट आई थी। वह खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। अब घर कैसे जाएंगे?... वह परेशान था।

तो एक और सरप्राइस के लिए तैयार हो जाओ।... कह कर उसकी दुल्हन मोटरसाइकिल के ड्राइवर वाली सीट पर बैठ गई और मोटरसाइकिल स्टार्ट कर उसे अपने पीछे वाली सीट पर बैठने के लिए इशारा करने लगी। रोहित मुस्कुरा उठा...असली सरप्राइज उसे अब मिला था।


रंजना वर्मा उन्मुक्त



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## महाराष्ट्र में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न



मुंबईः महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस एक-दूसरे को मिठाई खिलाते हुए, जबकि डिप्टी सीएम अजीत पवार शनिवार, 23 नवंबर, 2024 को मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति गठबंधन की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान देखते हैं।

# बिहार में एनडीए की जीत पर भाजपा कार्यालय में मना जश्न

एजेंसी। पटना (आईएएनएस)




बिहार उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशियों की जीत के बाद बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में जमकर जश्न मनाया गया। इस जीत की खुशी में मिठाइयां बांटी गईं और लोगों ने एक दूसरे को जीत की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी की। बता दें कि बिहार की चार सीटों पर हुए उपचुनाव में सभी सीटें एनडीए के खाते में गई हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने इस जीत को लेकर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने सेमीफाइनल जीता, फाइनल भी जीतेंगे। दरअसल, उनका इशारा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की ओर है। उन्होंने इस जीत का श्रेय केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं की मेहनत को देते हुए कहा कि यह परिणाम सही मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के समर्पित भाव से किए गए मेहनत का परिणाम है। उन्होंने एनडीए में शामिल सभी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया और जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जनादेश वर्तमान एनडीए सरकार के कार्यों पर मुहर है। उपचुनाव की जीत को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की जीत बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व को जनता ने फिर से मुहर लगाई है। उनकी सरकार में किए गए कार्यों को जनता ने स्वीकारा है, जिसका यह परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह देवतुल्य कार्यकर्ताओं का समर्पण एवं जनता के भरोसे की जीत है। बिहार के मंत्री जायसवाल ने कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि राजद एक भी सीट नहीं ला सकी। उन्होंने कहा कि बिहार में भी मतदाताओं ने परिवारवादी पार्टियों और भ्रष्टाचारी पार्टियों को पूरी तरह नकार दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा के पक्ष में नारे लगाए।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मंत्री मंगल पांडेय सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बिहार में हुए उपचुनावों में एनडीए की जीत की घोषणा के बाद पटना में शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई देते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय।

# यह विकास और सुशासन की जीत है, महाराष्ट्र के चुनावी नतीजों पर बोले पीएम

एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महायुति की जीत को लेकर महाराष्ट्र की जनता का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने इसे विकास और सुशासन की जीत बताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एकजुट होकर हम और ऊंची उड़ान भरेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संबंध में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने आधिकारिक हैंडल पर पोस्ट किया। पोस्ट में पीएम ने कहा, यह विकास की जीत है। यह सुशासन की जीत है। एकजुट होकर हम और भी ऊंची उड़ान भरेंगे! एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए महाराष्ट्र की मेरी बहनों और भाइयों, विशेषकर राज्य के युवाओं और महिलाओं को हार्दिक आभार। यह स्नेह और गर्मजोशी अद्वितीय है। उन्होंने आगे कहा, मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि हमारा गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। वहीं, अंत में प्रधानमंत्री ने जय महाराष्ट्र के साथ अपने पोस्ट को समाप्त किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए परिश्रम की भी सराहना की। उन्होंने कहा, मुझे जमीन पर उनके प्रयासों के लिए प्रत्येक एनडीए कार्यकर्ता पर गर्व है। उन्होंने कड़ी मेहनत की, लोगों के बीच गए और हमारे सुशासन के एजेंडे को विस्तार से बताया। उन्होंने उपचुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए कहा, एनडीए के जन-समर्थक प्रयास सर्वत्र गूंज रहे हैं। मैं विभिन्न उप-चुनावों में एनडीए उम्मीदवारों को आशीर्वाद देने के लिए विभिन्न राज्यों के लोगों को धन्यवाद देता हूं। हम उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### महाराष्ट्र विस चुनाव में एमवीए के कई दिग्गज नेता पराजित ईवीएम पर फोड़ा ठीकरा

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के कई दिग्गज नेता या तो चुनाव हार गए हैं, या फिर मतगणना में पीछे चल रहे हैं। महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले साकोली विधानसभा क्षेत्र में कांटे की टक्कर में सिर्फ 529 मतों से विजयी घोषित किए गए हैं। इसके मद्देनजर एमवीए के नेताओं ने अब ईवीएम पर ठीकरा फोड़ना शुरू कर दिया है।शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि चुनाव परिणाम अकल्पनीय है। जो चुनाव परिणाम आया है, उसका वे स्वागत करते हैं। यह परिणाम महाराष्ट्र की जनता के लिए अपच है, यह सीधे-सीधे महाराष्ट्र के किसानों को उनकी उपज का भाव नहीं मिल रहा है, महंगाई बढ़ी हुई है ऐसे में इस तरह का परिणाम आ ही नहीं सकता। यह ईवीएम की जीत है। कांग्रेस नेता बालासाहेब थोरात ने कहा कि यह परिणाम अविश्वसनीय है।

### महाराष्ट्र में 'विचार की विरासत' को मिला आशीर्वाद : सुधांशु त्रिवेदी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों में 'महायुति' के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताई। सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि अभी तक महाराष्ट्र के जो नतीजे दिख रहे हैं, वह शानदार तरीके से भारतीय जनता पार्टी और 'महायुति' के पक्ष में हैं। भाजपा यहां पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती दिखाई दे रही है। भाजपा सांसद ने कहा कि यह जो चुनाव था, इसमें इस बात का भी निर्णय होना था कि 'विचार की विरासत' को जनादेश मिलेगा, या 'परिवार की विरासत' को। महाराष्ट्र की जनता ने बहुत साफ कर दिया है कि उन्होंने 'विचार की विरासत' को आशीर्वाद दिया है, जो विचार को छोड़कर 'परिवार की विरासत' दावा करते थे, उनको खारिज किया है।

# बिहार उपचुनाव में चारों सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत

एजेंसी। पटना (आईएएनएस)

**महागठबंधन की हुई करारी हार**

बिहार में चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में महागठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा है। रामगढ़, तरारी, इमामगंज और बेलागंज क्षेत्र में विधानसभा उपचुनाव की मतगणना पूरी हो गई है। चारों सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, बेलागंज विधानसभा उपचुनाव में जदयू की मनोरमा देवी ने राजद के विश्वनाथ कुमार सिंह को 21391 मतों से हराकर राजद का तीन दशक पुराना गढ़ ढहा दिया। तरारी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पहली बार जीत दर्ज की। बाहुबली नेता सुनील पांडेय के पुत्र विशाल प्रशांत ने सीपीआई माले के राजू यादव को 10,612 मतों से हराया। गया जिले की इमामगंज में भी केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी ने अपने परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए राजद के रोशन मांझी को 5945 मतों से हराया। यहां जन सुराज के जितेंद्र पासवान को तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा। पासवान को 37,103 मत प्राप्त हुए। रामगढ़ में भाजपा के अशोक सिंह ने बसपा के सतीश उर्फ पिंटू यादव को कड़े मुकाबले में 1362 मतों से हराया। यहां राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे एवं सांसद सुधाकर सिंह के भाई अजीत सिंह तीसरे नंबर पर रहे। अपनी हार को देखते हुए मतगणना हॉल से वे बीच मे ही निकल गए। उल्लेखनीय है कि बिहार की चार सीटों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ के मतदाताओं ने 13 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इस उपचुनाव को आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है। दोनों ही गठबंधन के लिए यह उपचुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ है। इस उप चुनाव में 38 उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## यूपी की नौ सीटों में एनडीए ने जीती सात

**लखनऊ (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीटों के उपचुनाव में भाजपा-नीत राजग ने सात सीटें जीती हैं। इसमें से छह पर भारतीय जनता पार्टी और एक सीट पर राजग के घटक दल रालोद ने जीत हासिल की। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के हिस्से की कुंदरकी और कटेहरी सीट भी जीत ली। इन दोनों सीटों पर नया इतिहास लिखा गया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा व रालोद प्रत्याशी के पक्ष में पांच दिन में 15 चुनावी कार्यक्रम किए थे। योगी ने फूलपुर, मझवा, खैर व कटेहरी में दो-दो रैली कीं। गाजियाबाद में भी मुख्यमंत्री ने एक रैली व एक रोड शो कर कमल को फिर से खिलाने की अपील की। कुंदरकी व मीरापुर में भी योगी की रैली हुई। इसका असर यह हुआ कि कुंदरकी में भाजपा ने जीत हासिल की।

## मुख्यमंत्री योगी आज अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन को करेंगे संबोधित

एजेंसी। गोरखपुर (हि.स.)



उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में आयोजित हो रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार (24 नवंबर) को प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। इस वर्ष यह पुरस्कार श्रवण दिव्यांगजनों में कौशल विकास व शिक्षा के माध्यम से जीवन उद्देश्य और उत्साह उत्पन्न करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए महाराष्ट्र के ठाणे के दीपेश नायर को दिया जा रहा है। गोरखपुर में चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में अभाविप की संगठनात्मक संरचना के अनुसार देशभर के 44 प्रांतों तथा मित्र राष्ट्र नेपाल से पंद्रह सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में शिक्षा, समाज, पर्यावरण, संस्कृति आदि विषयों पर देशभर से आए विद्यार्थी, प्राध्यापक तथा शिक्षाविद विमर्श कर रहे हैं।

## दिल्ली में फिर बढ़ा प्रदूषण, एक्यूआई 420 के पार

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)

दिल्ली की वायु गुणवत्ता फिर खतरनाक श्रेणी में पहुंच गई है। शनिवार सुबह राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक 420 दर्ज किया गया, जो कि 'गंभीर' श्रेणी में आता है। दिल्ली के 38 निगरानी स्टेशनों में से 9 स्टेशनों पर एक्यूआई 450 से अधिक रिकॉर्ड किया गया।

शनिवार को शादीपुर में एक्यूआई 436, आरके पूरम में 422, नॉर्थ कैंपस 416, मंदिर मार्ग में 414, आया नगर में 390, पूसा में 396, मुंडका में 453, द्वारका में 440, वजीरपुर में 465, अशोक विहार में 452, चांदनी चौक में 428 एक्यूआई दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता में गुरुवार को अनुकूल हवा की स्थिति के कारण थोड़े समय के लिए सुधार हुआ था, लेकिन शुक्रवार शाम वायु गुणवत्ता में गिरावट शुरू हो गई, जो 'गंभीर' श्रेणी के करीब पहुंच गई। शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में पिछले 22 दिनों से खतरनाक वायु प्रदूषण की स्थिति है। दिल्ली का एक्यूआई 30 अक्टूबर को 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंचा और 15 दिनों स्थितियों में सुधार नहीं हुआ।

## पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने सभी छह सीटों पर दर्ज की जीत

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने क्लीन स्वीप किया है। टीएमसी ने सभी छह सीटों क्रमशः सिताई, मदारीहाट, नैहाटी, हरोआ, मेदिनीपुर और तलदांगरा पर जीत का परचम लहरा है। इन सभी सीटों पर 13 नवंबर को मतदान हुआ था और 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए गए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने उम्मीदवारों की जीत से गदगद हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "मां-माटी-जनता को विनम्र हृदय से प्रणाम। जय बांग्ला।

## राजस्थान की सात में से पांच पर भाजपा एक पर बीएपी और एक पर कांग्रेस जीती

**जयपुर।** राजस्थान उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रिकॉर्ड जीत हासिल की है। प्रदेश की सात सीटों पर हुए उपचुनाव में से पांच सीटें - झुंझुनूं, खींवसर, देवली-उनियारा, सलूंबर, रामगढ़ भारतीय जनता पार्टी ने जीती हैं। एक सीट चौरासी पर भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) और दौसा में कांग्रेस के दीनदयाल बैरवा जीते हैं। यहां भाजपा ने रीकाउंटिंग की मांग की है। इस सीट पर मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा ने भाजपा उम्मीदवार के तौर पर अपनी किस्मत आजमाई। खींवसर से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रतन चौधरी की जमानत जब्त हो गई है। खींवसर में हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल को भाजपा के रेवंतराम डांगा ने 13 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है। इसी तरह, सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के आखिरी राउंड में बाजी पलट गई और भाजपा की शांता मीना ने जीत दर्ज की। शांता ने बीएपी प्रत्याशी जितेश कुमार कटारा को शिकस्त दी है।

## जगदीश टाइटलर के खिलाफ अब दो दिसंबर को दर्ज होंगे गवाहों के बयान

**सिख विरोधी दंगा**

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)



पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा मामले में भीड़ को उकसाने का है आरोप

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में शनिवार को वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा के आरोपी जगदीश टाइटलर के खिलाफ दर्ज मामले में गवाह मनमोहन कौर नहीं पहुंच सकीं। कोर्ट ने मनमोहन कौर और दो पूर्व पुलिसकर्मियों को अपने बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किया है। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने गवाहों के बयान आगामी 2 दिसंबर को दर्ज करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान जगदीश टाइटलर कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। सीबीआई ने बताया कि गवाह मनमोहन कौर को बयान दर्ज करने के लिए समन तामील नहीं हो सका। सीबीआई ने मनमोहन कौर के अलावा दो पूर्व पुलिसकर्मियों धर्म चंद्रशेखर और रवि शर्मा को समन जारी करने की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने तीनों गवाहों को 2 दिसंबर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। विगत 12 नवंबर को इस मामले की शिकायतकर्ता लखविंदर कौर का क्रास-एग्जामिनेशन किया गया था। जगदीश टाइटलर की ओर से अनिल कुमार शर्मा ने इस मामले की शिकायतकर्ता लखविंदर कौर का क्रास-एग्जामिनेशन किया। 3 अक्टूबर के इस मामले में शिकायतकर्ता लखविंदर कौर ने अपना बयान दर्ज कराया था। लखविंदर कौर ने कहा था कि ग्रंथी सुरेंदर सिंह ने उन्हें बताया कि उनके पति बादल सिंह की गुरुद्वारा पुलबंगश के पास भीड़ ने हत्या कर दी। जगदीश टाइटलर उस भीड़ को उकसा रहे थे और कह रहे थे कि सिखों को मार दो, उजाड़ दो, गुरुद्वारा को आग लगा दो।

### संविधान दिवस पर युवाओं की पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे मनसुख मंडाविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया संविधान दिवस (26 नवंबर) के उपलक्ष्य में 25 नवंबर को 'माय भारत' युवा स्वयंसेवकों के साथ 'मेरा संविधान, मेरा स्वाभिमान' विषय पर नई दिल्ली में पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक पदयात्रा 25 नवंबर को सुबह 08:00 बजे मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू होगी और कर्तव्यपथ एवं इंडिया गेट जैसे स्थलों से होते हुए वापस स्टेडियम में समाप्त होगी। इस मार्च में केंद्रीय मंत्रियों, संसद सदस्यों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। पदयात्रा का उद्देश्य संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देना और युवाओं के बीच लोकतंत्र की प्रस्तावना और सिद्धांतों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

## पंजाब में आम आदमी पार्टी ने जीती तीन सीटें कांग्रेस के खाते में आई एक

**चंडीगढ़।** पंजाब में चार विधानसभा हलकों में हुए उपचुनाव के बाद शनिवार को आए परिणाम में तीन सीटों पर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने जीत दर्ज की है। जबकि, एक सीट पर विपक्षी दल कांग्रेस को जीत मिली है। हालांकि, लोकसभा चुनाव से पहले तीन सीटों पर कांग्रेस और एक पर आम आदमी पार्टी थी। शिरोमणि अकाली दल ने यह उपचुनाव नहीं लड़ा था, जबकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को इसमें करारी हार का सामना करना पड़ा है।



# पर्थ टेस्ट : दूसरी पारी में भारत की मजबूत शुरुआत

# राहुल, जयसवाल ने 20 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में की सबसे बड़ी साझेदारी

- दोनों ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए भारत को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया
- यशस्वी जायसवाल शतक से 10 रन दूर

**एजेंसी । पर्थ**

यहां पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई है। दोनों ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए भारत को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया है। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने बिना किसी नुकसान के 172 रन बना लिये हैं। यशस्वी जायसवाल शतक से केवल 10 रन दूर हैं और 90 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि केएल राहुल ने भी शानदार अर्धशतक लगाते हुए 62 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की कुल बढ़त 218 रनों की हो गई है। ऑस्ट्रेलिया को 104 रनों पर समेटने के बाद भारत को यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। हालांकि पिच भी पहली पारी की अपेक्षा दूसरी पारी में सपाट दिखी, जिसका भारतीय बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया। अब तक दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी हो चुकी है।



### ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 रनों पर सिमटी बुमराह ने 5 विकेट लिये

इससे पहले जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 104 रनों पर समेट दिया है। बुमराह ने 5 विकेट लिए। इसी के साथ पहली पारी के आधार पर भारत को 46 रनों की बढ़त मिली गई है। भारतीय टीम पहली पारी में केवल 150 रनों पर सिमट गई थी। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टॉर्क ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। स्टॉर्क के अलावा एलेक्स कैरी ने 21, ट्रैविस हेड ने 11 और मेकस्विनी ने 10 रन बनाए।

### भारत ने पहली पारी में बनाए 150 रन

इससे पहले मैच में भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पूरी टीम केवल 150 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से नीतीश रेड्डी ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। नीतीश के अलावा ऋषभ पंत ने 37 और केएल राहुल ने 26 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड ने 4, मिचेल स्टॉर्क, पैट कमिंस और मिचेल मॉर्श ने 2-2 विकेट लिए।

## सुनील गावस्कर ने फर्जी लेख पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी

**नई दिल्ली** । भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एक क्रिकेट वेबसाइट पर उनके नाम से लेख लिखे जाने का पुरजोर खंडन किया है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। वेबसाइट क्रिकेट सेप्शन ने शुक्रवार शाम को "नेतृत्व में एक नया युगः बुमराह की कप्तानी और कोहली के नेतृत्व ने टीम इंडिया को पुनर्जीवित किया" शीर्षक से एक कॉलम प्रकाशित किया, जिसमें झूठा दावा किया गया कि यह पूर्व कप्तान द्वारा लिखा गया था। गावस्कर ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर इस मुद्दे को संबोधित किया, एक वीडियो साझा किया जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लेख से कोई संबंध नहीं है और इसे तुरंत हटाने की मांग की। क्रिकेट के दिग्गज ने वेबसाइट से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने को भी कहा, चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 20वीं झारखंड राज्य सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

### राज्य से 300 खिलाड़ी और अधिकारी ले रहें है हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 20वी झारखण्ड राज्य सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता शनिवार को द विलेज रिसोर्ट में शुरू हुई। इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन संत माइकल स्कूल के डायरेक्टर डॉ रुपेश कुमार और राकेश कुमार ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने झारखण्ड में लोकप्रिय होते इस खेल और सिल्ली के खिलाड़ियों की उपलब्धि के बारे अपने उदगार व्यक्त किये। इस अवसर पर झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के सचिव शैलेन्द्र दुबे, कोषाध्यक्ष रत्नेश कुमार गुप्ता,दीपक गोप तथा वाहिद अली आदि उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता का आयोजन सिल्ली वुशु अकेडमी और रांची जिला वुशु एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में और खेल कूद विभाग के सहयोग से किया जा रहा है।

### आज की प्रतियोगिता के विभिन्न दो वर्गों के परिणाम

- **21 किलोग्राम भार वर्ग** : एंजेल तिर्की -गोल्ड, दीपिका सोय- सिल्वर,
- **24 किलोग्राम भार वर्ग** : आरुषि कुमारी -गोल्ड, अतिफा नूरानी -सिल्वर और अदिति कुमारी को ब्रॉज मिला। इस प्रतियोगिता का समापन रविवार अपराह्न 3.30 बजे होगा।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी चयनित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 25 से 29 नवंबर तक महासमुंद छत्तीसगढ़ में आयोजित हो रहे हैं । 68वीं अंडर - 14 राष्ट्रीय स्कूली हैंडबॉल बालक/ बालिका प्रतियोगिता लिए रातु हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर से नौ बालक /बालिका खिलाड़ियों का चयन झारखंड अंडर - 14 हैंडबॉल टीम में किया गया है। ये खिलाड़ी झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ी हैंडबॉल प्रशिक्षक विष्णु कुमार के देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इनके चयन होने पर रातु हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर के सभी खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## चैंपियंस ट्रॉफ़ी के आयोजन को आईसीसी ने बुलाई आपात बैठक

**दुबई।** आईसीसी ने 26 नवम्बर को अपनी बोर्ड की आपात बैठक बुलाई है, जिसमें 2025 चैंपियंस ट्रॉफ़ी पर चर्चा की जाएगी। ईएसपीएन क्रिकइंफो को यह जानकारी मिली है कि बैठक का एकमात्र एजेंडा यह है कि क्या टूर्नामेंट के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाया जाए, जिसमें पाकिस्तान और किसी अन्य देश में इसे आयोजित किया जाए। टूर्नामेंट की संभावित शुरुआत से 100 दिन से भी कम समय बचा है। मेज़बान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसे 19 फ़रवरी से 9 मार्च तक आयोजित करने के लिए निर्धारित किया है।

## आईपीसी ने डोपिंग-रोधी मामले में इराकी पैरा पावरलिफ्टर थायर पर प्रतिबंध लगाया

**एजेंसी । बॉन (जर्मनी)**

अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) ने डोपिंग-रोधी नियम उल्लंघन (एडीआरवी) करने के लिए इराक के पैरा पावरलिफ्टिंग एथलीट थायर अल अली पर दो साल का प्रतिबंध लगाया है, जो आईपीसी एंटी-डोपिंग कोड (कोड) का उल्लंघन है। स्वतंत्र एंटी-डोपिंग ट्रिब्यूनल (ट्रिब्यूनल) की सुनवाई के बाद प्रतिबंध का निर्धारण किया गया, जिसके पास कोड के तहत कथित एडीआरवी को सुनने और निर्धारित करने का अधिकार क्षेत्र है। इराकी एथलीट ने दुबई 2023 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में प्री-टेस्टिंग कार्यक्रम के हिस्से



के रूप में 19 अगस्त 2023 को प्रतियोगिता से बाहर दिए गए मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थों के लिए प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष (एएएफ) लौटाए।

प्रतिबंधित पदार्थ हाइड्रोक्लोरोथियाजाइड और इसके मेटाबोलाइट और क्लोरोथियाजाइड और इसके मेटाबोलाइट थे। ये पदार्थ विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की 2023 की प्रतिबंधित सूची में एस5 मूत्रवर्धक और मास्किंग एजेंट वर्ग के अंतर्गत शामिल हैं। वे दोनों कोड के प्रयोजनों के लिए निर्दिष्ट पदार्थों के रूप में सूचीबद्ध हैं। शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में आईपीसी ने बताया कि एथलीट को उसके मामले के समाधान तक 23 अक्टूबर 2023 को आईपीसी द्वारा अंतिम रूप से निलंबित कर दिया गया था। एथलीट ने आईपीसी द्वारा प्रस्तावित परिणामों का विरोध किया और न्यायाधिकरण की सुनवाई का अनुरोध किया। सुनवाई के बाद, न्यायाधिकरण ने आईपीसी द्वारा एथलीट के खिलाफ लगाए गए एडीआरवी आरोपों को बरकरार रखा और आईपीसी द्वारा अनुरोधित परिणामों को पूरी तरह से लागू किया।

## संतोष ट्रॉफी: ओडिशा ने छत्तीसगढ़ को हराकर फाइनल राउंड में जगह बनाई

**एजेंसी । अमृतसर**

ओडिशा ने शनिवार को जीएनडीयू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में छत्तीसगढ़ को 4-1 से हराकर ग्रुप एफ क्वालीफायर से संतोष ट्रॉफी के लिए 78वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। ओडिशा ने तीन टीमों के ग्रुप में दोनों मैच जीतकर छह अंक हासिल किए। उन्होंने 10 गोल किए और दो खाए। ओडिशा ने शुरुआत में ही आक्रामक शुरुआत की और चौथे मिनट में पहला गोल किया। हमेशा की तरह शानदार स्ट्राइकर रोशन पन्ना ने शुरुआती बढ़त हासिल की और दाएं से क्रॉस भेजने से पहले कुछ डिफेंडरों को चकमा दिया। जीतू मुदुली, जो अंदर इंतजार कर रहे थे, ने एक चतुर हेडर के साथ गोल किया। ओडिशा के एक और उल्लेखनीय आक्रमणकर्ता कार्तिक हंतल ने 39वें मिनट में दूसरा गोल किया। ओडिशा ने दूसरे हाफ में प्रतिद्वंद्वी गोल पर लगातार हमले जारी रखे और 53वें मिनट में अपना तीसरा गोल किया, जब कार्तिक हंतल ने जवाबी हमले का पूरा फायदा उठाते हुए अपने व्यक्तिगत स्कोर में दूसरा गोल किया। वह छत्तीसगढ़ के खाली बॉक्स में दौड़े और गोल कर दिया। अगला गोल कुछ मिनट बाद हुआ। मुदुली और पन्ना ने डिफेंस को साफ करने के लिए आपस में खेला, लेकिन बाद में पन्ना ने गोल कर दिया।

## महिला हॉकी की झारखंड टीम सिंकदराबाद रवाना



**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

14वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 के लिए झारखंड टीम सिंकदराबाद रवाना हुई। उक्त टीम को खेल विभाग के सौजन्य से खिलाड़ियों को खेल किट, ट्रैक सूट, जर्सी दी गई। उक्त सभी खिलाड़ियों को हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह, खेल विभाग झारखंड के अधिकारियों तथा हॉकी झारखंड परिवार के द्वारा शुभकामनाएं देते हुए टीम को रवाना किया गया। महिला टीम में श्रुति कुमारी, पुष्पा मांझी, शिवानी खलखो, गुलजन कुमारी, सुगन सांगा, पुष्पा डांग, एस्तेर होरो, रजनी बारला, जमुना कुमारी,अनुप्रिया सोरेंग, रीना कुल्लू, फुलमनी हेमरोम, लियोनी हेमरोम, संगीता कुमारी, स्नेहलता बारला, थेक्ला होरो, सुकरमनी मुंडू व प्रीति बारला शामिल हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत की गिग फर्मे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह से तैयार : सीतारमण

**एजेंसी**

**बेंगलुरू।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एक आयोजन में कहा कि क्विक कॉमर्स जैसे भारतीय इनोवेशन समय के साथ अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी व्यापार क्षेत्र में सबसे बड़े प्लेयर की कैटेगरी में शामिल हो सकते हैं। वित्त मंत्री ने कई क्षेत्रों में एक मजबूत 'भारत ब्रांड' का आह्वान किया। उन्होंने पारंपरिक खुदरा व्यापार की चुनौतियों का भी जिक्र किया और कहा कि इन चुनौतियों से उभरने के लिए मदद की जरूरत है। बेंगलुरू में इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित 8वें इंडिया आइडियाज कॉन्क्लेव में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत की स्टार्ट-अप और गिग इकोनॉमी इकाइयां उस इनोवेशन का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसकी भारत क्षमता रखता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा देश को स्टार्टअप और गिग इकॉनमी यूनिट का लाभ उठाना चाहिए। ताकि आधुनिक शहरी जरूरतों के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशन डेस्टिनेशन के रूप में 'ब्रांड इंडिया' की स्थापना की जा सके। वित्त मंत्री ने क्विक कॉमर्स को भारत में तेजी से बढ़ता उपभोक्ता इंटरनेट सेक्टर बताया। उन्होंने कहा कि क्विक कॉमर्स से जुड़ी कंपनियों ने माल की फास्ट डिलीवरी के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क डेवलप किए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में भारत फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) होना चाहिए, जो यूएस-एफडीए के समान मानक निर्धारित कर सके और दवा निर्माण के निर्यात में तेजी लाने में मदद कर सके। उन्होंने कहा, "यूएस एफडीए की तरह ही, हमें भी वैश्विक मानकों वाला भारत एफडीए होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने देश के पर्यटन को नया दृष्टिकोण देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत के टॉप 100 टूरिस्ट सेंटर में उस साइट के आर्किटेक्चर के डिजिटल सेल्फ-लर्निंग प्रोग्राम चलाए जाने की जरूरत है।




# भारतीय उद्योग जगत हाई-टेक सनराइज सेक्टर पर दें अधिक ध्यान : पीयूष गोयल

**एजेंसी । बेंगलुरु**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्राइवेट सेक्टर से आग्रह किया कि वे इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए सरकार के 1 लाख करोड़ रुपये के फंड के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहनों का लाभ उठाएं। उन्होंने प्राइवेट सेक्टर से कहा है कि वो हाई टेक्नोलॉजी और सनराइज सेक्टर में निवेश बढ़ाने पर ध्यान दें। इंडिया आइडियाज कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश की 'विकसित भारत' की यात्रा में रिसर्च और इनोवेशन प्रमुख स्तंभ बने हुए हैं। पीयूष गोयल ने कहा कि डीप टेक और सनराइज डोमेन में प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये के फंड की घोषणा की है। यह फंड इनोवेशन को बढ़ावा देने को लेकर महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, "मैं उद्योगों से आग्रह करता हूं कि वे एकैडमिक भागीदारी के साथ पब्लिक-प्राइवेट मोड में महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इनोवेशन को बढ़ाने के लिए इस फंड का लाभ उठाएं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भारत आर्थिक विकास को पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ देखते हुए सस्टेनेबल ट्रेड प्रैक्टिस और ग्रीन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल ने कहा, "रिन्यूवेबल एनर्जी लक्ष्यों को आगे बढ़ाते हुए, देश ने 2030 के लिए निर्धारित 500 गीगावाट लक्ष्य में से 200 गीगावाट पहले ही हासिल कर लिया है। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था के मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे पर भी प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "आज, भारत एक असाधारण बदलाव के शिखर पर गर्व, लचीलापन और दृढ़ संकल्प के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है।

*आज, भारत एक असाधारण बदलाव के शिखर पर गर्व, लचीलापन और दृढ़ संकल्प के साथ खड़ा है*



### भारत के निर्यात का भविष्य उज्ज्वल

केंद्रीय मंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब देश का बाहरी क्षेत्र बेहतर दिख रहा है। आरबीआई के नवीनतम मासिक बुलेटिन के अनुसार, भारत के निर्यात का भविष्य उज्जवल है क्योंकि पिछले कुछ महीनों की धीमी वृद्धि के बावजूद, देश प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग वस्तुओं के वैश्विक व्यापार में हिस्सेदारी हासिल कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, "भारत वर्तमान में पेट्रोलियम उत्पादों में वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 13 प्रतिशत या छठा हिस्सा रखता है।

## निर्यात में वृद्धि से भारत की सी-फूड और वाइन इंडस्ट्री में जबरदस्त तेजी : केंद्र

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को कहा कि भारत के प्रीमियम सी-फूड और वाइन इंडस्ट्री में जबरदस्त वृद्धि हुई है। इसमें अकेले सी-फूड निर्यात का मूल्य 7.3 बिलियन डॉलर और मात्रा 17.81 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। ब्रसेल्स में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में, वाइन और सी-फूड में भारत की प्रगति को बिजनेस लीडर्स, ट्रेड बॉडीज, मरीन फूड आयातकों सरकारी व्यापार एजेंसियों और राजनयिक समुदाय के सदस्यों के आगे प्रदर्शित किया गया। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह एग्रीकल्चरल एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी (एपीईडीए) और मरीन प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमपीईडीए) के सहयोग से आयोजित किया गया था। बेल्जियम, लक्जमबर्ग और यूरोपीय संघ (ईयू) में भारत के राजदूत सौरभ कुमार ने सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने में इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने भारत के गतिशील व्यापारिक परिदृश्य और यूरोपीय संघ के साथ इसकी बढ़ती साझेदारी, विशेष रूप से सी-फूड और वाइन सेक्टर के बारे में बात की।

## भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते से 100 अरब डॉलर का आएगा निवेश, 99.6 प्रतिशत बढ़ेगा निर्यात

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सरकार ने शनिवार को कहा कि व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) देशों में बाजार पहुंच के साथ भारतीय निर्यात में 99.6 प्रतिशत की वृद्धि करने और 100 अरब डॉलर का निवेश बढ़ाने की क्षमता है। शुक्रवार को वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल के नेतृत्व में नॉर्वे की यात्रा के दौरान यह बात कही गई। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, वाणिज्य सचिव ने नॉर्वे के उद्योग के लिए कई बड़े अवसरों पर प्रकाश डाला, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था अगले तीन-चार वर्षों में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। बर्थवाल ने नॉर्वे के व्यापार, उद्योग और मत्स्य पालन मंत्रालय के राज्य सचिव टॉमस नोरवेल से मुलाकात की।



## देश में विधानसभा चुनाव 'खत्म', भारतीय शेयर बाजार स्थिरता की ओर हो रहा है अग्रसर

**एजेंसी । मुंबई**

अधिकांश राज्यों में विधानसभा चुनाव समाप्त हो चुके हैं। शेयर बाजार में स्थिरता आ सकती है क्योंकि आने वाले महीनों में वित्त वर्ष 2025 के पूंजीगत व्यय लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकारी खर्च में सुधार होगा। यह जानकारी शनिवार को बाजार विशेषज्ञों ने दी। शुक्रवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों ने मौजूदा सप्ताह के नुकसान की भरपाई की। सेंसेक्स इस सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 1,961.32 अंक या 2.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,117.11 पर बंद हुआ और निफ्टी 557.35 अंक या 2.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,907.25 पर बंद हुआ। वित्तीय शेयरों में तेजी और मजबूत अमेरिकी श्रम बाजार के आंकड़े उन कारकों में से थे, जिन्होंने सेंसेक्स और निफ्टी को 2 प्रतिशत से अधिक ऊपर पहुंचाया। शुक्रवार के कारोबार में ब्लू-चिप बैंक शेयरों में तेजी ने भी बेंचमार्क सूचकांकों को उछालने में मदद की।



# लातेहार में खिला कमल 434 वोट से हारे पूर्व मंत्री

**- महागठबंधन प्रत्याशी बैद्यनाथ राम के साथ कड़ी टक्कर में अंतिम राउंड में निकला फैसला**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी प्रकाश राम और महागठबंधन प्रत्याशी बैद्यनाथ राम के बीच झारखंड विधानसभा चुनाव के मतगणना के बीच रोमांचक मुकाबला चला। दोपहर तक परिणाम आने पर संघर्ष के राही प्रकाश राम अंततः विजय हासिल की। इसके साथ ही लातेहार विधानसभा क्षेत्र से दोबारा चुनाव जीतने का मिथक नहीं टूट पाया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी बैद्यनाथ राम चुनाव जीतते-जीतते हार गए, वह दोबारा विधायक नहीं बन सके। प्रथम चक्र से बढ़त बनाए जेएमएम प्रत्याशी बैद्यनाथ राम अंतिम राउंड में जाकर 434 वोट से पिछड़ गए। अगर पूरे परिणाम की बात करें तो भाजपा के प्रकाश राम को 98,062 मत मिला। जेएमएम के बैद्यनाथ राम को 97,628 मिला। अंततः भाजपा के प्रकाश राम ने 434 मत से चुनाव जीतने के बाद प्रकाश राम सुकून महसूस किए।



## यह जीत जनता की है : प्रकाश राम

भाजपा के नव निर्वाचित विधायक प्रकाश राम ने इस जीत का श्रेय क्षेत्र की जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कहा कि संघर्ष उनकी पहचान है। राज्य में प्रतिद्वंदी महागठबंधन की सरकार बन जाने के बाद कहा कि अब जनता के सवाल को लेकर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष चलेगा। बताते चले की लातेहार के नव निर्वाचित विधायक प्रकाश राम तीन बार चुनाव जीत चुके बैद्यनाथ राम की बराबरी कर ली है। इस जीत के पहले भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम 2005, 2014 में लातेहार विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हो चुके हैं।



हम अपनी हार स्वीकार करते हैं और कहां चुक हुई है इसका हम लोग मंथन करेंगे और आने वाले दिनों में हम और मेहनत करेंगे और झारखंड में हमारी सरकार बन रही है और लोगों को लाभ मिला कहीं ना कहीं लातेहार विधानसभा के लोगों को और हेमंत सरकार में रहे मंत्री बैद्यनाथ राम का जो कार्य था वह नहीं समझ पाए लातेहार जिले के मतदाताओं को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

**मोतीलाल शाहदेव, जिला अध्यक्ष, झारखंड मुक्ति मोर्चा।**

# कांग्रेस के रामचंद्र सिंह की लगातार दूसरी जीत

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** मनिका विधानसभा में लगातार दूसरी बार भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा है। मनिका भाजपा प्रत्याशी हरेकृष्णा सिंह बड़े अंतर से चुनाव हार गए। मनिका विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह को 74946 मत मिला वहीं हरिकृष्ण सिंह को 58092 मत मिला। रामचंद्र सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के हरिकृष्ण सिंह को हरा कर 16854 मत से चुनाव जीते। मनिका विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक रामचंद्र सिंह ने अपनी जीत का श्रेय आम जनता और अपने कार्यकर्ताओं, संगठन के लोगों को दिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास ही उनका एकमात्र लक्ष्य होगा। दरअसल मनिका विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह लगातार दूसरी बार चुनाव जीते हैं। इस बार उन्होंने भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह को 16854 से मतों से हराया है। मनिका विधानसभा के कांग्रेस के नव निर्वाचित रामचंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह जीत सिर्फ उनकी नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता और उनके कार्यकर्ताओं की भी है। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहयोग से ही यह जीत हासिल हुई है। रामचंद्र सिंह ने कहा कि लातेहार जिले का मनिका विधानसभा क्षेत्र काफी पिछड़ा इलाका माना जाता था, परंतु उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में जो विकास किया उसे देखकर ही जनता ने उन्हें दोबारा मौका दिया है। रामचंद्र सिंह ने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में मनिका विधानसभा क्षेत्र के सभी जनता को बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा



## सरकार की योजनाओं को जनता ने सराहा : रामचंद्र सिंह

कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सरकार ने झारखंड में जो विकास कार्य किया उसे जनता ने भारी बहुमत देकर सराहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने झारखंड राज्य में इंडिया गठबंधन को एक बार फिर से बहुमत देकर यह साबित कर दिया है कि यहां झारखंड का भला चाहने वाले को ही जगह मिलेगी। मंत्री बनाए जाने की संभावना के सवाल पर रामचंद्र सिंह ने कहा कि यह विशेष अधिकार पूरी तरह मुख्यमंत्री के पास होता है। मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेवारी सौंपी जाएगी उसे वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।



'मैं चुनाव जरूर हारा हूं, लेकिन मैदान नहीं। हमारा संघर्ष जारी रहेगा और मैं जनता के हितों के लिए हमेशा संघर्ष करता रहूंगा। जब मुझसे पूछा गया कि चूक कहां हुई, तो मैं भावुक हो गया। अभी इस पर कुछ कहने के बजाय, हम मंथन करेंगे।'

**हरे कृष्ण सिंह, भाजपा प्रत्याशी, मनिका विधानसभा क्षेत्र।**

# विश्रामपुर में कमल मुरझाया, लालटेन जला




**विश्रामपुर**

| | | |
|---|---|---|
| राजद नरेश प्रसाद सिंह | 74338,32.34 प्रतिशत | |
| भाजपा रामचंद्र चंद्रवंशी | 59751, 25.99 प्रतिशत | |
| बसपा राजन मेहता | 24272, | 10.56 प्रतिशत |
| कांग्रेस सुधीर कु चंद्रवंशी | 2679 | 1.17 प्रतिशत |
| सपा अंजू सिंह | 21808 | 9.49 प्रतिशत |
| मनोज कुमार रवि | 800 | 0.35 प्रतिशत |
| विनीत कुमार | 759 | 0.33 प्रतिशत |
| सिराजुद्दीन खान | 5381 | 2.31 प्रतिशत |
| सुदीप्त कुमार शर्मा | 1191 | 0.52 प्रतिशत |
| अनिल मिस्त्री | 839 | 0.37 प्रतिशत |
| जागृति दुबे | 18009 | 7.38 प्रतिशत |
| पुष्परंजन | 3598 | 1.57 प्रतिशत |
| ब्रहम्देव प्रसाद | 4946 | 2.15 प्रतिशत |
| मंसूरूफ अहमद खान | 3190 | 1.39 प्रतिशत |
| महावीर सिंह चंद्रवंशी | 1796 | 0.78 प्रतिशत |
| राजीव रंजन पांडेय | 4179 | 1.82 प्रतिशत |
| लक्ष्मण साव | 1496 | 0.65 प्रतिशत |
| नोटा | 892 | 0.39 प्रतिशत |

**विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से लंबे समय के बाद राजद का लालटेन जलाने में नरेश प्रसाद सिंह कामयाब हो गए। विश्रामपुर विधानसभा में लगातार दो बार से जीत दर्ज करने वाले राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी को इस बार राजद के नरेश सिंह ने मात दे दी। नरेश प्रसाद सिंह ने 14587 वोट से रामचंद्र चंद्रवंशी को हरा कर पहली बार विधायक बने हैं।**

## जनता की उम्मीदों को पूरा करेंगे: नरेश सिंह

विश्रामपुर से पहली बार विधायक बने नरेश प्रसाद सिंह ने कि उन्हें लगातार क्षेत्र में जनता का सेवा करने का फल मिला है। वहा जनता का सेवा करने के लिए हमेशा समर्पित रहते थें। जनता ने जिस उम्मीद से उन्होंने विधायक उनकी उम्मीदों को निश्चित रूप से पूरा करेंगे।

### हार के बाद बोले भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी : 'सबक लेकर जनता के लिए करूंगा बेहतर काम'



विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी ने हार के बाद अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा जनता के बीच रहा हूं और आगे भी उनकी सेवा करता रहूंगा।' इस हार से सीख लेकर मैं और बेहतर काम करूंगा, ताकि जनता के हित में सकारात्मक बदलाव ला सकूं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे अपने क्षेत्र की जनता के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

# लंबे समय के बाद छत्तरपुर विस में कांग्रेस ने वापसी की



**छत्तरपुर विधान सभा**

| प्रत्याशी का नाम | टोटल वोट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| राधाकृष्ण किशोर | 71857 | 36.52 प्रतिशत |
| पुष्पा देवी | 71121 | 36.15 प्रतिशत |
| चंचला देवी | 4058 | 2.06 प्रतिशत |
| विजय कुमार | 20963 | 10.65 प्रतिशत |
| अवधेश राम | 1054 | 0.54 प्रतिशत |
| कन्हाई राम | 591 | 0.3 प्रतिशत |
| प्रीति राज | 1065 | 054 प्रतिशत |
| ममता भुइंया | 4594 | 2.34 प्रतिशत |
| अनिल मांझी | 852 | 0.34 प्रतिशत |
| कामेश्वर पासवान | 904 | 0.46 प्रतिशत |
| चंद्रमा कुमारी | 3403 | 1.73 प्रतिशत |
| राजेश रौशन | 2444 | 1.24 प्रतिशत |
| लक्ष्मी रवि | 4649 | 2.36 प्रतिशत |
| संदीप कुमार | 6159 | 3.13 प्रतिशत |
| नोटा | 3026 | 1.54 प्रतिशत |

छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस राधाकृष्ण किशोर चुनाव जीतने में सफल रहे। लंबे समय के बार कांग्रेस इस विधानसभा क्षेत्र में वापसी की है। किशोर ने कड़े मुकाबले में भाजपा के पुष्पा देवी को 736 वोटों से हार दिया। राधाकृष्ण किशोर इससे पूर्व भी कई बार इस विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हैं। राज्य सरकार में अल्पकाल के मंत्री भी बने थे।

## जनता की आवाज विधानसभा में बनेंगे: किशोर

छतरपुर से नव निर्वाचित विधायक राधाकृष्ण किशोर ने कहा छतरपुर की जनता ने उनके कंधों पर जो जिम्मेवारी दी है। उसे वह जरूर पूरा करेंगे। पिछले पांच सालों में इस विधानसभा क्षेत्र में विकास ठहर गया था। वह नए सिरे से छतरपुर को गढ़ने का प्रयास करेंगे। जनता की आवाज विधानसभा में बनेंगे।



अपनी हार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पाटन छतरपुर विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल एवं चुनाव के दौरान अपना शतड्ढप्रतिशत दिया। चुनाव में हार जीत लगी रहती है। जनता के बीच हमेशा उपलब्ध रहूंगी।

# केवल एक घर को मिला नलजल योजना का कनेक्शन

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत विश्रामपुर देवी मंडप के पास ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति के लिए लगे नलजल योजना खोखला साबित हो रहा है। ग्रामीण जीतेन्द्र कुमार सिंह जीवन, लवकुश सिंह, वीरेंद्र सिंह, जसीब उरांव, सुखी उरांव, पदारथ सिंह, पवन सिंह, मुकेश सिंह, पुनु उरांव, अरविन्द सिंह, प्रवीण सिंह, नवल सिंह, उमेश सिंह, महेंद्र सिंह गौकरण सिंह, बिनोद उरांव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि देवी मंडप विश्रामपुर से ब्राम्हनटोली तक जल योजना 2022 - 23 के तहत ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति के लिए घर-घर कनेक्शन देना था परन्तु यहां संवेदक की धांधली से मात्र एक घर भुनेश्वर उरांव के घर कनेक्शन दिया गया है। एक घर के अलावे किसी को अब तक कनेक्शन नहीं दिया गया है। सोलर जलमिनार से गांव में पानी सफलाई के लिए लगाए गए पम्प कई जगह फटा हुआ है। ग्रामीणों को पानी मिले या नहीं लेकिन गांव में सफलाई के लिए लगाए गए पम्प फटे रहने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बेकार में बर्बाद हो रहा है। सरकार लाखो रुपए खर्च कर जल-नल योजना के तहत लोगों को पेयजल आपूर्ति के लिए सोलर जल मीनार लगाया है लेकिन संवेदक के मनमानी के कारण योजना खोखला साबित हो रहा है। इधर सिबला पंचायत के पूरनासिबला स्थित दिले उरांव के घर के पास लगे जलनल योजना के तहत सोलर जलमीनार पिछले कई माह से खराब पड़ा हुआ है लेकिन सुधि लेने वाला कोई नहीं है। मुखिया सुरेश उरांव द्वारा संवेदक को जानकारी दिया गया लेकिन अब तक कोई असर नहीं हुआ। पिछले कई माह से जलमिनार खराब रहने के कारण लोगों को दूर दूर से पेयजल आपूर्ति करना पड़ रहा है।

# कांग्रेस की जीत पर समर्थकों में दिखा उत्साह

**महुआडांड़।** मनिका विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने जीत हासिल की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के हरे कृष्णा सिंह को 16829 वोट से हराया। कांग्रेस के रामचंद्र सिंह को 74483 मत, जबकि भाजपा के हरे कृष्णा सिंह को 57654 वोट मिले रामचंद्र सिंह को राजनीति का लंबा अनुभव रहा है। चौक-चौराहों और गांव-गांव में समर्थकों की भीड़ जश्न मनाने में जुटी है। रामचंद्र सिंह की यह बढ़त जनता के विश्वास और उनकी मेहनत का प्रतीक मानी जा रही है। समर्थकों का कहना है कि यह जीत



विकास और क्षेत्र की बेहतरी के लिए जनता के समर्थन का परिणाम है। मनिका विधानसभा में 16829 वोटों की ऐतिहासिक बढ़त ने इस चुनाव को यादगार बना दिया है। मनिका विधानसभा क्षेत्र के महुआडांड़ प्रखंड में शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह की जीत पर कार्यकर्ताओं के बीच जश्न का महौल देखा गया। मतगणना के आखरी राउंड में जीत के करीब पहुंचते देख कर प्रखंड के मुख्य बाजार के शास्त्री चौक में कांग्रेस कार्यकर्ता जुटने लेगे, हाथों में पार्टी का झंडा लेकर नारे सड़कों पर उतरे और जम का आतिशबाजी की। मिठाईयां भी बांटी गयी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता रानू खान, भानू प्रसाद, संदीप गुप्ता, अजय प्रसाद, राकेश कुमार, मकबूल अहमद, शहीद खान, सद्दाम खान समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### हेमत सरकार जीत शानदार...

राज्य में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ था। इस बार झारखंड चुनाव में लड़ाई प्रमुख रूप से इंडी गठबंधन और एनडीए के बीच रहा। इंडी गठबंधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद और लेफ्ट की पार्टियां शामिल हैं। वहीं, एनडीए में भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा (रा) शामिल हैं।

**चंपाई और सीपी सिंह 7वीं बार हुए विजयी : पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई** सोरेन और रांची के विधायक सीपी सिंह की बादशाहत इस विधानसभा चुनाव में भी बरकरार रही। दोनों नेताओं ने सातवीं बार जीत हासिल की। रांची सीट से सीपी सिंह ने झामुमो की महुआ माजी को एकबार फिर हराया। उन्होंने महुआ माजी को 21,949 मतों के अंतर से पराजित किया। वहीं, प्चंपाई सोरेन ने भी सातवीं बार जीत हासिल की। उन्होंने सरायकेला सीट से झामुमो के गणेश महली को 20 हजार से अधिक मतों से हराया

**हेमंत व कल्पना सोरेन पर मतदाताओं ने जताया विश्वास :** झारखंड विधानसभा के इस चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन पर मतदाताओं ने खूब विश्वास जताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विधायक कल्पना सोरेने की आक्रामक रणनीति के साथ ही इंडी गठबंधन ने न केवल स्थानीय मुद्दों पर फोकस किया, बल्कि क्षेत्रीय दलों की एकता और भाजपा की रणनीतिक कमजोरियों पर भी ध्यान दिया। और, इससे गठबंधन अच्छा प्रदर्शन कर पाया। इस प्रदर्शन ने झारखंड में इंडी गठबंधन को नई ताकत दी है। हेमंत सोरेन की कुशल राजनीति तथा उनकी लोकप्रिय व जनकल्याणकारी योजनाएं झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना तथा बिजली बिल माफी ने झारखंड में पुनः जीत दिलाने में कारगर साबित हुई है।

### जीत के बाद...

महिलाओं और नौजवानों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जितने भी लोग चुनावी मैदान में थे, सभी को आभार। अबुआ राज अबुआ सरकार का इतिहास झारखंड में गढ़ने जा रहे हैं। पहली बार ऐसा चुनाव देखा लोकतंत्र की परीक्षा हमने पास की। सीएम ने प्रधानमंत्री के बधाई देने पर उनका शुक्रिया अदा किया।झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि महिलाओं ने इस चुनाव में साथ दिया यह साफ दिख रहा है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी की ओर से राज्य की जनता को आभार व्यक्त करते है। वहीं, राजद के झारखंड प्रभारी जय प्रकाश यादव ने कहा, आज का दिन एतिहासिक है, जहर उगलने वाली पार्टी को जनता ने सबक सिखाया है।

### राज्य की जनता...

दिनों में इसकी समीक्षा करेंगे। ज्ञात हो कि बाबूलाल मरांडी धनवार सीट विजयी हुए हैं। उन्होंने इस सीट पर झामुमो के उम्मीदवार निजामुद्दीन अंसारी को शिकस्त दी है। वहीं, झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम पर आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जनता के जरिये दिए जनादेश का हम सम्मान करते हैं और हेमंत सोरेन जी को बधाई देते हैं। हम अपने दल और एनडीए के अंदर इस चुनाव परिणाम की समीक्षा करेंगे।

### यह जीत संविधान...

झारखंड के लोगों का इंडिया गठबंधन को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकताओं को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में गठबंधन की यह जीत संविधान के साथ जल-जंगल-जमीन की रक्षा की जीत है। महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित हैं और इनका हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे। प्रदेश के सभी मतदाता भाई-बहनों को उनके समर्थन और सभी कार्यकताओं को उनकी मेहनत के लिए धन्यवाद।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm


Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## लॉस एंजेल्स : कैलिफोर्निया में बच्चे में एच5एन1 बर्ड फ्लू संक्रमण की हुई पुष्टि

**लॉस एंजेल्स ।** अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने कैलिफोर्निया के एक बच्चे में एच5एन1 बर्ड फ्लू के संक्रमण की पुष्टि की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में किसी बच्चे में एवियन इन्फ्लूएंजा एच5एन1 वायरस संक्रमण का यह पहला मामला है। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के अनुसार बच्चे में कथित तौर पर इसके हल्के लक्षण दिखाई दिए। बच्चे को अमेरिका में पहले से पहचाने गए मानव मामलों के अनुरूप तैयार की गई फ्लू एंटीवायरल दवा दी गई। वहीं, अब बच्चा इस बीमारी से उबर रहा है।

## एलन मस्क ने नेपाल के प्रधानमंत्री से स्टारलिंक संचालन की अनुमति मांगी



**काठमांडू।** सैटेलाइट के जरिए दुनिया भर में इंटरनेट उपलब्ध कराने की योजना में रहे एलन मस्क ने नेपाल में भी इसके संचालन के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसके लिए खुद मस्क ने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया है। एलन मस्क ने शुक्रवार की देर रात प्रधानमंत्री ओली से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इस विषय पर बातचीत की। इस बारे में जानकारी साझा करते हुए प्रधानमंत्री ओली ने एक्स पर कहा कि एलन मस्क और उनके बीच नेपाल में स्टारलिंक के जरिए इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने पर बातचीत हुई।

## टेक्सास में प्राइमरी स्कूलों के लिए बाइबल-आधारित पाठ्यक्रम को मंजूरी

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े राज्य टेक्सास के राज्य शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को एक नए पाठ्यक्रम को मंजूरी दे दी। इसके तहत राज्य भर के प्राइमरी स्कूल में बाइबल की शिक्षा दी जाएगी। मीडिया रिपोट्स के मुताबिक टेक्सास राज्य शिक्षा बोर्ड ने पाठ्यक्रम को 8-7 से पारित कर दिया । शिक्षा बोर्ड पर निर्वाचित रिपब्लिकन का नियंत्रण है। 'ब्लूबोनेट लर्निंग' नामक पाठ्यक्रम को अगस्त 2025 तक लागू किया जा सकता है। स्कूल के लिए पाठ्यक्रम को लागू करना अनिवार्य नहीं है, लेकिन जो स्कूल ऐसा करेंगे, उन्हें राज्य से अतिरिक्त धनराशि मिलेगी। इस पाठ्यक्रम को लेकर लोगों की राय बंटी हुई है।

### पीटीआई के संस्थापक इमरान खान की सरकार विरोधी रैली आज

# इस्लामाबाद किले में हुआ तब्दील

एजेंसी । इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद को किले में तब्दील कर दिया गया है। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक इमरान खान द्वारा रविवार को घोषित एक बड़ी सरकार विरोधी रैली के लिए कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। अराजकता और हिंसा की आशंका को देखते हुए, सत्तारूढ़ सरकार ने राजधानी की ओर जाने वाली सभी सड़कों को शिपिंग कंटेनरों से ब्लॉक कर दिया है। अतिरिक्त अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है और कम से कम दो महीने के लिए धारा 144 लागू कर दी है, जिससे इस्लामाबाद में किसी भी सार्वजनिक सभा पर प्रतिबंध लग गया है। नवीनतम जानकारी के अनुसार, इस्लामाबाद की ओर जाने वाले कम से कम 37 मार्गों को ब्लॉक कर दिया गया है। छह मोटरवे को यातायात के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

राजधानी के रेड जोन को सुरक्षित करने के लिए पाकिस्तानी सेना को बुलाया गया है, जिसमें राजनयिक एन्क्लेव, संसद, राष्ट्रपति भवन, पाकिस्तान का सर्वोच्च न्यायालय, विदेश कार्यालय और अन्य सरकारी भवन शामिल हैं। इस्लामाबाद और रावलपिंडी में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं सस्पेंड कर दी गई हैं। साथ ही, पब्लिक ट्रांसपोर्ट सर्विस भी निलंबित कर दी गई हैं।प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी को भी राजधानी में अशांति फैलाने की इजाजत नहीं दी जाएगी और उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीटीआई का विरोध प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहा है, जब बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको की 25 नवंबर से शुरू होने वाली पाकिस्तान यात्रा से पहले बेलारूस से 60 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को इस्लामाबाद पहुंचने वाला है।




**सड़कें ब्लॉक, इंटरनेट-मोबाइल सर्विस बंद, सेना को बुलाया गया**

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एक साल से अधिक समय से जेल में हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के सदस्यों और समर्थकों से बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरने और उनकी रिहाई की मांग करते हुए राजधानी में विरोध प्रदर्शन करने की अपील की है। पार्टी का दावा है कि खान को मनगढ़ंत और झूठे मामलों में जेल में डाला गया है। उनकी रिहाई के अलावा, पीटीआई 8 फरवरी के आम चुनाव में गड़बड़ी के खिलाफ और 26वें संविधान संशोधन को रद्द करने की भी मांग कर रही है, जो मौजूदा सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल सैयद असीम मुनीर और अन्य के लिए कार्यकाल बढ़ाने का रास्ता साफ करता है। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पंजाब सरकार ने भी प्रांत में धारा 144 लागू कर दी है और पीटीआई समर्थकों और नेताओं को हिंसा फैलाने की कोशिश करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। पीटीआई का कहना है कि वह रविवार के विरोध प्रदर्शन करके रहेगी। हालांकि, पार्टी के भीतर स्पष्ट विभाजन दिखाई देता है, जिसमें कई सदस्य संभावित गिरफ्तारी, दमन और हिंसा के बारे में चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय अभियान 'नई चेतना : पहल बदलाव की' का शुभारंभ कल

- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह नई दिल्ली में करेंगे तीसरे संस्करण का शुभारंभ
- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी करेंगी शिरकत

एजेंसी । नई दिल्ली




केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आगामी 25 नवंबर को नई दिल्ली में आकाशवाणी के रंग भवन सभागार में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ राष्ट्रीय अभियान, 'नई चेतना - पहल बदलाव की' के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। लिंग आधारित हिंसा को खत्म करने की दिशा में सरकार के सामूहिक प्रयास के इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शिरकत करेंगी। एक माह तक चलने वाले इस अभियान का आयोजन ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) द्वारा किया जा रहा है, जो सभी भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 23 दिसंबर 2024 तक चलेगा। डीएवाई-एनआरएलएम के देशभर में फैले स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) नेटवर्क के नेतृत्व में यह पहल जन आंदोलन की भावना का प्रतीक है। यह अभियान 'संपूर्ण सरकार' दृष्टिकोण की भावना में एक सहयोगात्मक प्रयास है और इसमें 9 मंत्रालय एवं विभाग भाग लेंगे। इसमें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, गृह मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, युवा मामले और खेल मंत्रालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और न्याय विभाग भाग लेंगे।

नई चेतना अभियान का उद्देश्य जमीनी स्तर की पहल के माध्यम से लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और लक्षित कार्रवाई को बढ़ावा देना है। अपनी स्थापना के बाद से, नई चेतना ने देश भर में लाखों लोगों को संगठित किया है, जिससे लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण आंदोलन को बढ़ावा मिला है।

## पाकिस्तान में सांप्रदायिक हिंसा 18 की मौत, 30 घायल, कुर्रम अटैक के बाद बिगड़े हालात



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के कुर्रम जिले में स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है। सांप्रदायिक हिंसा में कई लोगों की मौत हो गई है। सरकार और पुलिस शांति बहाल करने की कोशिशों में लगी हुई है। डॉन डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक ताजा झड़पों में 18 और लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक यह हिंसा गुरुवार को हुए घातक हमले के बाद हुई है, जब कुर्रम के घनी आबादी वाले बागान शहर में लगभग 200 वाहनों के काफिले पर भारी गोलीबारी की गई। बताया जा रहा है कि काफिले में अधिकतर शिया यात्री थे। हमले में कम से कम 43 लोग मारे गए थे और 16 अन्य घायल हो गए थे। यह काफिला पेशावर और पाराचिनार शहर के बीच यात्रियों को ले जा रहा था, जो कि अफगानिस्तान सीमा के निकट कुर्रम जिले में है, जहां सांप्रदायिक हिंसा और भूमि विवादों का इतिहास रहा है।

डॉन डॉट कॉम के अनुसार कुर्रम के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) जावेदउल्ला महसूद ने कहा कि इलाके में शांति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पेरू की राष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे के साथ सीएमजी का विशेष साक्षात्कार

**बीजिंग।** पेरू की राष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे ने हाल ही में चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) की संवाददाता के साथ एक विशेष साक्षात्कार स्वीकार किया। इस साक्षात्कार में, उन्होंने पेरू की यात्रा के लिए चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग का गर्मजोशी से स्वागत किया। शिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग संगठन (एपेक) नेताओं की 31वीं अनौपचारिक बैठक के मेज़बान देश के रूप में, राष्ट्रपति डीना बेलुआर्ट ने कहा कि उन्हें बहुपक्षीय मंचों के माध्यम से वैश्वीकरण में विश्वास बढ़ाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, बडी संख्या में अर्थव्यवस्थाओं के अनुभव और विकास पथ अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को बताते हैं कि दुनिया के देश अलग-थलग द्वीप नहीं हैं। उनका मानना है कि चीन एपेक की 21 अर्थव्य वस्थाओं के बीच आर्थिक आदान- प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि चीन एपेक में अग्रणी व नेतृत्व भूमिका निभाता है।

## 'भारत को जानिए' क्विज में जरूर हिस्सा लें : पीएम मोदी

**विदेश में रहने वाले भारतीयों से पीएम की अपील**

एजेंसी । नई दिल्ली



*यह क्विज भारत और दुनिया भर में फैले इसके प्रवासियों के बीच संबंधों को और गहरा करती है। यह हमारी समृद्ध विरासत और जीवंत संस्कृति को फिर से खोजने का एक शानदार तरीका भी है।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विदेश में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों को 'भारत को जानिए' क्विज में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। इसका उद्देश्य देश और विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के बीच रिश्ते को मजबूत करना है।
सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी ने पोस्ट किया, हमें अपने प्रवासी समुदाय के साथ रिश्तों को मजबूत बनाना है! विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदाय और अन्य देशों के मित्रों से भारत को जानिए क्विज में भाग लेने की अपील करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा, यह क्विज भारत और दुनिया भर में फैले इसके प्रवासियों के बीच संबंधों को और गहरा करती है। यह हमारी समृद्ध विरासत और जीवंत संस्कृति को फिर से खोजने का एक शानदार तरीका भी है। उन्होंने यह भी बताया कि विजेताओं को 'अतुल्य भारत के चमत्कारों' का अनुभव करने का मौका मिलेगा। पीएम मोदी ने गुयाना में भी अपनी हालिया यात्रा के दौरान भारतीय प्रवासियों से क्विज में भाग लेने अपील की। उन्होंने कहा कि यह लोगों के लिए भारत और उनकी जड़ों को समझने का एक अवसर है, जो देश के मूल्यों, संस्कृति और विविधता में अंतर्निहित हैं। विदेश मंत्री (ईएएम) एस जयशंकर ने 11 नवंबर को पांचवी 'भारत को जानिए' क्विज का वर्चुअली शुभारंभ किया था। क्विच का पांचवां संस्करण 11 नवंबर से 11 दिसंबर तक ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। इसमें दो श्रेणियों के तहत भाग लिया जा सकता है। पहली श्रेणी है प्रवासी भारतीय का तथा दूसरी श्रेणी है 14 से 50 वर्ष की आयु के भारतीय मूल के व्यक्ति/विदेशी नागरिकों का। 'भारत को जानिए' क्विज में 30 सवाल होंगे और प्रतिभागियों को प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने के लिए 30 सेकेंड का समय मिलेगा। क्विज के टॉप 30 स्कोरर, (प्रत्येक श्रेणी में 15), को दो सप्ताह की 'भारत को जानें' यात्रा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। वे 08-10 जनवरी 2025 तक भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस में भी भाग लेंगे। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, 13वें प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के दौरान पीएम मोदी की घोषणा के बाद 2015 में इस क्विज की शुरुआत हुई थी।

## एजुकेशन/करियर

# डिजिटल क्षेत्र में होगी जॉब की बहार, जमकर मिलेंगी नौकरियां!



अपनी रुचि के मुताबिक कौन सा कोर्स करें या कौन सी फील्ड ज्वॉइन करें जिससे जॉब मिलने की संभावना में बढ़ोत्तरी हो। हालांकि मार्केट ट्रेंड के बारे में बहुत जोरदारी से कुछ नहीं कहा जा सकता लेकिन पिछले सालों के ट्रेंड और डिमांड को देखते हुए कुछ फील्ड्स का नाम लिया जा सकता है, जहां अच्छी नौकरी मिलने की पॉसिबिलटी है। आज ऐसी ही कुछ जॉब्स के बारे में जानते हैं, जो डिमांड में रह सकती हैं।

- **डिजिटल मार्केटिंग स्पेशलिस्ट :** आज का समय डिजिटल मार्केटिंग का है, ये कहना गलत नहीं होगा। जितना प्रमोशन इस माध्यम से हो जाता है, उतना किसी और से नहीं होता। ऐसे में अगर रुचि हो तो आप इस फील्ड में करियर बना सकते हैं। ये वेबसाइट और दूसरे ऑनलाइ प्लेटफॉर्म से डिफरेंट बिजनेस के लिए ट्रैफिक लाते हैं। इनकी एनुअल सैलरी 5 से 13 लाख तक हो सकती है।
- **क्लाउड डेवलेपर :** ये वो प्रोफेशनल होते हैं जो क्लाउड सॉल्यूशंस के लिए काम करते हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है। यहां ज्वॉइन करने के समय से ही अच्छी सैलरी मिलती है। एवरेज सैलरी साल के नौ-दस लाख से लेकर 23 – 25 लाख तक हो सकती है। ये आईबीएम, डेल, बीएमसी जैसी कंपनियों के साथ काम करते हैं।
- **ब्लॉकचेन डेवलेपर/इंजीनियर :** ब्लॉकचेन को आने वाले समय का करियर कहा जाए तो गलत नहीं होगा। ये वो इंजीनियर होते हैं जो ब्लॉकचेन नेटवर्क्स के लिए प्लेटफॉर्म डिजाइन करते हैं, डेवलेप करते हैं और जहां जरूरी होता है सपोर्ट देते हैं। इनकी एवरेज सैलरी 10 से 12 लाख के बीच हो सकती है। एक्सपीरियंस के बाद ये बढ़िया कमाते हैं।
- **डाटा एनालिस्ट :** आज का युग डाटा का है। इसे संभालना उससे भी कठिन काम है। कंपनियां ऐसे प्रोफेशनल्स को हायर करना पसंद करती हैं जो न केवल उनका डाटा संभाल पाएं बल्कि उसे व्यवस्थित भी कर पाएं और चोरी आदि से बचा पाएं। इस फील्ड में भी बढ़िया करियर बन सकता है। यहां एवरेज सैलरी 10 से 11 लाख साल हो सकती है।
- **कंटेंट क्रिएटर :** बढ़ते डिजिटल मीडिया के इस्तेमाल के साथ ही कंटेंट क्रिएटर्स डिमांड में आ गए हैं। हर किसी को अपने प्रोडक्ट के लिए कंटेंट चाहिए जो ऑथेंटिक हो। तो आप क्रिएटिव हैं तो इस फील्ड को ज्वॉइन कर सकते हैं। यहां शुरुआती सैलरी साल के 4-5 लाख से लेकर बाद में 7-8 लाख तक हो सकती है।
- **प्रोडक्ट मैनेजर :** ये वो प्रोफेशनल होते हैं जो किसी प्रोडक्ट के डेवलेप होन से लेकर उसके डिस्ट्रिब्यशन तक जुड़े रहते हैं। इनकी आजकल बहुत डिमांड है। इस फील्ड में एक्सपीरियंस होने के बाद साल के 15- 16 लाख रुपये तक आसानी से कमाए जा सकते हैं।